फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 73 प्रभात जयपुर, गुरुवार 13 अक्टूबर , 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

ARBIT



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

A Royal Dussehra With Full Attendence — The Rajput shastra pooja has it's procedures to celebrate the devoted, symbol and shastra.

TECHNOLOGY: Stick To 4G For Now

PET-LIFE: How To Train Your Cat — Just like dogs, cats need support to adjust to living alongside us.



*युनिवर्सिटी ऑफ नैब्रास्का-लिंकन (यू.एन.एल.) की एक टीम ने हाल ही में स्पॉटेड हायना (चित्तीदार हायना) की ''व्हूपिंग'' (हू-हू की आवाज़) का विश्लेषण किया। टीम ने साउथ वैस्टर्न कीनिया के मसाईमारा घास के मैदानों (सवाना) से प्राप्त फील्ड आब्ज़र्वेशन्स एवं फील्ड से रिकॉर्ड किए गए ऑडियो क्लिप्स पर मशीन लर्निंग एल्गॉरिद्म लागू करके यह विश्लेषण किया। इससे पता चला कि, हरेक हायना की आवाज में एक खासियत होती है जिससे एक हायना को दूसरे से अलग किया जा सकता है। स्पॉटेड हायना के झुंड पदानुक्रम पर बनते हैं जो कि सामाजिक ''रैंक'' पर निर्भर करती हैं। लेकिन झुण्ड में कई परिवार होते हैं जो नियमित तौर पर रोज एक साथ आते हैं और सवाना में बिखर जाते हैं, इसलिए विशिष्ट जानवर को पहचानने की क्षमता विशेषरुप से महत्वपूर्ण होती है। शोध लेखक कैना लेमन ने कहा कि, हायना अपने झुंड के हरेक सदस्य के साथ एक जैसा व्यवहार नहीं करते। इसलिए अगर वे किसी के सामने जाना या किसी की मदद करना चाहते हैं तो उन्हें यह भी जानना होता है कि वो किसकी मदद कर रहे हैं। अफ्रीकी सवाना जंगलों में सैकड़ों हायना की आवाजें रिकॉर्ड करके तथा उनका विश्लेषण करके डॉ. लेमन व उनके सहयोगियों ने हायना की आवाज़ में तीन प्रमुख प्रवृतियों की पहचान की, जिससे हायना को एक दूसरे को पहचानने में मदद मिलती है, जैसे, आवाज की अवधि, उच्चतम आवृति, और आवाज के बीच में औसत आवृति जो ज्यादा देर तक बनी रहती है। उनके विश्लेषण के अनुसार इन लक्षणों में जितनी अधिक विसंगति होती है, उतनी ज्यादा संभावना होती है कि हायना आवाज़ के स्रोतों में अंतर कर सकेंगे और विशिष्ट आवाज़ों को पहचान सकेंगे। तथापि, चूँकि ध्वनि की बारीकियाँ, कई कारणों से ट्रांसमिशन के समय खो जाती हैं, जैसे, जंगल में हवा बारिश या अन्य जानवरों की आवाज का शोर आदि, इसलिए ''व्हूपिंग'' को दोहराना आवश्यक हो जाता है। डॉ. लेमन ने कहा कि, इन जानवरों में यह समझ है कि संदेश पहुंचाने के लिए बार-बार बोलना जरुरी है। हर बार आवाज सुनने पर थोड़ी ज्यादा जानकारी मिल सकती है। यह शोध जर्नल प्रोसीडिंग्स ऑफ द रॉयल सोसायटी में छपा है।*

# शांति धारीवाल, महेश जोशी व धर्मेन्द्र राठौड़ दिल्ली क्यों गये?

## यह तो पहले ही मालूम था कि, कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव का नतीजा घोषित होने तक कोई भी महत्वपूर्ण कार्यवाही नहीं होगी, तो, दिल्ली जाने का क्या मकसद था?

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 अक्टूबर। यह कहानी है कि मास्टरमांइड अशोक गहलोत ने बिना किसी बात के किस प्रकार से एक मुद्दा बनाकर पूरे राजस्थान में यह संकेत दिया है कि सब कुछ ठीक चल रहा है और उनके निकटस्थ साथियों के खिलाफ चल रही अनुशासनात्मक कार्यवाही का मुद्दा सुलझ गया है।

कुछ बिकाऊ मीडिया में यह खबर आई कि शांति धारीवाल, महेश जोशी और धर्मेन्द्र राठौड़ जिन्हें नोटिस दिए गए थे, को अपना स्पष्टीकरण देने के लिए दिल्ली बुलाया गया है। अब प्रश्न यह है कि इन लोगों को दिल्ली किसने बुलाया?

- **अनुशासन समिति के अध्यक्ष ए.के. एंटनी केरल में हैं। सोनिया गांधी शिमला गयी हुई हैं तथा प्रियंका गांधी उनके साथ हैं और राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के अंतर्गत कर्नाटक में हैं।**
- **अतः इन तीनों नेताओं में से किसको स्पष्टीकरण सुनाना चाहते थे, राजस्थान के तीनों महारथी।**
- **और, अब ये तीनों नेता गुरूवार को जयपुर लौट जायेंगे। अतः दिल्ली यात्रा से इन तीनों ने क्या अर्जित किया?**
- **क्या यात्रा का मकसद था, पार्टी के कार्यकर्ताओं को राजस्थान में यह मैसेज देना कि, इन तीनों के खिलाफ चल रहा अनुशासनहीनता का मामला अब शांति से सलट गया है।**

सोनिया गांधी शिमला में हैं और प्रियंका गांधी भी वहीं हैं। राहुल गांधी कर्नाटक में हैं। अनुशासनात्मक कार्यवाही कमेटी के चेयरमैन ए.के. एंटनी केरल में हैं। इन लोगों के मामले की सुनवाई करने वाला फिलहाल कोई भी दिल्ली में नहीं है।

अतः ये लोग किससे मिलने आए थे और उन्हें क्या हासिल हुआ।

देखने से ही लगता है कि यह एक प्रकार की कहानी गढ़ने के अलावा कुछ नहीं है कि सब कुछ ठीक चल रहा है और इन लोगों को कुछ नहीं होगा। यही वह कथानक है जिसे अशोक गहलोत को अपने विधायकों को लामबंद रखने के लिए गढ़ना है। जो तीनों नेता आज दिल्ली में थे, वे कल जयपुर लौट जाएंगे।

जब यह निर्णय किया जा चुका है कि कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव और उसका परिणाम घोषित हो जाने ते कांग्रेस में कुछ नहीं होगा, तो फिर इन तीन जनों ने दिल्ली का दौरा क्यों किया?

इस संदर्भ में आगे के तमाम प्रश्नों का रूख अशोक गहलोत की ओर कर देना चाहिए।

# कश्मीर के मुख्य चुनाव अधिकारी के आदेश से राजनीतिक दलों में काफी हड़कम्प

## आदेश के अनुसार, जो व्यक्ति साल भर से ज्यादा समय से वहां रह रहे हैं, उन्हें आवास का प्रमाण पत्र देकर मतदान का अधिकार दिया जायेगा

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 अक्टूबर। भाजपा सरकार ने जम्मू के राजस्व अधिकारियों को एक आधिकारिक आदेश के जरिए दिशा निर्देश देकर परेशानी खड़ी कर दी है। इस आदेश में अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे क्षेत्र में एक वर्ष से अधिक समय तक रह रहे लोगों को आवास प्रमाण पत्र जारी करें और उन्हें वोटर्स के रूप में पंजीकृत करें।

गत अगस्त माह में जम्मू एवं कश्मीर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरिदेश कुमार ने यह बयान जारी कर हंगामा मचा दिया था कि इस केन्द्र शासित प्रदेश को प्रवासी मजदूरों और सुरक्षा बलों के जवानों जैसे वर्गों सहित 25 लाख वोटर्स और मिल सकेंगे।

जम्मू तथा कश्मीर में अगले वर्ष की शुरुआत में संभावित विधानसभा चुनावों से पूर्व चुनाव आयोग द्वारा उठाए जाने वाले कदमों के राजनीतिक मायने हैं।

- **इस आदेश की अनुपालना से कश्मीर में लगभग 25 लाख वोटर जुड़ जायेंगे।**
- **जम्मू में, विशेषकर भाजपा के परम्परागत वोटर, डोगरा, सिख व कश्मीरी हिन्दुओं को और मजबूती मिलेगी, क्योंकि नये मतदाता, जो अधिकतर ''माइग्रैन्ट लेबर'' व सेना आदि के सुरक्षाकर्मी हैं, प्रायः भाजपा की विचार धारा के प्रति सहानुभूति रखते हैं।**
- **कश्मीर के पुराने स्थानीय नेता फारूख अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती व गुलाम नबी आज़ाद ने इस आदेश की निंदा की है और मतदान मतपत्रों को राजनीतिक साजिश बताया।**

मतदाता पंजीकरण के नए मार्गदर्शक बिंदु जम्मू के लोगो, डोगरा, सिख या कश्मीरी हिन्दू, जो भाजपा के पारम्परिक समर्थक हैं, के राजनीतिक को प्रभावित कर सकते हैं।

उम्मीद है कि चुनाव आयोग की अधिसूचना जे. एण्ड के. विधानसभा चुनावों में वोटर्स का धार्मिक आधार पर जबर्दस्त ध्रुवीकरण करेगी। आज़ाद की पार्टी की एंट्री से जम्मू में भाजपा का काम सधने की संभावना है क्योंकि क्षेत्र में कई राजनीतिक खिलाड़ियों की उपस्थिति से भाजपा को बढ़त मिलेगी।

यह भी उम्मीद है कि इस अधिसूचना से गुजरात और हिमाचल के आगामी चुनावों और उनके बाद अगले वर्ष कर्नाटक, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान सहित अन्य राज्यों के विधानसभा चुनावों में भाजपा को चुनावी बढ़त मिल सकती है।

क्षेत्र की जनसांख्यिकी को बदलने के कदमों पर चिंता प्रकट करते हुए नैशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारुख अब्दुल्ला ने जम्मू व कश्मीर के लोगों का आव्हान किया कि वे मतपेटी में होने वाले षड़यंत्रों का विफल करें।'' पी.डी.पी. की नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने इस अधिसूचना को क्षेत्र में केन्द्र के ''औपनिवेशिक आवासन प्रोजैक्ट'' की दिशा में पहला कदम करार दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने नवीनतम अधिसूचना के जरिए जम्मू और कश्मीर क्षेत्रों के बीच क्षेत्रीय और धार्मिक विभाजन

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# 'नई बोतल में पुरानी शराब'

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 अक्टूबर। गूढ़ और आकर्षक बौद्धिक कवायद को एक सामान्य ज्ञान में बदलकर अर्थशास्त्रियों ने अपने शास्त्र को प्रतिष्ठित किया है। एरिस्टोटल (अरस्तू) के हिसाब से सामान्य ग्रहणी सबसे अच्छी अर्थशास्त्री है। यूनानियों के लिए अर्थशास्त्र का मतलब था अपने घर के आय-व्यय का प्रबंधन करना। इस वर्ष इकोनॉमिक्स का

- **इस बार अर्थशास्त्र का नोबल जिन तीन अर्थशास्त्रियों को मिला है, उन्होंने अर्थशास्त्र के पुराने सिद्धांतों को नए रूप में प्रस्तुत किया है और बैंकिंग व्यवस्था का परीक्षण भी किया है।**

नोबेल पुरस्कार तीन हाई प्रोफाइल अर्थशास्त्रियों के कार्यों को प्रभावी रूप से मान्यता देता है। इन अर्थशास्त्रियों ने यह दर्शाया है कि किसी अर्थव्यवस्था के लिए बैंक महत्वपूर्ण हैं और वे ऐसी कुछ जरूरी सेवाएं प्रदान करते हैं जो किसी अर्थव्यवस्था की लय का निर्धारण कर सकती है। यह किसी अर्थव्यवस्था के सामान्य कामकाज और उसे ''पॉज़'' मोड़ पर डालने के बीच एक विकल्प है।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# केरल में दो महिलाओं की बलि दी गई, एक शव के 56 टुकड़े किये

## मुख्य आरोपी, शफी नाम के शख्स के बहकावे में आकर एक दंपत्ति सहित तीन आरोपियों ने मिलकर इस क्रूर कृत्य को अंजाम दिया

तिरुवनंतपुरम, 12 अक्टूबर। केरल में काले जादू की वजह से मानव बलि देने का मामला सामने आने के बाद से हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस ने बुधवार को इस मामले में कई सनसनीखेज खुलासे किए। पुलिस ने बताया कि एक शव के कुल 56 टुकड़े किए गए थे। कोच्चि के कमिशनर सीएच नागराजू ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मुख्य आरोपी शफी का आपराधिक अतीत रहा है और उसने दंपति-भगवल सिंह और उसकी पत्नी लैला को फंसाया, जिन्होंने पैसों के लिए ये बलि दी। शफी को मनोरोगी बताते हुए कमिश्नर ने कहा कि इस बात की जांच की जाएगी कि उसने दंपत्ति को कैसे मना लिया। दूसरी ओर पुलिस ने आगे बताया कि दंपति का कोई आपराधिक अतीत नहीं है।

- **कोच्चि के कमिश्नर सी.एच. नागराजू ने एक प्रैस कॉन्फ्रेंस में कहा कि, मुख्य आरोपी शफी का आपराधिक अतीत रहा है और उसने दंपति-भगवल सिंह और उसकी पत्नी लैला को फंसाया, जिन्होंने पैसों लालच में आकर ये बलि दी।**

आयुक्त ने बताया कि पीड़ितों को क्रूर तरीके से मारा गया। शरीर के अंगों को भगवल सिंह के घर के परिसर के विभिन्न हिस्सों में दफनाया गया था। पीड़ितों के निजी अंगों में भी चोट लगी थी। साथ ही, शफी ने पीड़ितों को प्रताड़ित करने में आनंद भी लिया। आरोपियों में से एक लैला ने कबूल किया है कि उन्होंने (उन तीनों ने) पीड़ितों के शरीर के एक हिस्से को पकाकर भी खाया। तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर दो सप्ताह की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

यह सनसनीखेज घटना मंगलवार को सामने आई जब पुलिस गुमशुदगी की शिकायत की जांच कर रही थी। सुरागों के बाद, पुलिस ने पाया कि तांत्रिक मोहम्मद शफी ने मानव बलि देने के लिए एक कपल का ब्रेनवॉश किया और उन्हें आर्थिक लाभ मिलने का वादा किया। यह उनकी दूसरी शिकार थी, जबकि पहली शिकार एक अन्य महिला थी जिसे जून में मार दिया गया था।

पुलिस ने बताया कि, मुख्य आरोपी शफी एक कट्टर अपराधी है और विभिन्न थानों में आठ मामलों का सामना कर रहा है। उसके अपराधों की सूची में बलात्कार, अतिचार, शराब के नशे में झगड़ा और धोखाधड़ी शामिल है। पुलिस ने कहा कि उसने पुलिस को झांसा देने के लिए हर साल अपना घर बदला और ज्यादातर शिविरों में रहा। लोगों को बेवकूफ बनाने के लिए उसने सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया। दंपति ने उसके साथ संपर्क किया और अनुष्ठान के लिए 1.50 लाख रुपये का भुगतान किया जिसमें मानव बलि

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# धतूरे की पांचवी प्रजाति

उदयपुर, 12 अक्टूबर (कासं)। पर्यावरण विशेषज्ञों ने राजस्थान में धतूरे की एक नई प्रजाति खोज निकाली है। इस प्रजाति को ढूंढने का श्रेय उदयपुर के सेवानिवृत्त वन अधिकारी एवं पर्यावरणविद् डॉ. सतीश शर्मा, फाउण्डेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्युरिटी उदयपुर के जीव विज्ञानी डॉ.अनिल सारस्वत तथा जालौर वन मंडल के सहायक वन संरक्षक अनिल कुमार गुप्ता को जाता है।

- **राजस्थान से हाल ही में धतूरे की पांचवीं प्रजाति, ''धतूरा डिस्कलर'' का पता चला है।**

वनस्पति विशेषज्ञों के अनुसार संसार में धतूरे की 14 प्रजातियां ज्ञात हैं तथा अब से पहले राजस्थान में केवल चार प्रजातियां ही ज्ञात थीं। अब राजस्थान में धतूरे की पांचवी प्रजाति ''धतूरा डिस्कलर'' की खोज हुई है।

डॉ. सतीश शर्मा ने बताया कि,

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# बड़े थर्मल पावर प्लान्ट (अडानी आदि) को पनपाने के लिए क्यों कटिबद्ध है राज्य सरकार?

## यहां तक कि 2010 में सौर व पवन ऊर्जा से बनी बिजली की खरीद के लिए किया गया अनुबंधन भी एक तरफा कार्यवाही से रद्द कर रद्दी की टोकरी में डाल दिया

-यादवेन्द्र शर्मा-

जयपुर, 12 अक्टूबर। राजस्थान हाईकोर्ट में रिन्युएबल एनर्जी सर्टिफिकेट (आर.ई.सी.) मैकेनिज्म के जरिये सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा में निवेश कर बिजली उत्पादन करने वाले केंद्रीय सरकार की इकाईयों तथा निजी उद्योगपतियों को राज्य सरकार तथा डिस्कॉम से बिजली उत्पादन के लिये मुआवजा नहीं मिलने के संबंध में 108 याचिकाओं पर अदालत में आज सुनवाई हुई।

बहस के दौरान इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आई.ओ.सी.) की ओर से पैरवी के लिये सीनियर अधिवक्ता आर.एन. माथुर अदालत में पेश हुए।

- **हाई कोर्ट में आर.ई.सी. मैकेनिज़्म के तहत प्रदेश में सौर व पवन ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश करने आई कम्पनियों की पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता आर.एन. माथुर का कहना है कि राज्य सरकार ने अपनी कार्यवाही को सही ठहराने ने लिए ''पूल रेट'' का एक अजीबोगरीब फॉर्मूला निकाला।**
- **आर.एन. माथुर का कहना है कि राज्य सरकार ने अपनी ''पूल रेट'' में 2010 की स्कीम के तहत बने और ऊर्जा सौर एवं पवन ऊर्जा प्लान्ट से बनी बिजली की दरों की 2020 में बनाये जा रहे सौर एवं पवन ऊर्जा प्लान्ट से बनी बिजली से तुलना की है जो कि गैर वाजिब है।**
- **उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदूषण फैला रहे थर्मल पावर प्लान्ट से बनी बहुत महंगी बिजली खरीदने के लिए तो तैयार है, परन्तु सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा प्लान्ट से बनी ग्रीन एनर्जी खरीदने के लिए तैयार नहीं है।**

उन्होंने कहा कि 2010 में अपनाएगा आर.ई.सी. मैकेनिज्म के तहत केंद्र सरकार की कई कंपनियों ने तथा कई निजी उद्योगपतियों ने सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा से बिजली बनाने के लिये प्रदेश में निवेश किया था। उन्होंने आगे बताया कि क्योंकि निवेश के लिये यह एक नया क्षेत्र था तो उस समय तक ज्यादा निवेश नहीं हुआ था। इसलिये केंद्र तथा राज्य सरकार ने पवन ऊर्जा और सौर ऊर्जा में निवेश को प्रोत्साहन देने के लिये एक ''रीज़नेबल रेट ऑफ रिटर्न'' यानी निवेश पर उचित दर पर प्रतिफल दर मुहैया कराने के लिये आश्वासन दिया था। उन्होंने कहा कि स्वयं राज्य के मुख्य सचिव, ऊर्जा सचिव और वित्त सचिव ने इन आर.ई.सी. मैकेनिज्म के तहत स्थापित प्रोजेक्ट्स को बैंक से लोन दिलाने के लिये ''रीज़नेबल रेट ऑफ रिटर्न'' का आश्वासन भी दिया था।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में राज्य सरकार के डिस्कॉम ने सभी 108 याचिकाकर्ताओं से परचेज़ पावर एग्रीमेंट (पी.पी.ए.) यानी सरकारी ग्रिड में बिजली डालने हेतु मुआवजा देने के लिये एग्रीमेंट हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया। याचिकाकर्ताओं की तरफ से कहा गया कि राज्य सरकार की 2012 की रिन्युएबल एनर्जी पॉलिसी के तहत सभी आर.ई.सी स्कीम के तहत निर्मित प्रोजेक्टों से बिजली खरीदने का आश्वासन दिया था। डिस्कॉम ने यह कहते हुए कि पी.पी.ए. पर हस्ताक्षर नहीं किये कि ओपन टेंडर में उन्हें सौर ऊर्जा

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# रेलवे कर्मचारियों को बोनस

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 अक्टूबर। रेलवे के करीब 11.27 लाख गैर राजपत्रित कर्मचारियों को वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए प्रत्येक वर्ष की भांति दशहरा/पूजा छुट्टियों से पूर्व 78 दिनों का प्रोडक्शन लिंक्ड बोनस दिया गया है। यह अधिकतम 17 हजार 951 रूपए होगा। केन्द्रीय कैबिनेट ने बुधवार को इसे पूर्व प्रभाव से मंजूरी प्रदान की।

- **रेलवे के 11.27 लाख नॉन गजेटेड स्टाफ को दिपावली से पूर्व 78 दिन का बोनस देने की घोषणा की गई है, जो अधिकतम 17,951 रू. होगा।**

बोनस प्राप्त करने वालों में रेलवे के ट्रैक मेन्टेनर्स, ड्राइवर, गार्ड, स्टेशन मास्टर, सुपरवायज़र्स, टैक्नीशिन्यस, टैक्नीशियन हैल्पर, कंट्रोलर, पॉइन्ट्स-

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# रेजीडेंट डॉक्टरों में दो फाड़, इन सर्विस रेजीडेंट काम पर लौटे

## फ्रेशर्स ने दी इमरजेंसी सेवाएं ठप करने की चेतावनी

■ रेजीडेंट हड़ताल से एसएमएस सहित अन्य अस्पतालों में मरीज परेशान

**जयपुर**,(कासं)। नई बॉन्ड नीति में संशोधन सहित अन्य मांगों को लेकर रेजिडेंट डॉक्टरों और सरकार के बीच बुधवार को भी गतिरोध बना रहा। इस बीच रेजीडेंट डॉक्टर्स दो धड़ों में बंट गए। इनमें से सेवारत रेजीडेंट सरकार की पॉलिसी के साथ आ गया है। गुरुवार से यह काम पर लौट आएंगे। दूसरी तरफ फ्रेशर्स रेजिडेंट ने चेतावनी दी है कि सरकार पिछले पांच दिन से कोई सकारात्मक बातचीत नहीं कर पा रही है। ऐसे में आंदोलन को तेज करते हुए इमरजेंसी सेवाएं ठप करने की चेतावनी दी। बुधवार को विरोध स्वरूप एस एम एस मेडिकल कॉलेज से लेकर तीन मूर्ति सर्किल तक रैली निकालकर करीब एक घंटे प्रदर्शन किया। उधर रेजिडेंट डॉक्टरों के हड़ताल पर होने से एसएमएस सहित अन्य अस्पतालों में चिकित्सा व्यवस्था चरमराने से मरीज परेशान हो रहे हैं।

जयपुर एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स (जार्ड) के अध्यक्ष डॉ. नीरज डामोर ने बताया कि मांगों को लेकर रेजिडेंट डॉक्टरों का आंदोलन लगातार जारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार मांगों का निराकरण करने के बजाय आंदोलन को कमजोर करने और रेजिडेंट यूनिटी को तोड़ने के लिए अलग अलग स्तर पर कूटनीतियां अपना रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार का यही रुख रहा तो रेजीडेंट चिकित्सक इमरजेंसी सेवाओं को भी ठप करेंगे। इस पर आज रात होने वाली कोर कमेटी की बैठक में निर्णय लिया जाएगा।

उधर राज्य के चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख शासन वैभव गालरिया ने बताया कि सचिव राज्य सरकार के साथ समझौता वार्ता में सहमति बनने पर 85 प्रतिशत से ज्यादा रेजिडेंट डॉक्टर्स ने हड़ताल समाप्ति की घोषणा कर काम पर लौटने का फैसला किया है। रेजिडेंट डॉक्टर्स ने बुधवार रात आठ बजे से हड़ताल समाप्त कर दी है। गालरिया ने बताया कि समझौता वार्ता में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए जिनमें रेजिडेंट डॉक्टर्स के चिकित्सा शिक्षा विभाग के तहत सर्विस बॉन्ड को प्रवेश बेच 2020-21 व प्रवेश बेच 2021-22 के लिए एक बार की शिथिलता प्रदान करते हुए बॉन्ड राशि दस लाख रुपए करने और पूर्व अनुसार समय अवधि दो वर्ष करने पर सहमति हुई।

इसी प्रकार पीजी व सुपर स्पेशलिटी कोर्स के बाद बॉन्ड की शर्तों के अनुसार राज्य सरकार की संविदा सेवाओं के संबंध में उच्च न्यायालय में लंबित विभिन्न याचिकाओं के निर्णय के उपरांत विचार किए जाने पर सहमति हुई।

प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा शिक्षा ने बताया कि उच्च न्यायालय का निर्णय आने के बाद 7 से 10 कार्य दिवस के भीतर प्रवेश बैच 2020-21 एवं प्रवेश बैच 2021-22 के लिए रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्षों से चर्चा और सहमति के बाद ही एसआरशिप के चयन की प्रणाली निर्धारित की जाएगी। जिसमें सभी रेजीडेंट डॉक्टर्स को एसआरशिप के समान अवसर मिले यह सुनिश्चित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि कोविड-19 में कान्फ्रेंस नहीं होने के कारण बैच 2020 के लिए पेपर, पोस्टर व थिसिस में शिथिलता के लिए संबंधित कॉलेजों के प्रधानाचार्य स्तर पर प्रस्ताव एनएमसी व आर यू एच एस को भिजवाया जाएगा।

रेजिडेंट डॉक्टर्स के कार्य बहिष्कार के दौरान उठाए गए अन्य समस्त बिंदुओं पर राज्य सरकार द्वारा सहानुभूतिपूर्वक विचार किए जाने का निर्णय भी लिया गया है। साथ ही इनसर्विस डॉक्टर के बॉन्ड की समय सीमा व राशि में शिथिलता के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को सहानुभूति पूर्वक विचार किए जाने का प्रस्ताव भेजने का निर्णय भी लिया गया।

अखिल राजस्थान सेवारत चिकित्सक संघ अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मण सिंह ओला का कहना है कि सेवारत रेजीडेंट ने सही कदम उठाया है। हैल्थ राज्य सरकार का विषय है और उसकी जिम्मेदारी है कि प्रदेश के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देना है। इसके लिए जो बाण्ड पॉलिसी है, वह सभी पर लागू होनी चाहिए। जब इन सर्विस पर यह लागू होती है तो फ्रेशर्स पर क्यों नही? बाहर के राज्यों से यहां आकर पीजी करने वाले मेडिकल छात्रों को सरकारी सेवा में मरीजों की सेवा के लिए बॉण्ड साइन कराया जाता है तो इसमें परेशानी क्या है।

इन सर्विस रेजीडेंट डॉ. जितेन्द्र बगरिया का कहना है कि इन सर्विस रेजीडेंट चिकित्सकों ने सरकार के साथ हुए कई वार्ता के दौर के बाद सरकार की ओर से दिखाई गई शिथिलता, जिसमें उन्होंने नई बॉण्ड पॉलिसी में काफी तब्दीली कर दी है। सरकार ने पांच साल की अबधि को घटा कर 2 साल कर दिया है। साथ ही 25 लाख की राशि को भी घटा कर 5 लाख कर दिया है। ऐसे में मानवीय दृष्टिकोंण अपनाते हुए इन सर्विस पीजी करने वाले रेजीडेंट हडताल से हट कर काम पर लौट रहे हैं।

## बिना आरोप पत्र दिए निलंबन पर रोक

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने रोडवेज परिचालक पद पर कार्यरत कर्मचारी को बिना आरोप पत्र दिए निलंबन करने के आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगा दी है। वहीं अदालत ने मामले में रोडवेज के प्रबंध निदेशक और कार्यकारी निदेशक को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह ने यह आदेश सुभाष चंद पंवार की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता सुनील कुमार सिंगोदिया ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता को गत एक सितंबर को अनुशासनात्मक कार्रवाई किए जाने के आधार पर निलंबित कर दिया और मुख्यालय धौलपुर आगार कर दिया। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता के खिलाफ बिना टिकट यात्रा कराने के रिमॉर्क के आधार पर विभागीय कार्रवाई किया जाना प्रस्तावित है, लेकिन याचिकाकर्ता को निलंबन करने तक कोई आरोप पत्र ही जारी नहीं किया गया। जबकि निगम के स्थाई आदेश 35 के अनुसार निलंबन आदेश के साथ आरोप पत्र की कॉपी संलग्न किया जाना जरूरी है। याचिकाकर्ता को विभागीय जांच प्रस्तावित करने के आधार पर ही निलंबित किया गया है। जो कि निगम के स्थाई आदेश के खिलाफ है। ऐसे में उसके निलंबन आदेश को रद्द किया जाए।

इस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने याचिकाकर्ता के निलंबन आदेश पर रोक लगाते हुए संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

# विश्व आर्थराइटिस दिवस पर बाइक रैली निकाली




**जयपुर**। विश्व आर्थराइटिस दिवस के उपलक्ष्य में इंडस जयपुर हॉस्पिटल मानसरोवर एवं रोरिंग हॉक्स ग्रुप के द्वारा बाइक रैली का आयोजन किया गया। इंडस जयपुर हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. शैलेन्द्र शर्मा व ग्रुप सीईओ डॉ.तेज कुमार शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को इंडस जयपुर हॉस्पिटल से रवाना किया।

बाइक रैली वीटी रोड चौराहे से घूम कर शिप्रापथ मार्ग से होते हुए वापस इंडस जयपुर हॉस्पिटल पहुंची। बाइक रैली में विश्व आर्थराइट्सि के अवसर पर रोरिंग हॉक्स ग्रुप के राइडर्स एवं हॉस्पिटल के डॉक्टर्स व स्टाफ ने भाग लिया। साथ ही ऑर्थोपेडिक विभागाध्यक्ष डॉ.दिलीप मेहता द्वारा किये गये जटिलतम घुटना प्रत्यारोपण मरीजों को एवं अन्य ऑपरेशन किये गये मरीजों को भी आमंत्रित किया गया और स्वास्थ्य चर्चा का आयोजन किया गया। चर्चा में वरिष्ठ स्पाइन रोग विशेषज्ञ डॉ. मुकेश हरितवाल व वरिष्ठ ऑर्थोपैडिक रोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष माथुर भी चर्चा में उपस्थित रहे। रोरिंग हॉक्स के राइडर्स को व मरीजों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। रैली को सफल बनाने के लिए इंडसन जयपुर हॉस्पिटल के ग्रुप सीईओ डॉ. तेज कुमार शर्मा ने टीम का धन्यवाद दिया। रैली में अंशुल श्रीवास्तव (मार्केटिंग हैड), सत्यनारायण शर्मा (मैनेजर), नरेन्द्र शर्मा (मैनेजर), विक्रम सिंह (मैनेजर), राजेन्द्र चौधरी, गौरव शर्मा, आशीष यादव, पंकज शर्मा, सुहेल हसन, अरशद मिर्जा, गौरव कुमावत, दीक्षा शर्मा व हॉस्टिल टीम उपस्थित रही।

# 'प्रदेशाध्यक्ष की सहमति बिना भाजपा में एंट्री संभव नहीं'

■ जॉइनिंग कमेटी के संयोजक अर्जुनराम मेघवाल व देवनानी सदस्य बने

**जयपुर**। भाजपा में नेताओं की जॉइनिंग और घर वापसी के लिए केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को पार्टी ने जॉइनिंग कमेटी का हेड बनाया है। भाजपा जॉइनिंग कमेटी में अर्जुनराम मेघवाल के अलावा विधायक वासुदेव देवनानी सहित 4 से 5 नेता शामिल होंगे। यह कमेटी तय करेगी कि कोई नेता भाजपा में शामिल होगा या नहीं।

राजस्थान में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर अब भाजपा भी एक्शन मोड में आ गई है। जहां बड़े नेताओं की घर-वापसी की कोशिश शुरू हो गई है वहीं गहलोत सरकार के खिलाफ चलाए जाने वाले आंदोलनों के साथ आगामी दिनों के पार्टी के कार्यक्रम और रणनीति पर बैठकों का दौर शुरू हो गया। ऐसे ही रोडमैप के लिए जयपुर में मंगलवार को भाजपा पदाधिकारियों की बैठक भी हुई। राजस्थान में विधानसभा चुनाव को अब भी एक साल से अधिक का वक्त बाकी है, लेकिन साल 2023 के विधानसभा चुनावों में 200 में से 180 सीटें और उसके अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों में 25 में से 25 सीटें जितने के लक्ष्य को लेकर भाजपा ने अभी से रोडमैप बनाना शुरू कर दिया है। 4 सालों में अलग-अलग कारणों से पार्टी छोड़कर गए कद्दावर नेताओं की घर वापसी को लेकर भी पार्टी ने विचार विमर्श शुरू कर दिया है। हालांकि प्रभारी अरुण सिंह ने साफ़ कर दिया कि पार्टी प्रदेशाध्यक्ष की सहमति के बिना किसी की एंट्री संभव नहीं है। इसमें वसुंधरा राजे समर्थक पूर्व मंत्री और सात बार के विधायक देवी सिंह भाटी भी शामिल हैं। केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को पिछले लोकसभा चुनाव में फिर से टिकट दिए जाने से नाराज होकर पार्टी छोड़ने वाले देवी सिंह भाटी के भाजपा में जॉइनिंग से प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया और संगठन पदाधिकारी असहज हो सकते हैं, यही कारण है कि इसे पार्टी में आने से पहले ही उनके अनुशासनहीनता के तौर पर देखा गया।

# एडीजे सीधी भर्ती मुख्य परीक्षा में अधिवक्ता कोटे की सीटों को नहीं भरने पर रोष जताया

■ अधिवक्ता कोटा की खाली सीटों को जुडिशियल ऑफिसर्स द्वारा एडहॉक प्रमोशन से भर दिया जाता है।

**जयपुर**। एडीजे सीधी भर्ती मुख्य परीक्षा में अधिवक्ता कोटा की सीटों को न भरे जाने के विरुद्ध अधिवक्ता समुदाय में भारी रोष व्याप्त है। एडीजे भर्ती परीक्षा 2021 में अधिवक्ता कोटे की 85 पोस्ट के लिए परीक्षा हुई। प्री परीक्षा पास करके 780 अधिवक्ता मेंस परीक्षा में सम्मिलित हुए।

सूत्रों के अनुसार मुख्य परीक्षा का परिणाम 1 अक्टूबर को घोषित किया जिसमें सिर्फ 4 अधिवक्ता को इंटरव्यू हेतु काल किया गया। पूर्व की एडीजे भर्ती परीक्षा में भी अधिवक्ता कोटा की सीटों को नही भरा गया था। अधिवक्ता कोटा की खाली सीटो को जुडिशियल ऑफिसर्स द्वारा एडहॉक प्रोमोशन से भर दिया जाता है। इस परीक्षा की कॉपी भी उन जिला जज द्वारा जांची गयी जिन्होंने वकील कोटा की सीनियरिटी को सुप्रीम कोर्ट में चुनोती दी गयी तथा जिनके भाई भतीजो को वकील कोटा की सीटों पर एडहॉक प्रोमोशन से एडीजे बनाया जाना प्रस्तावित है। यह संपूर्ण अधिवक्ता समुदाय के साथ अन्याय है। इसके विरूद्ध सम्पूर्ण राजस्थान के अधिवक्ता समूहों में रोष है।



एडीजे भर्ती में अधिवक्ता कोटे की सीटों को भरने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने हाईकोर्ट परिसर में बुधवार को धरना दिया।

अधिवक्ताओं द्वारा कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश को ज्ञापन देकर 85 पोस्ट के तीन गुना अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए बुलाने एवं समस्त 85 पोस्ट भरने की मांग की गयी। पूर्व की भर्ती परीक्षा 2018 में भी अधिवक्ता कोटा की 48 सीटों में से 5 पद भरे गए थे तथा शेष पदों को जुडिशियल ऑफिसर द्वारा भर दिया गया था।

एडीजे भर्ती संघर्ष समिति द्वारा हाईकोर्ट परिसर में धरना शुरू कर दिया गया है।

## डॉ.पूनिया आज से गुजरात दौरे पर

**जयपुर**। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ.सतीश पूनिया 13 और 14 अक्टूबर को गुजरात प्रवास पर रहेंगे। जहां वह 13 अक्टूबर को प्रवासी राजस्थानियों द्वारा आयोजित सूरत में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अभिवादन समारोह एवं दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

सूरत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंडोर स्टेडियम में शाम 7 बजे प्रवासी राजस्थानियों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्षओम बिरला, गुजरात के राज्यपालआचार्य देवव्रत, डॉ. सतीश पूनिया, गुजरात भाजपा प्रदेशाध्यक्षसी आर पाटिल, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, दर्शना बेन जरदोष, कैलाश चौधरी इत्यादि शामिल होंगे।

# किसानों के ऋण से संबंधित जानकारी के लिए बनाया जाएगा कॉल सेंटर

**जयपुर**, (का.सं.)। प्रमुख शासन सचिव सहकारिता, श्रेया गुहा ने बुधवार को केंद्रीय सहकारी बैंक जयपुर की हरमाडा ब्रांच एवं ग्राम सेवा सहकारी समिति जैतपुरा का निरीक्षण किया एवं उनकी गतिविधियों एवं कार्यकलापों के बारें में जानकारी ली।

गुहा ने केन्द्रीय सहकारी बैंक की हरमाडा ब्रांच की विजिट के दौरान किसानों को अल्पकालीन सहकारी फसली ऋण, व्यक्तिगत ऋण एवं आवास ऋण वितरण के बारे में जानकारी ली। उन्होंने प्रबन्ध निदेशक अपेक्स बैंक बृजेन्द्र राजोरिया को निर्देश दिया कि अपेक्स बैंक के स्तर पर एक कॉल सेंटर खोला जाए। जिस पर किसानों एवं अन्य उपभोक्ताओं को ऋण एवं उनसे संबंधित जानकारीयां प्राप्त हो सके एवं उनकी समस्याओं का समाधान हो सके।

गुहा ने निर्देश दिए कि सभी सहकारी बैंकों को मोबाइल बैंकिंग के लाइसेंस के लिए अपेक्स बैंक प्रक्रिया शुरू कर सभी बैंकों को लाईसेंस दिलाने में मदद करें। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक लोगों को बैंक से जोड़ें एवं उन्हें बैंक व सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाएं।



सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रेया गुहा ने केंद्रीय सहकारी बैंक की ब्रांच एवं ग्राम सेवा सहकारी समिति की गतिविधियों का निरीक्षण किया।

प्रमुख शासन सचिव सहकारिता ने आजादी से पूर्व जून, 1947 में पंजीकृत जैतपुरा ग्राम सेवा सहकारी समिति की गतिविधियां देखी एवं उसके कार्यकलापों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ग्राम सेवा सहकारी समिति के पदाधिकारियों एवं किसानों से वार्ता की एवं उनके सुझाव भी सुने।

उन्होंने प्रबंध निदेशक, सीसीबी, जयपुर एम. एल. गुर्जर को निर्देश दिए कि समिति के लिए कंज्यूमर शॉप के लिए प्रस्ताव भिजवाएं ताकि समिति के व्यवसाय में वृद्धि हो सके। उन्होंने नैनो यूरिया के उपयोग एवं खेती-किसानी के बारे में जानकारी ली।

## दादी जमना देवी के साथ हुई क्रूरता लोमहर्षक : शेखावत

**जयपुर**। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राजस्थान की बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा। जयपुर में 108 साल की दादी के साथ घटी घटना पर उन्होंने कहा कि जमना देवी के साथ हुई क्रूरता लोमहर्षक है। यह राज्य में फैल रही आपराधिक प्रवृत्ति का एक और दुर्भाग्यजनक उदाहरण है। शेखावत ने पूछा कि क्यों अपराध के दंड का भय कम होता जा रहा है? जवाब राज्य सरकार को देना चाहिए, लेकिन गहलोत मौन रहेंगे, बदले में उनके समर्थक कहेंगे "इसमें मुख्यमंत्री की क्या गलती? अपराधियों से बचने का काम तो जनता का है।"

## 'समाज को बदलने में अधिवक्ता की मुखर भूमिका हो सकती है'

**जयपुर**। भाजपा विधि प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यसमिति बैठक सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने कहा कि समाज को बदलने में यदि किसी की मुखर भूमिका हो सकती है तो वो हमारा अधिवक्ता है।

राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह ने कहा प्रदेश में जंगलराज एवं भ्रष्टाचार चरम पर है, तुष्टिकरण वाली निर्बल गहलोत सरकार भाजपा कार्यकर्ताओं पर झूठे केस लगा रही है, आप प्रदेश एवं राष्ट्रिहत में कार्यकर्ताओं की पूरी मदद करें। प्रदेश सह-प्रभारीविजया राहठकर ने राष्ट्र पुनः निर्माण में भाजपा के योगदान पर अपना उद्बबोधन दिया। प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने कहा कि एकजुट भारत एवं नागरिकों में कर्तव्य की भावना का विकास भाजपा के नए आयाम सेवा की बदौलत स्थापित करना एवं संगठन की संरचना प्रत्येक बार एसोसिएशन तक करना।

# ज्यादती करने वाले को बीस साल की सजा

**जयपुर**, (का.सं.)। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-1 महानगर द्वितीय ने आठ साल की मासूम के साथ ज्यादती करने वाले अभियुक्त भूरा उर्फ सलीम को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर पांच हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि अभियुक्त ने अपनी बेटी की आठ साल की सहेली के साथ ज्यादती की है। उसके कृत्य को माफ नहीं किया जा सकता है।

अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत को बताया गया कि पीडिता के पिता ने भट्टा बस्ती पुलिस थाने में 13 मई 2021 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि उसके पड़ौस में रहने वाले अभियुक्त की बेटी उसकी नाबालिग बेटी की सहेली है। अभियुक्त उसकी बेटी सहित एक अन्य बच्ची को अपने घर में खेलने के लिए लेकर गया था, लेकिन घर पर अभियुक्त की बेटी नहीं थी और उसकी पत्नी भी पीहर गई हुई थी। इसके बावजूद अभियुक्त ने दोनों को रोक लिया और कपडे खोलकर उनसे गंदी हरकतें करने लगा। वहीं उन्हें धमकाया कि यदि वहां से गई तो उन्हें हौद में डालकर मार देगा।

**तीये की बैठक**



मेरे पूजनीय पिताजी
ठा. सा. श्री रामचन्द्र सिंह जी चौहान
जिनका स्वर्गवास 11.10.2022 को हो गया। जिनकी तीये की बैठक 13.10.2022 को 2:00 से 4:00 बजे तक निवास स्थान- ठि. दयालसिंह जी बाबोसा की ढाणी, ग्राम विनोदीलालपुरा तह. चाकसू, जयपुर पर होगी।
**शोकाकुल**- शंकर सिंह चौहान (पुत्र), ठा. नेत्रपाल सिंह, मान सिंह, अजयपाल सिंह (भ्राता), गोविन्द सिंह, कु. भंवर सिंह, सुमेर सिंह, बिशन सिंह, विजेन्द्र सिंह (भतीजे), तनुवेन्द्र सिंह (पौत्र) एवं समस्त चौहान परिवार।
9414501230, 9413777792

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**खोया पाया**

मेरे पति के नाम प्लाट नं. ए-70 करीम नगर विस्तार खोह नागोरियान जयपुर का मूल आवंटन पत्र अक्सा मस्जिद खोह नागोरियान पर दिनांक 21.9.22 को खो गया है मिलने पर सूचित करें। जैतून बेगम, मो. 9783601564

मेरे आवास संख्या 2/256 जवाहर नगर जयपुर का मूल आवंटन पत्र कहीं खो गया है। यदि किसी को मिले तो निम्न नम्बरों पर सूचित करें। मो.8114404965

शिव शंकर हाऊसिंग को ऑपरेटिव सोसायटी जयपुर की आवासीय योजना पशुपतिनाथ नगर के भूखण्ड संख्या 125 का सोसायटी का अलॉटमेंट लेटर, साईट प्लान और रसीद गुम हो गई है। सूचित करें बीना रानी 9653941421

**अंतिम सूचना**

आमजन को सूचित किया जाता है कि श्रीमान समीर जैन ( पूर्व अधिवक्ता, राजस्थान उच्च न्यायालय ) का कार्यालय 'समीर जैन एण्ड कम्पनी' बंद कर दिया गया है, जिसकी सूचना सभी मुवक्किलों को पूर्व में दे दी गई थी। समस्त मुवक्किलों सरकारी / गैर सरकारी कार्यालयों आदि से अनुरोध है कि वे अपनी पत्रावलियाँ / दस्तावेजात / कागजात इत्यादि इस विज्ञप्ति के सात दिवस के अन्दर निम्न से प्राप्त कर लें तत्पश्चात पत्रावलियाँ / दस्तावेजात / कागजात इत्यादि को नष्ट कर दिया जावेगा एवं किसी प्रकार की जिम्मेदारी समीर जैन एण्ड कम्पनी की नहीं होगी।

मोहन सिंह बडगजर 9414043513
एडवोकेट दक्ष पारिक 9928174238
जी-1, यूनिक अलकनंदा अर्पाटमेंट, मोती मार्ग, बापू नगर, जयपुर

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यह कि एक मकान जिसका पता: सी-111, एआरजी पुरम्, आगरा रोड़, कानोता, जयपुर, राज. में स्थित है जिस पर मेरी माताजी श्रीमती कुसुम देवी ने एचडीएफसी लिमिटेड से ऋण लिया हुआ था तथा उक्त मकान के समस्त असल दस्तावेज एचडीएफसी लिमिटेड़ में रहन (Mortgage) कर रखे हैं। यह कि मेरी माताजी श्रीमती कुसुम देवी का दिनांक 18.09.2022 को स्वर्गवास हो चुका है तथा उक्त मकान के पेटे लिये हुये ऋण की पूर्ण अदायगी एचडीएफसी लिमिटेड को की जा चुकी है, इसलिये मैं अब उक्त फ्लैट के असल दस्तावेजों को प्राप्त करना चाहता हूँ यदि इस संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति है तो मय दस्तावेज प्रकाशन तिथी से सात दिवस तक की अवधि में एचडीएफसी लिमिटेड, सी-25, भगवान दास रोड़, सी-स्कीम, जयपुर, फोन नं. 0141-6480799 पर सम्पर्क करें। सूचित रहे।

निवासी- गौरव जैन, सी-111, एआरजी पुरम्, आगरा रोड़, कानोता, जयपुर, राज.
दिनांक 11.10.2022 मोबाईल नम्बर 8619657765

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण श्री अब्दुल रशीद पुत्र श्री कमालूद्दीन एवं श्रीमती शकूरन पत्नी श्री अब्दुल रशीद, निवासीगण-प्लॉट नम्बर 7-बी, रहीम कॉलोनी, पंचहनुमान की गली, चार दरवाजा बाहर, जयपुर के पुत्र जावेद उनके कहे में नही है व उनकी बात नही मानता है तथा वर्ष 2005 से मेरे अभिभाष्यगण से अलग निवास कर रहा है। इसलिये मेरे अभिभाष्यगण काफी दुखी है और उन्होंने अपने पुत्र जावेद को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्तियों से बेदखल करते हुये उससे अपने सम्बन्ध समाप्त कर लिये है। जावेद द्वारा आज से पूर्व किसी भी व्यक्ति से किया गया लेन देन व भविष्य में कोई भी व्यक्ति मेरे अभिभाष्यगण के पुत्र से कोई लेन देन करेगा या सम्बन्ध रखेगा तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे अभिभाष्यगण की कोई जिम्मेदारी नही होगी। सूचित रहे।

जयपुर (सय्यद शकील अहमद) एडवोकेट
दिनांक-12.10.2022 मो.न.9413418056, 9024792334

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम मोहम्मद युसुफ से बदलकर मोहम्मद युसुफ मंसूरी रख लिया है। भविष्य में मुझे मोहम्मद युसुफ मंसूरी पुत्र अब्दुल कदीर मंसूरी के नाम से जाना जावे। पता-761, शार्दुल सिंह की नाल, गणगौरी बाजार जयपुर (राजस्थान)

मैंने अपना नाम देवेंद्र सिंह पुत्र गणपत सिंह सिंह से बदलकर देवेंद्र सिंह पुत्र गणपत सिंह रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। पता-159, पर्तों का चौडा, मियाला खेत, थानेटा अजीतगढ भीम, थानेटा, राजसमंद

I Heena Kousar W/o Shakir Ahmed 2440, Ilahi Ji Ki Haveli Mohalla Pahadganj Jaipur have changed my name as Heena Ahmed.

I have changed my name from Harish Chander Ganda to Harish Chand Ganda S/o Bhagwan Das Ganda for all purpose. Resi.: Plot 202, Bhag Singh Ka Choraha, Adarsh Nagar, Jaipur.

In Army Service record my Son's name Kendre Prathik Ganesh is wrongly recoreded. Correct is Partik Ganesh Kendra. In future known as Pratik Ganesh Kendre S/o Army No. 15170083P L/Hav. Kendre Ganesh Rao R/o Vill-Malihapparga Jalkot, Latur, Maharashtra 413532.

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस**
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 31/2022
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि महन्त लक्ष्मण दास स्वामी ने प्रन्यास मन्दिर श्री दादुद्वारा छचौक्या (रामोला) नरायणा तह. फुलेरा जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत प्रन्यास मण्डल में परिवर्तन कर महन्त बजरंगदास स्वामी के निधन होने के उपरांत उनके स्थान पर महंत लक्ष्मण दास स्वामी को प्रन्यास को कार्यवाहक प्रन्यासी मनोनीत कर उनके नाम को दर्ज अभिलेख कराने का निवेदन कर जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन पत्र दिया है।
अत एव धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुए परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तिया, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नही की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 10.10.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया। आइदा तारीख पेशी 17.11.2022
मोहर अदालत
रतन लाल योगी
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 41 के अधीन नोटिस**
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 2/2022
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि महन्त सिद्धार्थ गोस्वामी, कार्यवाहक प्रन्यासी निवासी, मंदिर श्री गोपीनाथ जी पुरानी बस्ती, जयपुर ने प्रन्यास मंदिर श्री कल्याणजी, कल्याण जी रास्ता, चांदपोल बाजार जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 41 के अन्तर्गत ने प्रन्यास में वर्तमान कार्यवाहक प्रन्यासी महन्त बल्लभलाल देव गोस्वामी के देहान्त होने कारण विधान अनुसार ज्येष्ठ पुत्र होने के कारण स्वयं का कार्यवाहक प्रन्यासी का नाम को दर्ज अभिलेख कराने का निवेदन कर जांच किये जाने के लिए में आवेदन पत्र दिया है।
अत एव धारा 41 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुए परिवर्तन कार्यवाहक प्रन्यासी के संबंध में जांच की जा रही है। प्रन्यास में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तिया, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नही की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 10.10.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया। आइदा तारीख पेशी 18.11.2022
मोहर अदालत
रतन लाल योगी
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस**
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 57/2022
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री रामअवतार मेहरा, कार्यवाहक प्रन्यासी निवासी, नानग राम मेहरा, 49 मेहरा बस्ती, कर्बला चौराहा, रामगढ मोड, ब्रह्मपुरी जयपुर ने प्रन्यास मंदिर श्री मंगलेश्वर महादेव व हनुमान जी का मंदिर मेहरा समाज, रामगढ मोड़, जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत ने प्रन्यास में वर्तमान कार्यवाहक अध्यक्ष श्री गोपाल मेहरा के देहान्त होने कारण श्री रामअवतार मेहरा को नवीन अध्यक्ष तथा नवीन पदाधिकारियों को मनोनीत कर उनके नामों को दर्ज अभिलेख कराने का निवेदन कर जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन पत्र दिया है।
अत एव धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुए परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तिया, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नही की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 23.09.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया। आइदा तारीख पेशी 31.10.2022
मोहर अदालत
रतन लाल योगी
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

# आईसीयू में ऑक्सीजन सिलेंडर बदलते समय रेगुलेटर में विस्फोट

## रेगुलेटर की जगह अगर सिलेंडर में विस्फोट होता तो बड़ा हादसा हो सकता था

**बीकानेर,** (कासं) । पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में स्थित आईसीयू में उस समय भगदड़ मच गई, जहां वहां ऑक्सीजन सिलेंडर के रेगुलेटर में विस्फोट हो गया। वहां भर्ती मरीजों के परिजन इस विस्फोट से इतना घबराए कि कोमा में भर्ती अपने मरीजों को छोड़कर बाहर भाग गए। कुछ ही देर में स्थिति सामान्य होने पर रोगियों की सुध ली गई। शुक्र रहा कि इस हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई और भर्ती मरीजों को कोई परेशानी नहीं हुई।

दरअसल, पीबीएम अस्पताल की पहली मंजिल पर आईसीयू में भर्ती एक रोगी को किसी जांच के लिए बाहर ले जाना था। ऑक्सीजन सपोर्ट पर चल रहे इस मरीज का सिलेंडर बदला जा रहा था। छोटे सिलेंडर पर शिफ्ट करते वक्त अचानक विस्फोट हो गया। ये विस्फोट ऑक्सीजन के अनियंत्रित होकर बाहर निकलने और रेगुलेटर में विस्फोट होने से हुआ था।

विस्फोट की आवाज तेज थी, रेगुलेटर सहित कुछ सामान भी विस्फोट से टूटकर इधर-उधर चला गया। जिससे वहां भर्ती मरीजों के कुछ परिजनों के चोट भी आई। तेज धमाका होने के कारण वहां भर्ती मरीजों के परिजनों में भगदड़ मच गई। जो मरीज होश में थे, वो भी काफी घबरा गए। परिजन अपने मरीजों को छोड़कर बाहर की ओर भागे। बाहर भर्ती मरीज भी दूसरी ओर भागने लगे। अन्य वार्ड में भर्ती मरीज और उनके परिजन भी घबरा गए।

■ **पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में भगदड़**

थोड़ी ही देर में अस्पताल में ड्यूटी दे रहे रेजीडेंट डॉक्टर्स और नर्सिंग कर्मी मौके पर पहुंच गए। रेजीडेंट डॉक्टर्स ने हौंसला रखते हुए स्थिति को और मरीजों को भी संभाला। इस दौरान किसी मरीज के कोई परेशानी नहीं हुई। घटना के बाद आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

अभी ये स्पष्ट नहीं हो पाया है कि बड़े से छोटा ऑक्सीजन सिलेंडर कौन बदल रहा था ? ये काम नर्सिंग कर्मचारी का है लेकिन कोई बाहरी व्यक्ति ये काम कर रहा था। अभी स्पष्ट नहीं हुआ कि मरीज की ओर से किसी बाहरी व्यक्ति को सिलेंडर बदलने के लिए कहा गया था अथवा अस्पताल का ही कोई कर्मचारी बदल रहा था ?

शुक्र रहा कि सिर्फ रेगुलेटर तक ही ये विस्फोट हुआ, अगर ऑक्सीजन सिलेंडर में विस्फोट होता तो बड़ा नुकसान हो सकता था। अस्पताल के कर्मचारी कमल व्यास ने घटना की जानकारी मिलने के साथ ही आईसीयू में पहुंचकर सिलेंडर को उठाया और बाहर लेकर आ गया। जब लोग इस सिलेंडर के पास जाने से घबरा रहे थे, तब व्यास ने सिलेंडर को निकालकर सुरक्षित स्थान पर रखा।

# दूसरी पत्नी की संतान अनुकम्पा नियुक्ति की हकदार: हाईकोर्ट

## अनुकंपा नियुक्ति देने की पॉलिसी किसी मृतक कर्मचारी के आश्रित बच्चों को वैध या अवैध का भेदभाव नहीं कर सकती

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा है कि किसी कर्मचारी की मौत के बाद उसकी दूसरी पत्नी से जन्मे बच्चे को अनुकंपा नियुक्ति देने से मना नहीं किया जा सकता है। अनुकंपा नियुक्ति देने की पॉलिसी किसी मृतक कर्मचारी के आश्रित बच्चों को वैध या अवैध का भेदभाव नहीं कर सकती है।

बीकानेर निवासी मोहनसिंह सिंचाई विभाग में कार्यरत था। उसकी दो पत्नी और एक पुत्र है। मोहनसिंह का 8 अप्रैल 2002 को निधन होने के बाद उसकी दूसरी पत्नी चन्द्रा देवी ने पति के स्थान पर मृतक आश्रितों को नौकरी देने के नियमों के तहत अनुकंपा नियुक्ति देने का आवेदन किया। उसका आवेदन 7 जून 2003 को इस आधार पर खारिज कर दिया गया कि वह वैधानिक रूप से मोहनसिंह की पत्नी नहीं है। राज्य सरकार के इस निर्णय के खिलाफ चन्द्रा देवी ने हाईकोर्ट में वर्ष 2004 में याचिका दायर की। इस

■ **सिंचाई विभाग ने मृतका के बच्चे का आवेदन दूसरी पत्नी का बच्चा होने के आधार पर खारिज कर दिया था**

याचिका का निस्तारण होने में 10 साल से अधिक का समय लग गया। इस दौरान चन्द्रा देवी ओवरएज हो गई। ऐसे में 6 अप्रैल 2017 को उसकी याचिका का निस्तारण करते हुए हाईकोर्ट ने चंद्रा देवी से कहा कि वह चाहे तो अपने बेटे के लिए अनुकंपा नियुक्ति देने का आवेदन कर सकती है। इसके बाद उसने अपनी याचिका वापस ले ली। इसके बाद चन्द्रा देवी ने अपने पुत्र जतिन सिंह को उसके पिता मोहनसिंह का मृतक आश्रित मान अनुकंपा नियुक्ति देने का सिंचाई विभाग में आवेदन किया। विभाग ने 15 जून 2017 को उसका यह आवेदन इस आधार पर खारिज कर दिया कि दूसरी पत्नी के बच्चे को अनुकंपा नियुक्ति नहीं दी जा सकती है।

विभाग के इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। न्यायाधीश कुलदीप माथुर की बेंच ने इस याचिका का निस्तारण करते हुए कहा कि इस तरह के मामले में सुप्रीम कोर्ट स्पष्ट व्याख्या कर चुका है। अभिभावकों की शादी की वैधता को लेकर मृतक आश्रितों के बच्चे को अनुकंपा नियुक्ति देने के मामले में भेदभाव नहीं किया जा सकता है। उन्होंने आदेश दिया कि यदि जतिन सिंह अन्य सभी योग्यताएं पूर्ण करता है तो उसे तीन माह के भीतर नियुक्ति प्रदान की जाए।

# मेले में व्यवस्थाएं सुधरीं

**भरतपुर,** (निस)। एक बार फिर कडी मशक्कत के बाद श्री जसवंत प्रदर्शनी एवं नुमाईश मेला स्थल को सही करने की कोशिशे सफल होती दिख रही है। नगर निगम प्रशासन एवं मेला के व्यापारियों की कड़ी मेहनत के बाद एक बार फिर से शहर के लोगों के लिए श्री जसवंत प्रदर्शनी एवं नुमाईश मेला लगभग तैयार हो चुका है। नगर निगम प्रशासन तो मेला स्थल से पानी निकासी के प्रयास कर रही रहा है वहीं झूला व्यापारियों ने भी मेला की सतह को सही करने में योगदान दिया है। भरतपुर की जनता करीब तीन साल से मेला घूमने की उम्मीद कर रही थी। लेकिन भारी बारिश ने व्यापारियों व आम लोगों की उम्मीदों पर भी पानी फेर दिया था।

**RAJASTHAN KNOWLEDGE CORPORATION LIMITED**
7-A, Jhalana Institutional Area, Behind RTO, Jaipur-302004

NIB No. RKCL/22-23/699 Date : 12.10.2022

**NOTICE INVITING E-BID**

RKCL Invites application for Shortlisting eligible FM Radio stations for empanelment with RKCL invited from interested bidders. Particulars of bid may be visited on the procurement portals (https://eproc.rajasthan.gov.in/, (https://sppp.rajasthan.gov.in) of the state; and www.rkcl.in.

UBN No. :- KCL2223SSOB00013

MD, RKCL

# ग्राम विकास अधिकारी और सरपंच पति पांच हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार


कोटा एसीबी की गिरफ्त में रिश्वत के आरोपी ग्राम विकास अधिकारी और सरपंच पति।

**बून्दी,** (निसं)। देई थाना क्षेत्र के डोकून पंचायत में घर का पट्टा बनाने कि ऐवज में ग्राम विकास अधिकारी ओर सरपंच पति को कोटा एसीबी ने पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। ग्राम विकास अधिकारी व सरपंच पति द्वारा लगातार पीड़ित से रिश्वत की मांग की जा रही थी। जिस पर पीड़ित ने

■ **घर का पट्टा बनाने की ऐवज में रिश्वत ली**

अलग-अलग समय में करीब बीस हजार पांच सौ रुपए पहले ही ग्राम विकास अधिकारी ओर सरपंच पति को पट्टा बनाने के लिए दे दिये थे लेकिन फिर भी ग्राम विकास अधिकारी द्वारा पट्टा नहीं बनाया गया तथा दस हजार रुपए सरपंच पति के लिए रिश्वत मांगी। रिश्वत के दस हजार रुपए और देने पर पट्टा बनाने के लिए तैयार हो गए। जिस पर पीड़ित ने कोटा एसीबी टीम को सूचना दी। बुधवार को एसीबी टीम ने डोकुन पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी राजेन्द्र बैरागी ओर सरपंच पति को देई कस्बे में सरपंच पति के भाई की मेडिकल की दुकान पर पीड़ित से पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया।

# डॉ. रमेश बैरवा को आयुक्त कॉलेज शिक्षा ने किया एपीओ

**जयपुर,** (कासं)। बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय अलवर में राजनीति विज्ञान के सह आचार्य एवं रुक्टा डेमोक्रेटिक के प्रदेश संयोजक डॉ.रमेश बैरवा ने बताया है कि आयुक्त कॉलेज शिक्षा ने प्रशासनिक कारणों से इन्हें आदेश की प्रतीक्षा में एपीओ कर दिया है। इनका मुख्यालय कार्यालय सहायक निदेशक क्षेत्रीय कार्यालय बीकानेर रखा है।

डॉ.रमेश बैरवा ने आक्रोश प्रकट किया है कि कॉलेज शिक्षा में सुधार के लिए जातिगत भेदभाव, दुर्व्यवहार, भ्रष्टाचार एवं व्यभिचार के खिलाफ आवाज उठाई तो द्वैषतावश, बौखलाहट में एपीओ कर दिया है। मुख्यालय बहुत दूर 500 किलोमीटर कर दिया।

इन्हें सुनवाई का अवसर दिए बिना एकतरफा मनमानी कार्रवाई की गई है। इनके द्वारा पेश सबूतों को नजरअंदाज कर दिया। मनोबल तोड़ने की नापाक कोशिश की है। कार्रवाई आरोपियों के खिलाफ करनी थी लेकिन इनके

■ **कॉलेज शिक्षा में सुधार के लिए आवाज उठाने पर द्वैषतावश की कार्रवाईः डॉ. रमेश बैरवा**

■ **सुनवाई का अवसर दिए बिना एक तरफा कार्रवाई करने का लगाया आरोप**

खिलाफ कर दी। कॉलेज शिक्षा में जातिगत भेदभाव एवं उत्पीड़न, भ्रष्टाचार, व्यभिचार के खिलाफ आवाज और तेज होगी। शिक्षक हित में प्रयास और तेज होंगे। सच्चाई की जीत होगी।

# 14 राजपत्रित अधिकारी अनुपस्थित मिले

**करौली,** (नि.स.)। प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग के शासन उपसचिव एवं अतिरिक्त निदेशक निरीक्षण कल्लाराम मीणा ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार राज्य स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा जिला मुख्यालय, उपखंड स्तर पर स्थित कार्यालयों की 76 उपस्थिति पंजिकाओं को मौके पर लिया गया उक्त कार्यालयों मे 76 राजपत्रित अधिकारियों में से 14 एवं 586 अराजपत्रित कार्मिकों में से 55 कार्मिक अनुपस्थित पाये गये। अतिरिक्त निदेशक ने बतााया कि अनुपस्थित कार्मिकों के विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की रिपोर्ट उच्च स्तर पर प्रस्तुत की जायेगी। निरीक्षण दल द्वारा सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज परिवाद, शिकायतों के संबंध में विभागीय स्तर पर किये गये निस्तारण का भौतिक सत्यापन भी गुणवत्ता के दृष्टिकोण से करने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि इसके अलावा लम्बित विधानसभा प्रश्न, आरटीआई आवेदन व लम्बित प्रकरणों आदि का भौतिक निरीक्षण किया गया। राज्य स्तरीय निरीक्षण दल ने प्रातः 9:40 से 10 बजे तक कार्यालयों का निरीक्षण किया गया।

**IN THE HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN AT JODHPUR**
**D.B./S.B. Civil Writ Petition No....../2022**
**Any person vying for recruitment in the Permanent Vacancies for the post of Bank Guard in State Bank of India at various branches in Rajasthan Vs. State Bank of India**
**Application under Rule 159 of Rajasthan High Court Rules for entering in to Caveat**

MAY IT PLEASE YOUR LORDHSIPS: Your Lordship's humble applicant wants to enter into caveat under Rule 159 of the Rajasthan High Court Rules &that nothing be done till the applicant is heard in the matter. The particulars of the Civil Writ Petition which is likely to be filed are given below. The D.B./S.B. Civil Writ Petition may be filed by the following: 1. Any person vying for recruitment in the Permanent Vacancies for the post of Bank Guard in State Bank of India at various branches in Rajasthan That the D.B./S.B. Civil Writ Petition is likely to be filed against: **1.** State Bank of India, A Body Corporate Constituted Under The State Bank of India Act, 1955, Having Central Office at Madam Cama Road, Nariman Point, Mumbai through its Chairman: **2.** Deputy General Manager (Industrial Relations). SBI Industrial Relations Department, Corporate Centre, State Bank Bhawan. Madam Cama Road, Nariman Point, Mumbai **3.** State Bank Of India. Local Head Office, Tilak Marg, C-Scheme, Jaipur through Chief General Manager **4.** Assistant General Manager (HR), State Bank Of India, Local Head Office, Tilak Marg, C-Scheme, Jaipur That the D.B./S.B. Civil Writ Petition may be filed by the person above named challenging the Revised Guidelines for Recruitment of Bank Guards and inter se communications made between Respondent Bank and Department of Sainik Welfare, Rajya Sainik Board, Rajasthan dated 26.02.2020 and 24.01.2022 in relation with the Recruitment of Ex-Servicemen in Permanent Vacancies of Bank Guards at Various Branches in Rajasthan, and the petitioner(s) may attempt to obtain an ex-parte interim stay or such other and further ex-parte interim/final order(s), which the Hon'ble High Court may kindly not pass without hearing the humble applicant. The Vakalatnama on behalf of the above applicant/s signed by Mr. Harish Kumar Rajpal S/o Shri Madan Mohan, presently working as Assistant General Manager (HR), Human Resource Department, Local Head Office, State Bank Of India, Tilak Marg, C-Scheme, Jaipur, is submitted here with. It is, therefore, humbly prayed that nothing be done in the case till the Applicant is heard.

**JODHPUR** **HUMBLE CAVEATOR**
**Date** **Through his Counsels**
**Dr. Pramila Acharya / Chayan Bothra**


**अलवर शहर के वार्ड 18 की महिलाएं हाथों में मटके, बाल्टी और खाली ड्रम लेकर बुधवार सुबह मालाखेडा बाजार में पहुंची और जाम लगा दिया। महिलाओं का आरोप था कि पहले भी शिकायत कर चुके हैं लेकिन अभी तक कार्रवाई नहीं हुई। महिलाओं के हाथ में गंदे पानी की बोतल भी थी और उनका कहना था कि एक बार अफसर भी अपने बच्चों को यही पानी पिलाएं। ताकि उनको आमजन की तकलीफ का अहसास हो। इन दिनों अलवर शहर में जलदाय विभाग की ओर से पानी की समस्या को लेकर समाधान शिविर भी लगाए हुए हैं ताकि जनता की समस्या का जल्दी समाधान हो सके।**

# मंत्री जाटव ने अपना घर में मनाया जन्मदिन

**भरतपुर,** (निस)। सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री भजन लाल जाटव ने अपना घर में आवासित आश्रयहीन, असहाय, बेसहारा पीड़ित प्रभुजनों के मध्य 54वॉ जन्मदिवस केक काटकर सादगीपूर्वक तरीके से मनाया। सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री जाटव ने कहा कि जिसका दुनिया में कोई नहीं उसका अपना घर आश्रय स्थल है। उन्होंने समाज के सक्षम लोगों का आव्हान किया कि वे इस संस्था के माध्यम से जुड़कर पीड़ित मानव सेवा में अपना सक्रिय योगदान दें। इस अवसर पर उन्होंने अपने आराध्य देव का भोग लगाकर प्रभुजनों को प्रसाद वितरण कराया। इससे पूर्व सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री भजन लाल जाटव का स्थानीय सर्किट हाउस में विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने फूल माला, साफा एवं प्रतीक चिन्ह देकर जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर नगर निगम के महापौर व एडीएम शहर आदि मौजूद रहे।

# अनशनकारी किसान की तबियत बिगड़ी

**अनूपगढ़,** (निसं)। ग्राम पंचायत 9 एलएम में लुनिया माइनर पर एनडी माइनर और लुनिया माइनर के मोघो का साइज सही करने और निर्धारित मात्रा में सिंचाई पानी उपलब्ध करवाने की मांग को लेकर किसान आंदोलन कर रहे हैं। आंदोलन के तहत किसान अनशन पर बैठे हैं।

देर रात अनशनकारी देवीलाल भादु की तबीयत बिगड़ गई। प्रशासन ने देवीलाल भादु को चिकित्सालय में भर्ती होने की सलाह दी मगर किसान धरना स्थल पर ही इलाज करवाने की मांग पर अड़े रहे। ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष मदन श्योराण ने जानकारी देते हुए बताया कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों के द्वारा लूनिया माइनर और एनडी माइनर के मोघो का साइज छोटा कर दिया गया है। मोघों का साइज छोटा करने के कारण किसानों ने पूर्व में भी आंदोलन

■ **मोघों का साइज सही करने और निर्धारित मात्रा में पानी उपलब्ध करवाने की मांग कर रहे हैं किसान**

किया था। किसानों के आंदोलन के चलते प्रशासन के द्वारा किसानों को आश्वासन दिया गया था कि लूनिया माइनर और एनडी माइनर के मोघो का साइज सही करवा दिया जाएगा। मगर प्रशासन के द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की गयी।

प्रशासन के द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद समस्या का समाधान नहीं होने के कारण किसानों ने 6 दिन पूर्व धरना स्थल पर आमरण अनशन शुरू किया था। ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष मदन श्योराण ने बताया कि प्रशासन के द्वारा तहसीलदार राजेंद्र सिंह चौधरी की देखरेख में अनशनकारियों के स्वास्थ्य परीक्षण करवाया गया था और देर रात अनशन कारी देवीलाल भादु की तबीयत बिगड़ गई। ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष मदन श्योराण ने बताया कि जब तक प्रशासन के द्वारा किसानों की मांग नहीं मान ली जाती किसान धरना स्थल पर से नहीं हटेंगे।

**कार्यालय नगर पालिका छबडा जिला बारां (राज0)**
E Mail ID-npchhabra5@gmail.com Phone No-07452-222025

कमांक ::– न0पा0छ0/निर्माण/2022/11760 दिनांक ::– 07.10.2022

**ई–निविदा 11607/2022–23**
**NIB code- DLB2223A5462**

नगर पालिका छबड़ा की ओर से कुल 10 निमार्ण कार्यो के लिए 287.06 लाख रूपयो की लागत से उपयुक्त श्रेणी में स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोंक निमार्ण विभाग/डाक एवं दुर संचार विभाग रेल्वे इत्यादि में पंजिकृत सवेंदको, जो कि राजस्थान सरकार के सक्षम श्रेणी के संवदेंको के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में ई–टेन्डरिंग प्रकिया द्वारा ऑनलाईन ई–निविदा दिनॉक 06.10.2022 को साय 4.00 बजे से दिनॉक 17.10.2022 को दोपहर 4.00 बजे तक आमत्रिंत की जाती हैं। ई–निविदा से संबंधित विवरण वेबसाईटः–www.eproc.rajasthan.gov. एवं www.sppp.rajasthan.nic.in पर देखे व डाउनलोड किये जा सकते हैं।

| S.No | UBN No | S.No | UBN No |
|---|---|---|---|
| 1 | DLB2223WSOB17637 | 6 | DLB2223WSOB17642 |
| 2 | DLB2223WSOB17638 | 7 | DLB2223WSOB17643 |
| 3 | DLB2223WSOB17639 | 8 | DLB2223WSOB17644 |
| 4 | DLB2223WSOB17640 | 9 | DLB2223WSOB17645 |
| 5 | DLB2223WSOB17641 | 10 | DLB2223WSOB17646 |

राज.संवाद/सी/22/9005 **अधिशाषी अधिकारी**

**कार्यालय नगर परिषद, दौसा (राजस्थान)**

क्रमांकःन.प.दौ/निर्माण/2022/10078 दिनांक : 07.10.2022

**ई–निविदा सूचना/2022**

नगर परिषद, दौसा द्वारा नगर परिषद कोष के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य करवाये जाने हेतु कार्यालय नगर परिषद दौसा एवं इस कार्यालय से सम्बन्धित विभाग (अभियान्त्रिकी, स्वायत्त शासन विभाग) में पंजीकृत संवेदकों के अलावा अन्य विभाग के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से (पंजीकरण नियम Appendix XVI Rule 334 के सेक्शन II के अनुसार) निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म ऑनलाईन वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in व http://www.sppp.rajasthan.nic.in/ से Download/Upload की जा सकती है :–

| निविदा के कुल कार्यों की संख्या | निविदा प्रकाशन तिथि | निविदा Download/ Upload करने की अंतिम दिनांक एवं समय | प्रोसेसिंग शुल्क, निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि भौतिक रूप में जमा कराने की दिनांक व समय | ऑनलाईन निविदा की बिड खोलने की दिनांक व समय | UBN No. |
|---|---|---|---|---|---|
| 03 | 08.10.2022 | 17.10.2022 सांय 6:00 बजे तक | 18.10.2022 11:00 एएम तक | 18.10.2022 दोपहर 2:00 बजे पश्चात्। | DLB2223WSOB17796, 17797, 17798 |

राज.संवाद/सी/22/9011 **आयुक्त, नगर परिषद, दौसा**

# बस-मोटरसाईकिल की टक्कर में तीन की मौत

## गलत साइड में गई लोक परिवहन बस के टायर में मोटरसाइकिल फंसी हुई मिली


**सड़क हादसे के बाद पुलिस ने मौका मुआयना किया। इस दौरान लोगों की भीड़ जमा हो गई।**

**टोंक,** (निसं)। सदर थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 52 बाडाजेरेकिला पालडी कट पर लोकपरिवहन बस एवं मोटरसाईकिल की हुई जोरदार टक्कर में तीन जनो की दर्दनाक मौत हो गई।

पुलिस थाना सदर के थानाधिकारी ने बताया कि 12 अक्टूबर को प्रातः 10.55 पर जरिए टेलीफोन थाने पर मिली सूचना पर पुलिस थानाधिकारी सदर मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे। जहां पर एक लोकपरिवहन बस व मोटरसाईकिल क्षतिग्रस्त अवस्था में मिली और मोटरसाईकिल बस के टायरो में फंसी हुई थी और बस गलत साईड खडी हुई थी।

मामले की जानकारी एएसपी भवानी सिंह राठौड व पुलिस उपाधीक्षक सलेह मोहम्मद भी मौके पर पहुंचे। घटना स्थल पर एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा हुआ था व एक व्यक्ति व एक महिला गंभीर रुप से घायल थे जिनको तुंरत एंबुलेंस से सआदत अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डाक्टरों ने तीनो को मृतक घोषित कर दिया।

इस दुर्धटना में राधाकिशन पुत्र अमरा जाट, महराम पुत्र रामदेव जाट व चाहू देवी पत्नी राधाकिशन जाट निवासियान पालडी पुलिस थाना मेहंदवास की मौत होने पर पुलिस ने तीनों के शवों के पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनो को सौंपा दिए और पुलिस कार्यवाही शुरु की।

# टैक्सी और टैंकर की भिड़ंत में एक ही परिवार के तीन की मौत

**बीकानेर,** (कासं)। गंगाशहर थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे पर टैक्सी और टैंकर की भिड़ंत में तीन जनों की मौत हो गई, जबकि कुछ यात्री घायल हो गए, जिन्हें पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर पहुंचाया गया। दो की मौत मौके पर ही हो गई, जबकि तीसरे ने पीबीएम अस्पताल में दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद ट्रोमा सेंटर में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। देशनोक निवासी सुंदरलाल भूरा और उनकी पत्नी राजूदेवी अपने परिजनों के साथ टैक्सी में जा रहे थे कि सामने से आ रहे एक टैंकर ने जबर्दस्त टक्कर मार दी। इस हादसे में पति-पत्नी दोनों की मौत हो गई। इनके साथ ही सफर कर रहे परिवार के एक अन्य सदस्य झंवरलाल जैन की भी मौत हो गई है। तीनों देशनोक के रहने वाले हैं। वहीं एक अन्य सदस्य निकिता भूरा पुत्री शिखर भूरा इस हादसे में गंभीर घायल हो गई है। टैक्सी चालक को भी गंभीर चोट आई है। इन दोनों को ट्रोमा सेंटर में भर्ती किया गया है। एक्सीडेंट होते ही इस व्यस्ततम मार्ग पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए।

**IN THE HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN AT JODHPUR**
**S. B./ D.B. CIVIL WRIT PETITION NO. ........../2022**

ANY PERSON/ ASSOCIATION
V/S
CHAIRMAN NEET-UG/PG ADMISSION/ COUNSELING BOARD-2022

**APPLICATION ENTERING INTO CAVEAT**

**MAY PLEASE YOUR LORDSHIPS:**

Your lordship's humble applicant wants to enter into caveat prays that let nothing be done till the applicants are heard in the matter.

That particular of the Writ Petition which is likely to be filed are given below:-

Any Person / Association

VERSUS

Chairman, NEET-UG/PG Admission/ Counseling Board-2022, Govt. Dental College, (RUHS College of Dental Sciences), Subhash Nagar, Behind TB Hospital, Jaipur Rajasthan.

That the Writ Petition is likely to be filed in the matter of Notification No. State PG Counseling Board/2022 dated 13.09.2022 whereby, schedule for State Medical PG Seats (MD/MS)/Post MBBS DNB/Post MBBS Diploma Allotments 2022 has been issued and Notification No. State UG Counseling Board/2022 dated 07.10.2022 whereby, schedule for admission in MBBS/ BDS Courses in the State of Rajasthan has been issued.

The vakalatnama of Dr. Bharat Sankhla, Associate Professor, Govt. Dental College, (RUHS College of Dental Sciences), Jaipur on behalf of the Chairman NEET UG/PG Admission/Counseling Board-2022, is submitted herewith.

That it is therefore, humbly prayed that nothing be done in the matter till the applicants are heard.

Humble Applicant
Through
**(MANISH VYAS)**
**ADDITIONAL ADVOCATE GENERAL**

# डीजीपी ने 95 पुलिस अफसरों को सम्मानित किया

## पुलिस पदक, अति उत्कृष्ट सेवा पदक, उत्कृष्ट सेवा पदक, केंद्रीय गृहमंत्री पदक व डीजीपी डिस्क प्रशस्ति रोल से नवाजा

**जयपुर** (कासं)। पुलिस महानिदेशक एम.एल.लाठर ने बुधवार सुबह पुलिस मुख्यालय में आयोजित समारोह में प्रदेश के 95 पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को सम्मानित किया।

39 आईपीएस समेत इन अफसरों को पुलिस पदक, अति उत्कृष्ट सेवा पदक, उत्कृष्ट सेवा पदक, केंद्रीय गृहमंत्री पदक एवं डीजीपी डिस्क प्रशस्ति रोल से नवाजा गया है। लाठर ने अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एमएन तथा पुलिस महानिरीक्षक जोस मोहन व कांस्टेबल मन मदन नायर को पुलिस पदक से नवाजा। इसी प्रकार पुलिस आयुक्त जोधपुर रविदत्त गौड़, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राम सिंह, सेवानिवृत सरजीत सिंह व महावीर प्रसाद को अति उत्कृष्ट सेवा पदक से तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरपत चन्द, बृजेन्द्र भाटी एवं महेंद्र कुमार भगत को उत्कृष्ट सेवा पदक से नवाजा।

अन्वेषण में उत्कृष्टता के लिए 22 अफसरों को केंद्रीय गृहमंत्री पदक मिला। इनमें महानिरीक्षक पुलिस विकास कुमार, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंचल मिश्रा व अनंत कुमार, पुलिस उप अधीक्षक सुरेश शर्मा, अनिल कुमार डोरिया, सूर्यवीर सिंह, प्रशांत कौशिक, राजेश यादव, एवं दरजा राम बोस, पुलिस निरीक्षक दिनेश लखावत, अशोक आंजणा, अरुण कुमार, सुरेंद्र सिंह राणावत, रघुवीर सिंह, महावीर सिंह राठौड़, पवन कुमार चौबे, संतरा



पुलिस महानिदेशक एम.एल.लाठर ( बायें ) ने सम्मान समारोह में वी.के. सिंह को डीजीपी डिस्क से पुरस्कृत किया।

मीणा, रविंद्र सिंह, पुलिस उप निरीक्षक तेजू सिंह व मलकीत सिंह एवं हेड कांस्टेबल भवानी सिंह शामिल है।

इसके अलावा 36 आईपीएस समेत 63 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को डीजीपी डिस्क से नवाजा गया।

लाठर ने अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा, आनंद कुमार श्रीवास्तव, सुष्मित बिश्वास व विजय कुमार सिंह, महानिरीक्षक पुलिस विपिन कुमार पांडेय, रूपिंदर सिंघ, लता मनोज कुमार, रवि दत्त गौड व गौरव श्रीवास्तव, उपमहानिरीक्षक पुलिस अशोक कुमार गुप्ता, डॉ. रवि, राहुल कोटोकी, विकास पाठक, डॉ. राहुल जैन, ओम प्रकाश द्वितीय, राजेश सिंह व राजेंद्र प्रसाद गोयल, पुलिस अधीक्षक कुंवर राष्ट्रदीप, आनंद शर्मा, गौरव यादव, भुवन भूषण यादव, राशि डोगरा डूडी, ममता गुप्ता, पूजा अवाना, शांतनु कुमार सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मृदुल कच्छावा, डॉ. दीपक यादव, हर्षवर्धन अग्रवाल, अमृता दुहन, मनीष त्रिपाठी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान आईपीएस, अमित कुमार आईपीएस व कुंदन कांवरिया आईपीएस, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीयूष दीक्षित व वनिता शर्मा, पुलिस उप अधीक्षक विजय सिंह, पुलिस

**■ उत्कृष्ट अन्वेषण के लिए 22 अफसरों को मिला सम्मान**

निरीक्षक मनोज कुमार जैन, परवेज आलम व उम्मेद सिंह, हेड कांस्टेबल बृज मोहन निठारवाल, कांस्टेबल बद्री नारायण, किशना राम व राजेंद्र सिंह को डीजीपी डिस्क व प्रशस्ति रोल प्रदान किया।

इसके अलावा निदेशक राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला डॉ.अजय शर्मा, सहायक निदेशक डॉ.राजेश कुमार व आनंद कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी डॉ.अजय कुमार टीलावत, कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक डॉ हरिनारायण रैगर एवं डॉ.शिवकुमार, प्रयोगशाला सहायक रमेश कुमार जांगिड़, अशोक कुमार बैरवा एवं कपिल कुमार कलवार, प्रशासनिक अधिकारी पूरण चंद कानव, सहायक प्रशासनिक अधिकारी अनिल कुमार कौशिक, गिरधारी लाल, वरिष्ठ सहायक किशोरी लाल, केशव माथुर, विक्रम सिंह यादव व शंकर लाल मीणा एवं निजी सहायक अशोक कुमार शर्मा को भी डीजीपी डिस्क व प्रशस्ति रोल प्रदान किया गया। समारोह में महानिदेशक इंटेलिजेंस उमेश मिश्रा भी मौजूद रहे। अति. महानिदेशक अनिल पालीवाल ने डीजीपी व अधिकारियों का स्वागत किया। उन्होंने सम्मानित होने वाले सभी अफसरों की कार्यशैली की सराहना की।

## दिनेश एम.एन. को पुलिस पदक मिलने पर भावुक हुए माता-पिता



**जयपुर** । डीजीपी एम.एल.लाठर ने बुधवार को एसीबी एडीजी दिनेश एम.एन. को पुलिस पदक से नवाजा। भी थे। इस मौके पर उनके पिता कर्नाटक के रिटायर्ड तहसीलदार नारायण स्वामी वी. एवं मां गौरम्मा भी उपस्थित रहे। अपने पुत्र को पदक प्राप्त करता देख वे भावुक हो गये ओर उनकी आंखों में भी प्रसन्नता की चमक आ गई।

उल्लेखनीय है कि दिनेश मुनागना हल्ली नारायण स्वामी को केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा इन्हें विशिष्ट पहचान, निडरता और निष्पक्षता के लिए पुलिस पदक हेतु चुना गया था। इन्होंने एसीबी राजस्थान में रहते हुए अवैध खनन घोटाले एवं एनएचएम रिश्वत प्रकरण में दो आईएएस समेत अन्य की गिरफ्तारी के अलावा तीन आरएएस, दो भारतीय इंजीनियरिंग सेवा, एनएचएम के मुख्य अभियंता समेत कई लोक सेवकों को गिरफ्तार कर भ्रष्टाचार के मामले दर्ज किए। आईजी एसओजी के रूप में इन्होंने मोस्ट वांटेड गैंगस्टर आनंदपाल सिंह मुठभेड़ के समय सक्रिय रहे ओर पुलिस से लूटी गई दो एके-47 बरामद कर गिरोह के लगभग 100 सदस्यों को गिरफ्तार किया तथा 150 करोड़ रुपये की सम्पत्ति जब्त की। पिनकॉन समूह में करीब 800 करोड़ की धोखाधड़ी का खुलासा किया। 27 साल की सेवाओं में एडीजी दिनेश एम.एन.ने कई डकैतों और इनामी अपराधियों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# पपला गैंग के पांच बदमाश गिरफ्तार

## हथियारों की नोंक पर किया था युवक का अपहरण

**जयपुर** (कासं)। पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम और ज्योतिनगर थाना पुलिस ने पपला गैंग के पांच सक्रिय बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इन्होंने लेपटॉप बेचने का विज्ञापन ओएलएक्स पर डालने वाले युवक का हथियारों की नोंक पर अपहरण किया था। पुलिस ने बुधवार को वारदात का खुलासा किया और आरोपियों को गिरफ्तार कर गाड़ी बरामद की। बदमाशों ने पीड़ित के घर में घुसकर युवक से मारपीट की और 2 लाख रुपए और 2 लाख कीमत के दो मोबाइल लूटे गए। किडनैपर्स के छोड़ने के बाद पीड़ित ने ज्योति नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल लोकेशन के आधार पर किडनैपर्स को पकड़ा है। मामले में मुख्य सूत्रधार सहित फरार अन्य बदमाशों की तलाश की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) परिस देशमुख ने बताया आरोपित सुरेन्द्र कुमार मीणा उर्फ बाबा (27) निवासी मलारना डूंगर जिला सवाई माधोपुर हाल शिवदासपुरा, सुरेश मीणा (28) निवासी करौली हाल निवासी सालिग्रामपुर बीलवा, मिनिस्टर उर्फ मंत्री (30) निवासी हिगोंद करौली हाल निवासी सालिग्रामपुर, विजय राज सिंह (22) निवासी झापडावास सिकराय जिला दौसा और नीरज यादव (23) निवासी गांव बिचपुरी तहसील नीमराणा जिला अलवर को गिरफ्तार किया है। इनमें आरोपित नीरज यादव, पपला गुर्जर गैंग का सक्रिय सदस्य है।



पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम और ज्योतिनगर थाना पुलिस ने बुधवार को पपला गैंग के पांच सक्रिय बदमाशों को बापर्दा गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी सरोज धायल ने बताया आरोपित सुरेन्द्र उर्फ बाबा जयपुर में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। वारदात के मुख्य सूत्रधार लेखराज मीणा एवं भरत मीणा है। आरोपित सुरेन्द्र ने लेखराज को अपने साथ ले लिया। आरोपियों के साथ कार में इनके अन्य साथी भी मौजूद थे। पीड़ित नरेश ने अपना लैपटॉप ओएलएक्स पर बेचने के लिए डाला था। आरोपित लैपटॉप खरीदने के बहाने हथियार की नोंक पर उसका घर से अपहरण कर ले गए। पीड़ित नरेश के साथ मारपीट की। उसके चाचा एवं दोस्तों से 1.90 लाख मंगवा लिए और अमेजन गिफ्ट कार्ड भी ले लिए। इसके बाद मोबाइल छीन कानोता इलाके में छोड़ गए। पुलिस ने फुटेज एक आधार पर आरोपियों को चिन्हित कर गिरफ्तार कर लिया।

# किसानों के लिए एकमुश्त समझौता योजना बनेगी

**जयपुर** (कासं)। रजिस्ट्रार सहकारिता मुक्तानंद अग्रवाल ने कहा कि प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों से जुडे किसानों के लिए एक मुश्त समझौता योजना आगामी दिनों में लागू की जाएगी। योजना में अवधिपार ऋणी किसानों का 50 प्रतिशत तक का ब्याज माफ किया जाएगा तथा जिन अवधिपार ऋणी किसानों की मृत्यु हो चुकी है ऐसे किसान परिवारों को ब्याज माफी दंडनीय ब्याज सहित वसूली खर्च को भी माफ कर राहत दी जाएगी।

अग्रवाल प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों के सचिवों की राज्य स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दीर्घकालीन कृषि ऋण का समय पर चुकारा करने वाले किसानों को 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान के लिए योजना राज्य सरकार को भेज दी गयी है। राज्य सरकार के अनुमोदनोपरान्त इस वर्ष के लिए इसे लागू किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान योजना में वर्ष 2019 से वर्ष 2022 तक 51232 किसानों को 53.23 करोड़ रूपये का अनुदान दिया गया है।


**■ 51232 किसानों को 53.23 करोड़ रूपये का 5 प्रतिशत ऋण अनुदान दिया**

दीर्घकालीन कृषि ऋण उपलब्ध कराने के लिए प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों की आर्थिक स्थिति का बेहतर होना अतिआवश्यक है। दीर्घकालीन कृषि ऋण के जरिये लम्बी अवधि के ऋण किसानों को समय पर उपलब्ध हो सके इसकी प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करें।

प्रबंध निदेशक, एसएलडीबी विजय शर्मा ने बैठक में विभिन्न प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों की वर्षवार ऋण से संबंधित स्थिति के बारे में अवगत कराया एवं बेहतर कार्य करने वाली प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों की कार्य योजना को भी सभी के समक्ष रखा। बैठक में अतिरिक्त रजिस्ट्रार (द्वितीय), प्रेम प्रकाश मांडोत, अतिरिक्त रजिस्ट्रार (मॉनेटरिंग), पंकज अग्रवाल एवं संबधित अधिकारी उपस्थित थे।

# दीपावली पर व्यापारियों को सात दिन विज्ञापन की छूट

## बेहतर सजावट करने वाले बाजारों को ग्रेटर निगम सम्मानित करेगा




**जयपुर** (कासं)। दीवाली से पहले नगर निगम ग्रेटर ने शहर के व्यापारियों को दो बड़ी सौगात दी है। अच्छी सजावट करने वाले बाजारों को पुरस्कृत किया जायेगा, साथ ही व्यापारियों को बाजारों में सामूहिक सजावट में 7 दिन के लिए विज्ञापन लगाने की छूट दी गई है। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ बुधवार को निगम मुख्यालय पर हुई बैठक के बाद महापौर शील धाभाई ने इसकी घोषणा की। हालांकि बैठक में व्यापारियों ने यूजर चार्ज वसूली पर आपत्ति जताई। मगर आयुक्त महेंद्र सोनी ने साफ कर दिया कि शहर के विकास चाहते हैं तो यह पैसा सभी को देना होगा।

इससे पहले शहर के बाजारों फैली गंदगी, अतिक्रमण और बंद रोड लाइट्स को लेकर चर्चा हुई। व्यापारियों ने विश्वास दिलाया कि जिस किसी भी व्यापारी ने अतिक्रमण कर रखा है, उसे हटवाया जाएगा और शहर को स्वच्छ बनाने में व्यापारी पूरा सहयोग करेंगे। व्यापारियों की अन्य समस्याओं को लेकर भी दिवाली बाद फिर बैठक होगी। बैठक में जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल, एमआई रोड व्यापार मंडल के महामंत्री सुरेश सैनी सहित कई व्यापार मंडलों के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। धाभाई ने कहा कि परकोटे सहित कई बाहरी बाजारों में सामूहिक सजावट होगी। व्यापारियों के साथ सफाई, रोड लाइट्स सहित कई मुद्दों पर चर्चा रही। यह चर्चा सकारात्मक रही। व्यापारियों ने दो मांग रखी। इस पर निर्णय हुआ है कि दिवाली पर सात दिन विज्ञापन करने का कोई शुल्क नहीं चुकाना होगा। साथ ही अच्छी सजावट करने वाले बाजारों को पुरस्कृत किया जाएगा। आयुक्त महेन्द्र सोनी ने बताया कि व्यापारियों के साथ संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनी है।

## बैंक मैनेजर की घर में लाश मिली

**जयपुर** । प्रताप नगर सेक्टर-67 स्थित एक घर में बैंक मैनेजर निखिल जैन की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस मौके पर पहुंची और गेट तोड़कर घर के अंदर घुसी। जहां पुलिस को शव बेड पर पड़ा मिला और मृतक के मुंह से झाग निकल रहे थे। पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए। बुधवार सुबह महात्मा गांधी हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम के लिए शव परिजनों को सौंप दिया।

# प्रदेश में 55 नए करोना संक्रमित मिले

**जयपुर** (कासं)। प्रदेश में बुधवार को करोना संक्रमण के मामला में थोड़ी वृद्धि हुई है। इस दौरान राज्य में 55 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं केवल 17 मरीज ही ठीक होने से एक्टिव केस बढ़कर तीन सौ के ऊपर पहुंच गए हैं।

राज्य में बुधवार को 15 जिलों में 55 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले मंगलवार को 32 रोगी पाए गए थे। इधर आज सर्वाधिक 10 नए संक्रमित राजसमंद में मिले हैं। इसके अलावा अजमेर में 8, जयपुर व कोटा में 7-7,

**■ राजसमंद में 10, अजमेर में 8 और जयपुर तथा कोटा में 7-7 नए मरीज मिले**

उदयपुर में 5, जोधपुर में 4, चित्तौड़गढ़ में 3, अलवर, बीकानेर व पाली में 2-2 तथा बूंदी, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, सीकर और सिरोही में एक-एक नया संक्रमित मिला है। इस बीच राज्य में 8318 जांचें की गई। प्रदेश में लगातार दूसरे दिन भी रिकवरी में कमी आई है। इस दौरान केवल 17 ही मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस बढ़कर 312 हो गए हैं। जयपुर में पिछले चौबीस घंटों में 3 मरीज ही रिकवर होने से 58 मामले बचे हैं। प्रदेश में बुधवार को करोना से किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। जयपुर में 7 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सरदार पटेल मार्ग पर 2 जबकि जवाहर नगर, निर्माण नगर, शाहपुरा, सांगानेर और सूरजपोल इलाके में 1-1 नया संक्रमित मिला है।

# रिटायर्ड जज के घर में डकैती डालने वाले बदमाशों को ढूंढने यूपी रवाना हुई पुलिस

## मुहाना में कार गैराज पर काम करने वाले आरोपी वसीम ने बनाई थी लूट की योजना, 400 कि.मी. दूर उत्तरप्रदेश से बुलाए थे डकैत

**जयपुर** (कासं)। मानसरोवर में हीरापथ निवासी रिटायर्ड जज राजेश नारायण शर्मा व उनके बेटे को बंधक बनाकर घर में डकैती डलवाने वाले मुख्य सूत्रधार बदमाश वसीम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर पुलिस की टीमें दबिश दे रही है। एक टीम यूपी भी भेजी गई है।

पुलिस ने वारदात को खोलने के लिए 500 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों को खंगाला, तब लूट की साजिश रचने वाले वसीम को पकड़ सके। पुलिस उपायुक्त योगेश गोयल ने बताया कि शिप्रा पथ इलाके में गत 8 अक्टूबर को रिटायर्ड जज राजेश नारायण शर्मा के घर में घुसकर बदमाशों ने उन्हें और उनके बेटे को बंधक बनया। हथियारों की नोंक पर बदमाश घर से नकदी-जेवर, लैपटॉप व अन्य कीमती सामान लूटकर फरार हो गए थे। डकैती की साजिश का मुख्य सुत्रधार वसीम अब्बास (29) निवासी जानसट जिला मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) है, जो कि अभी मानसरोवर में हीरा पथ पर रहता है। आरोपी वसीम मुहाना क्षेत्र में एक मोटर गैराज में काम करता है।

पुलिस पूछताछ में बताया कि मोटर गैरेज का काम ठीक नहीं चलने और पैसों की तंगी के चलते उसने उत्तरप्रदेश के रहने वाले परिचित बदमाश जिया मेंहदी से सम्पर्क किया। जिया ने वसीम को खुद के सम्पर्क उत्तरप्रदेश के हार्डकोर अपराधी साजिद उर्फ पिस्टल से होना बताया। उसने कहा कि साजिद के पास हथियार भी है, और वह लूट-डकैती का मास्टरमाइंड है।

आरोपित वसीम ने 7 अक्टूबर को साजिद और उसके साथियों को जयपुर बुलाकर रैकी करवाई। वारदात के वक्त बदमाश मकान भूल गए।

इसके बाद वह लगातार वसीम से संपर्क कर मकान की पुष्टि कर रहे थे। खाली प्लाट के दोनों तरफ मकान होने से बदमाश रिटायर्ड कर्नल के मकान में घुसने की बजाय रिटायर्ड एडीजे के मकान में घुसकर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए।

जिस कार से बदमाशों को रैकी करवाई गई, वह कार पुलिस को मुहाना इलाके में एक पेट्रोल पंप पर सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दी। आखिरी बार केसर चौराहे की लोकेशन पर कार देखी गई, उसके आसपास के क्षेत्र में पुलिस ने कार ढूंढी। इस पर कार मुहाना स्थित एक कार गैराज में खड़ी मिली। तब पुलिस इस वारदात की प्लानिंग करने वाले शातिर वसीम तक पहुंच सकी। फिलहाल वारदात को अंजाम देने वाले चारों बदमाश अभी फरार चल रहे हैं, जिनकी तलाश में पुलिस टीम जुटी हुई है। आरोपित साजिद सहित अन्य आरोपितों को पकड़ने के लिए एक टीम को उत्तरप्रदेश भेजा है, जो उनके सम्भावित ठिकानों पर दबिश मार रही है।

आरोपित साजिद के खिलाफ विरूद्ध में डकैती, लूट व आर्म्स एक्ट के 9 प्रकरण दर्ज है । इसके अलावा पूर्व में यूपी पुलिस के साथ मुठभेड में उसके पैर में गोली भी लगी थी।

## सार-समाचार

### साध्वी ऋतंभरा करेंगी भागवत कथा



**जयपुर** (कासं)। परम शक्ति पीठ की संस्थापक साध्वी ऋतंभरा 2 से 8 नवंबर तक विद्याधर नगर सेक्टर-7 में अग्रसेन पार्क के सामने श्रीमद् भागवत कथा के माध्यम से अध्यात्म से राष्ट्रवाद का शंखनाद करेंगी। दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक होने वाली कथा की तैयारियां जोर शोर से चल रही है। बुधवार को स्थानीय तत्कालेश्वर महादेव मंदिर में कथा की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। परम शक्तिपीठ, वृंदावन की साध्वी सत्यप्रिया के सान्निध्य में आयोजित बैठक में समाज के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों और प्रबुद्धवर्ग को कथा में ज्यादा से ज्यादा लोगों को आमंत्रित करने पर जोर दिया। कथा के आयोजक एवं मुख्य यजमान शिव कुमार गोयल ने बताया कि कथा का शुभारंभ 2 नवंबर को सुबह 7 बजे गाजे-बाजे के साथ निकलने वाली कलश यात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा विद्याधर नगर सेक्टर-1 के मंदिर से रवाना होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए कथा स्थल पहुंचेगी। उल्लेखनीय है कि साध्वी ऋतंभरा में आदर्शनगर के सूरज मैदान में 2006 में श्रीमद्भागवत कथा की थीं।

### सिविल लाइंस के पार्षदों का धरना



**जयपुर।** सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के पार्षदों ने बुधवार को हैरिटेज नगर निगम के जोन ऑफिस पर सामूहिक धरना दिया। इसके बाद सफाई, सीवरेज, विकास कार्यों और रोड लाइटों समेत 11 सूत्री मांगों का ज्ञापन भी उपायुक्त के नाम सौंपा गया। निगम प्रशासन ने जल्द ही सभी समस्याओं के निस्तारण का भरोसा दिया, इस पर पार्षद वापस घर लौटे। उन्होंने कहा कि अगर निगम प्रशासन वादे से मुकरा तो इस बार वार्ड के लोगों के साथ बड़ा आंदोलन किया जायेगा।

### छात्राओं ने दी लोक-गीत प्रस्तुति

**जयपुर** । कला मंज़र संस्था और कनोडिया पी.जी.महिला महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में नलिनी फाउंडेशन के सौजन्य से लोक गीत प्रस्तुति प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता महाविद्यालय के हिन्दी विभाग के रचनात्मक लेखन क्लब के अंतर्गत रखी गई थी। सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के बाद कॉलेज प्राचार्या डॉ.सीमा अग्रवाल ने स्वागत वक्तव्य देकर सभी का स्वागत किया। वरिष्ठ नृत्य गुरु उषा ने आयोजन की अध्यक्षता की। साथ ही राजस्थानी भाषा की वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. शारदा कृष्णा ने मुख्य अतिथि व कॉलेज निदेशक डॉ.रश्मि चतुर्वेदी ने अति विशिष्ट अतिथि के रूप में आयोजन की शोभा बढ़ाई और नलिनी फाउंडेशन के प्रतिनिधि के रूप में मंजू माथुर उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में शिखा माथुर, डॉ.सीमा सक्सेना व हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ शीताभ शर्मा शामिल थे। कुल 30 प्रविष्टियों में सभी छात्राओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी जिनमे प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर क्रमशः लक्षिता डांगा, जया कृष्णा, दीपिका शर्मा रहीं।

### हत्या के मामले में दो आरोपी दबोचे

**जयपुर।** शिप्रापथ थाना पुलिस ने गत दिनों हुई युवक की हत्या के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी महावीर सिंह राठौड़ ने बताया ने बताया जगन्नाथपुरी में 5-6 अक्टूबर की मध्य रात्रि रोड पर खड़े वाहनों को टोकने की बात पर घर में घुस कर वकील बंजारा की हत्या कर दी गई थी। घटना के कुछ घंटे के बाद मुख्य आरोपी डालचंद उर्फ टोनी उर्फ शिवम को गिरफ्तार कर लिया था। अब आरोपित कुलदीप बसवाल और जितेश कुमार टेपण निवासी अध्योया नगर, त्रिवेणी नगर को नसीराबाद और भरतपुर से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया है।

### विहिप धर्मप्रसार कार्यशाला संपन्न

**जयपुर** । शास्त्रीनगर स्थित लंकापुरी में माँ-शिव दुर्गा भौम्या मंदिर में विश्व हिन्दू परिषद् (विहिप) की ओर नियमित चलाए जा रहे सत्संग में प्रान्त धर्मप्रसार एवं सत्संग प्रमुख सीएम भार्गव ने चर्चा की। भार्गव ने कहा कि भारत भूमि अवतारी महापुरुषों की भूमि हैं। यह पुण्यभूमि है, धर्म भूमि है, कर्म भूमि है, जगत जननी है, विश्व कल्याणकारी है। इसका कण-कण पवित्र है। इसकी पवित्र संस्कृति की रक्षा के लिए हम हर प्रकार का संघर्ष करेंगे, सम्पूर्ण संसार मे इसका जयघोष करेंगे। इससे पूर्व वाल्मीकि जयंती मनाते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। प्रखण्ड मातृशक्ति की संयोजिका चांदनी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में प्रान्त धर्मप्रसार एवं सत्संग प्रमुख सीएम भार्गव, जिला सत्संग प्रमुख गोपाल, धर्मप्रसार जिला सह धर्मप्रसार प्रमुख कुलदीप तिवाड़ी का पाथेय प्राप्त हुआ। प्रखण्ड दुर्गावाहिनी संयोजिका संतोष गुर्जर एवं प्रखण्ड मंत्री नंदकिशोर सनातन संस्कृति के विरुद्ध घटित हो रही घटनाओं के प्रति सावचेत किया। भजन एवं हनुमान चालीसा पाठ में मीना कंवर, ज्योति मीणा, हंसराज, अमन, नवीन, योगेश, वर्षा, मानवी, हरचिता, उर्मिला, तनु, नीतू व कशिश मौजूद रहे।

### मिर्च-हल्दी पाउडर के नमूने लिये

**जयपुर** । शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत बुधवार को तृतीय दल द्वारा मैसर्स चॉइस फूड एंड स्पाइसेज रामचंद्रपुरा इंडस्ट्रियल एरिया सीतापुरा से लाल मिर्च पाउडर एवं हल्दी पाउडर के दो नमूने जांच हेतु लिए गए। जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि टीम द्वारा मैसर्स यूनिवर्सल ट्रेडिंग कंपनी सीतापुरा इंडस्ट्रियल एरिया टोंक रोड निरीक्षण किया। जहां से हल्दी पाउडर का नमूना लिया गया। नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला में भिजवाया जायेगा एवं रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### हथियार समेत दो बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर** । गलता गेट थाना पुलिस ने ऑपरेशन आग के तहत दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से देशी पिस्टल सहित तीन कारतूस बरामद किए हैं। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। डीसीपी (नॉर्थ) परिस देशमुख ने बताया गिरफ्तार आरोपित बुद्धराज तेली (22) और इमरान पिनारा मंसुरी 18) भिनाय जिला अजमेर के रहने वाले है। आरोपियों को मुखबिर की सूचना पर गलता गेट चौराहा दिल्ली बाईपास रोड पर नाकाबंदी के दौरान पकडा है और उनके पास से देशी पिस्टल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किया है।

### '267 विद्यालयों में बनेंगी आईसीटी लैब'

**जयपुर** । जिला कलैक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने कहा कि जिले में 267 विद्यालयों में आई सी टी लैब स्थापित करने लिये प्रत्येक विद्यालय को 75 हजार 750 रुपये आवंटित किये जायेगे, जिसके लिये 202.26 लाख रुपये आवंटित करने का सर्वसम्मति से बैठक में अनुमोदन लिया गया। जिला कलैक्टर ने बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित डी.एम.एफ.टी. गवर्निंग काउन्सिल की 6 वीं बैठक में यह बात कही। उन्होंने बताया कि कलक्ट्रेट परिसर में वृक्षारोपण एवं आधारभूत सुविधाओं के लिये एक करोड़ रुपये का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। उन्होंने बताया कि 435 सिलिकोसिस पीड़ित एवं 93 सिलिकोसिस से मृतकों के आश्रित व्यक्तियों को पूर्व में दी गई सहायता राशि 13 करोड 27 लाख रुपये का अनुमोदन करवाया गया। जिला कलैक्टर ने बताया कि जिले के खनन प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्य करवाये जायेगे, जिनके लिये 34.70 करोड रुपये के कार्यों का अनुमोदन किया गया।



## World Sight Day

World Sight Day is a special annual day of awareness that is celebrated around the world each year in order to focus on blindness and vision impairment. This day was created by the World Health Organization in collaboration with the International Agency for the Prevention of Blindness and awareness is spread through a large number of different events.A large number of organizations around the world have been involved with World Sight Day for many years.



#TECHNOLOGY

# Stick To 4G For Now

Planning to buy a 5G smartphone? Here are a few pointers to consider to help you decide if now is the best time to buy a 5G phone for you.




Ahead of the transition to 5G, a number of users may be looking forward to choosing a 5G device for their next smartphone, but with an overwhelming number of options out there, choosing a smartphone can be a difficult task, 5G or otherwise.

On top of that, a number of 4G smartphones are also available right now, offering good performance for lesser pricing. These devices may feature older chipsets but may still provide a value-for-money experience for many.

If choosing between a 4G and 5G smartphone has you confused, here are a few reasons to pick both that should help you make the right call.

### Stick To 4G Phones For Now

**Coverage:** 5G network is currently available to only a handful of regions in India. While more cities are expected to get 5G coverage over the next year or two, this is something you must consider before spending five digits on a new phone.

If your region is not a Tier I or Tier II city, your new 5G phone may become a dated device out of its update cycles by the time you get 5G coverage. Make sure you will actually have access to 5G in your area of residence, work, etc before committing to buying a phone.

**Pricing:** 5G phones are generally more expensive, especially if you look at segments like the Rs 10,000 to Rs 15,000 one, where you can still find both 4G and 5G phones. While spending more money on a 5G phone or a 5G variant of the same device may seem like a good, future-proof idea, it will not be worth it if you don't have the coverage and budget for 5G plans.

Note that while 5G data plans may be priced equal to 4G in the beginning, they can quickly climb up for the faster service. If you won't be thrilled by higher prices for faster data, you may want to reconsider spending extra on a 5G phone as well. Remember, you can always get a more recent 5G phone later on, probably at a lesser amount.

Performance: in the lower-end segments you can get more performance out of a 4G phone compared to a 5G phone at the same price. While the 4G phone may not be the more future-proof option, it may still be the more powerful device, and the better choice if you cannot use 5G in your area.

### Reasons To Buy A 5G Phone

**Future-ready:** 5G smartphones are more future-proof devices, and not just because they support 5G networks. The industry is switching to 5G networks and chipsets that support them, just like we switched from the micro-USB port to the USB Type-C port. 5G phones will be the way forward.

Moreover, 5G phones will, of course, be newer devices that have the general benefits of getting a newer phone too. This includes frequent software updates, more recent features, better cameras and better performance.

**Upper segments:** If you're spending over Rs 20,000 on a smartphone, going for a 5G smartphone is a no-brainer. This is because there aren't a lot of 4G phones in the upper segments to choose from (unless you consider the used smartphone market) and for that price, you probably will use your phone for about three years, at which point most regions will have 5G coverage.




A 4G phone like the iPhone 11 may sound like a great deal when it is available for close to Rs 30,000 during sales, but keep in mind that such devices will not have many software updates left in its cycle, and will not support 5G ever, even if you move to a 5G compatible region later on.

**Need faster data speeds:** Of course, if you're someone who wants faster mobile data for work or other purposes, and are ready to spend money for it, a 5G smartphone is the way to go for you. Even if certain regions in India may not have the best 5G speeds right now, they are still faster than 4G speeds and could get better over time.

Not to mention, you may travel to regions with better 5G coverage in the future, whether in India or abroad, and to make the most of data speeds then, you will need a 5G-compatible device in your pocket.




# A Royal Dussehra With Full Attendence

The Royal dignitaries, politicians and celebrities addressed the event from India to encourage, support and celebrate the people and tradition In Canada. Mayor Patrick Walter brown (Former leader of the official opposition & MPP, 3term MP, 2 term city councilor) grace the occasion. Rajputs from various provinces across India, glorified and honoured the festivity under one roof, showcasing the strength of the Rajputana cultural heritage. With the overwhelming response, love and respect, it is clear that the event played a crucial role in the social construction of Rajput identity and cultural promotion in Canada.

#EVENTS



Parakaram Singh Jhala

As we approach the first frost on Thanksgiving in Canada, Rajput community of Canada's organising team (Parakram Singh Jhala, Navneet Singh Dodiya Yogeshvar Pratap Singh and Bharat Singh Rathore) added the warmth of festivity for the Rajput community in Canada by celebrating the first Dussehra event.

Organiser Parakram gave more details such as the event took place in Etobicoke, Ontario, where Rajputs from different cities and provinces gathered to celebrate the festival and its cultural heritage. The excitement was tremendous. The colourful and royal gathering, with men attired in the Safa, Padgi, Jama, Shervani-Salvar, Jodhpuri suit and women spreading the grace in traditional attire like poshak. The event started by welcoming everyone with a tilak, followed by the shastra pooja and beautiful traditional performances. The Rajput shastra pooja has it's procedures to celebrate the devoted, symbol, and shastra. The team had organized the pooja in such a way that everyone had chance to perform shastra rituals. After the pooja, women gracefully embraced the ethenic dance of Ghoomer, spreading a delightful aura of royalty. From individual performances to adorning the hall with group ghoomar was a sight full of colours and elegance.

The Royal dignitaries, politicians and celebrities addressed the event from India to encourage, support and celebrate the people and tradition In Canada. Mayor Patrick Walter brown (Former leader of the official opposition & MPP, 3term MP, 2 term city councilor) grace the occasion. Rajputs from various provinces across India, glorified and honoured the festivity under one roof, showcasing the strength of the Rajputana cultural heritage. With the overwhelming response, love and respect, it is clear that the event played a crucial role in the social construction of Rajput identity and cultural promotion in Canada.

Parakram also said that the blessings, guidance, and insight offered by traditional & Political leaders and Celebrities provide the community with a sense of identity, belonging, and purpose. We try to add dignitaries from different states of India as Rajput community members in this event will be from various states in India.

List of Guest connected virtually from India are listed below -





Maharaj Kumar Vishvaraj Singh Ji Udaipur-Mewar

HH Raj Rajeshwar Maharajdhiraj Maharaja Padma Vibhushan Shri Dr. Karan Singh Bahadur Indar Mahindar Sipar-i-Saltanat-i-Inglishia, Maharaja of Jammu and Kashmir (Former Union Minister of India and former Ambassador of India to the United States of America)

HH Raj Rajeshwar Saramad-i-Rajha-i-Hindustan Maharajadhiraja Maharaja Shri Gaj Singhji II Sahib Bahadur of Jodhpur-Marwar (Former High Commissioner to Trinidad and Tobago, Barbados and the Eastern Caribbean States, and Cmsnr for Montserrat, the Turks and Caicos Is, Cayman Is, and the British Virgin, MP (Rajya Sabha))

H.H. Maharajadhiraja Maharaja Mahi-Mahendra Maharao Raja Shri Ijyaraj Singh Bahadur, of Kotah

HH Samrajya Maharajadhiraja Bandhresh Shri Maharaja Pushparaj Singh Ju Deo Bahadur of Rewa

HH Maharana Maharaja Shri Raj Dr. Jayasinhji Mayurdhwajsinhji Sahib [Jawahir Dev Sahib], of Dhrangadhra (Ph.D from Harvard, Professor in Temple University)

HH Mahendra Maharaja Ragvendra Singh Ju Deo Bahadur, Maharaja of Panna

HH Maharaja Saheb Kamal Chandra Bhanj Deo of Bastar

HH Raja Ranvijay Pratap Singh Ju Deo of Jashpur (Former Member of Parliament)

Raja Shri Aishwarya Chand Katoch of Kangra

Raja Digvijay Singh Raghogarh (Member of Rajya Sabha, Former Chief Minister of Madhya Pradesh)

Raja Maheshwar Singh Ji Kulu (Former Member of Parliament Kulu, MLA and President of BJP Himachal Pradesh)





Yuvraj Sahab Harendrapal Singh Ji Vaghela of Poshina

HH Maharani Radhika Rajye of Baroda (Princess of Wankaner)

Princess Diya Kumari Ji Jaipur (Member of Parliament)

Princess Mohena Kumari Rewah (Indian Actresses)

Yuvrani Saheba Priyamvada Kumari of Talcher(Baisa of Meja)

Maharaj Kumari Bapu Lalji Lakshmi Kumari Sahiba of Ratlam

Honorable Union Minister Anurag Thakur (Minister of Information & Broadcasting and Youth Affairs & Sports)

Honorable Union Minister Narendra Singh Ji Tomar (Minister of Agriculture and Farmer Welfare)

Honorable Former Chief Minister Shankar Singh Ji Vaghela of Gujarat

Maharaj Kumar Dr. Ranjitsinhji Wankaner (He served Chairman of the Wildlife Trust of India (WTI); Dir-Gen CAPART; Dir. and Regional Co-ordinator WWF Tiger Conservation Programme (TCP). Regional Adviser in Nature Conservation (Asia & Pacific) for UNEP. Trustee The Corbett Foundation, member National Forest Commission, Indian Institute of Forest Management Society, International Tropical Timber Organization, Madhya Pradesh State Wildlife Board until 2006)

HE Savitri Kunadi (Former Indian ambassador to France, Peru, Bolivia, Ambassador/PR of India to UN in Geneva & to UNESCO)

Maharaj Rao Dr. Sumer Singh Ji Basali (President of the Boarding Schools Association of India and on the Council Board of World Leading Schools Association, Former Chairman of IPSC)

Thakur Chandrachur Singh Jalalpur (Bollywood Actor)


International Basketball Player Pratima Singh Solanki.

> Rajputs from various provinces across India, glorified and honoured the festivity under one roof, showcasing the strength of the Rajputana cultural heritage. With the overwhelming response, love and respect, it is clear that the event played a crucial role in the social construction of Rajput identity in Canada.


writetoarbit@rashtradoot.com


#PET-LIFE

Cats have never been selectively bred to enhance their ability to cooperate and communicate with us, or perform working roles such as herding, hunting or guarding.



# How To Train Your Cat

The pandemic fuelled a rise in first-time pet owners and people adopting puppies and kittens. While even inexperienced owners expect a new puppy will need some training, people rarely think the same applies to kittens.

But just like dogs, cats need support to adjust to living alongside us. Simple forms of training can be good for their wellbeing.

Compared to dogs, cats share different historic relationships with humans. Cats have never been selectively bred to enhance their ability to cooperate and communicate with us. But research shows they can recognise and respond to our subtle social cues and be trained to perform similar tasks to dogs.

At home, we can use simple techniques to help cats with things like feeling comfortable in a cat carrier, getting used to car journeys, as well as tolerating being groomed and receiving basic health examinations and treatments. Such training can also help cats cope better with visits to the vet.

### What Works


Cats are not born with an innate affinity towards humans and must be exposed to gentle, warm handling from two weeks old so they can learn we are friend rather than foe. There is limited evidence that younger cats are more attentive to our social cues, which could mean they are more amenable to training. Kittens should also be played with using cat wands or fishing rod toys so that they learn not to attack our hands or feet.

Punishments such as shouting, rough handling or using a water spray can induce stress and compromise the quality of owner-cat relationships. Always use positive reinforcement (such as treats and praise). This is not only the most effective way to train pets, but it's also better for their wellbeing.

Reward-based techniques can be an excellent way to teach a cat to enter a carrier on their own or sit calmly whilst we deliver their flea treatment. Some very friendly food motivated cats may enjoy being taught to give a high five, or to sit or spin.

But cats are often less motivated than dogs to pay attention to us, or do what we are asking, especially in situations where they don't feel comfortable.

It's important that we make sure the cat is somewhere they feel at ease when we undertake any training with them. Always ensure the cat has the option to walk away or end the session when they want and try to give them a break if they seem uncomfortable. Signs to look for include the cat turning their head away, nose licking, head shaking, a raised paw, sudden bouts of self-grooming, looking hunched or tense, a twitching or thumping tail and rotated or flattened ears.



*Here's how to teach your cat enter a carrier and settle in five easy steps:*

### Lure them onto a blanket

In a place where your cat already feels safe, teach him or her to settle on a blanket. Do this by luring the cat onto the blanket using food.

Reward the cat for staying on the blanket with more treats, petting or verbal praise, depending on what your cat likes most. Feed treats at nose height to encourage them into a sit position, then feed treats at ground height to encourage the cat to crouch and then eventually lay on the blanket.

### Introduce the carrier

Once your cat has mastered step one, place the blanket on the bottom of a carrier with the lid removed. Repeat the same luring and rewarding steps.

### Take it slowly


When your cat is happily resting on the blanket in the carrier, place the lid on top of the carrier (without attaching the door) and repeat the luring and rewarding process.

### Let your cat set the pace

After your cat has happily entered the carrier and settled inside, place the door on the carrier but keep it open to start with, so that he or she doesn't suddenly feel trapped inside. Allow them to exit the carrier when they want and use treats to encourage them back in. In small movements, start to close the door slightly then open it again, each time giving the cat a treat. Build this up slowly until the door can be fully closed (for only a few seconds at first) while the cat is still comfortable. Feed the cat treats through the closed door.

### Almost there

Work towards the cat being in the carrier with the door closed for longer periods, adding a few extra seconds each time. Keep rewarding the cat by popping treats through the sides or door of the carrier, gradually increasing the time between each treat delivery. Each training session should last no more than a few minutes in total, and some cats may prefer only one session a day. It might take lots of sessions and many days or weeks before this final step is complete.



# Organic Clothing Line




Greedingo founders with Dia Mirza.

Greendigo combines practical designs with organic materials and sustainable processes to create one-of-a-kind, 100 percent carbon neutral clothes that are loved by children and adults alike. Dia, who feels this credo is in perfect harmony with her own eco-friendly and environmentally conscious lifestyle, has stepped in as a Strategic Investor and Brand Ambassador for the company.



Vikram Joshi
*Textile Technologist & Historian*

#SUSTAINABILITY

Greendigo, a three-year-old, female-founded, sustainability-driven brand of organic baby clothing has announced a strategic partnership with actor, producer, UNEP Goodwill Ambassador and SDG Advocate Dia Mirza.

The founders of Greendigo are two MGD educated Jaipur girls. Meghna Kishore and Barkha Bhatnagar Das.

Greendigo combines practical designs with organic materials and sustainable processes to create one-of-a-kind, 100 percent carbon neutral clothes that are loved by children and adults alike. Dia, who feels this credo is in perfect harmony with her own eco-friendly and environmentally conscious lifestyle, has stepped in as a Strategic Investor and Brand Ambassador for the company.

She joins the Greendigo family as a parent, an advocate for the planet, and an investor, with the primary goal of delivering the company's powerful, heartfelt and purposeful message to a broader audience.

"We're thrilled to have Dia on board in a multi-pronged capacity," says Barkha Bhatnagar Das, co-founder, Greendigo and adds, "Our vision is uncompromisingly focused upon ensuring that organic clothing for kids becomes normative rather than an exception. With someone as relatable, credible and successful as Dia as our ambassador, we have no doubt that our message will reach far and wide."

With this partnership, Greendigo hopes to create awareness about the harmful effects of toxic chemicals that are found in conventional baby clothing. Greendigo also hopes to leverage the wide reach of Dia Mirza's diverse platforms to push for a mindful shift to organic clothing and nursery essentials that focus on comfort, quality, safety, functionality and aesthetics.

"There's nothing more important to us than the well-being and health of our little ones. So, we spend a lot of time understanding the unique challenges that new parents face while looking for things that check the boxes of sustainability, safety and comfort," explains Meghna Kishore, co-founder, Greendigo.

Speaking about the strategic partnership, new mom Dia said, "I believe that the future of our children is directly dependent on the choices that we as parents make today. What I love most about Greendigo is that it resonates with me as a parent and as an earth citizen. I have been speaking for the planet for a long time but raising a child has made me even more determined to ensure environmental wellbeing. This is why I am very happy and proud to support a brand that shares my mission to protect Mother Earth with its internationally certified products, plastic-free packaging, zero carbon emission operations and alignment with all 17 UN SDGs. I feel actions matter more than words and Greendigo shares this belief as well."

It's safe to say that this synergy between Greendigo and Dia is as organic as a mother's love for her child.


As Dia says, "Our beliefs and values match and together we want to expand the scope and potential of the baby wear industry."




### About Greendigo


Greendigo Organic Clothing is a homegrown, women-led brand of organic cotton apparel for babies. It is the only D2C baby apparel brand in India to be certified by the internationally recognised Global Organic Textile Standard (GOTS). This seal of trust ensures the organic status of raw materials as well as assures that manufacturing processes are environmentally and socially responsible. Operational since 2019, the brand offers baby clothing and nursery essentials that are safe, comfortable, thoughtfully designed and meet international quality standards. Available on www.greendigo.com and leading marketplaces including Myntra, Nykaa Fashion, Firstcry, Tata Cliq, Ajio and Amazon, Greendigo's product range includes baby essentials like onesies, tops, swaddles, blankets, cot sets etc.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# इन्दिरा रसोई के खाने में सेंधमारी कर संवेदक ने 2.67 लाख रुपए उठाये

## संवेदक ने कम्प्यूटर में फर्जी एंट्री कर सरकार को लगाया चूना

**मांडलगढ़, (निसं)।** मांडलगढ़ कस्बे में राज्य सरकार द्वारा संचालित इंदिरा रसोई के खाने में सेंधमारी कर संवेदक द्वारा लाखों की राशि का घपला करने का मामला सामने आया है।

संचालक ने ज्यादा मुनाफे के लालच में ऑनलाइन होने वाली भोजन थालियों की फर्जी एंट्री की। उक्त मामला उजागर होने के बाद संवेदक को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया है और संचालक ने रसोई को बन्द कर दिया है। स्वायत्त शासन विभाग निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव ह्रदेश कुमार शर्मा ने 11 अक्टूबर को जारी किए आदेश में बताया कि बूंदी जिले के केशवराय पाटन की संस्था आइडियल पब्लिक एजुकेशन सोसायटी को मांडलगढ़ में इंदिरा रसोई संख्या 196 का संचालन का ठेका जारी कर रखा था। इसके संचालन में फर्जी कूपन काटकर 2.67 लाख का भुगतान सरकार से उठा लिया।



स्वायत्त शासन विभाग ने कार्रवाई कर संवेदक की फर्म को ब्लैक लिस्ट कर रसोई को बन्द किया।

जांच में फर्जीवाड़ा सामने आने पर स्वायत शासन विभाग ने संस्था को तुरंत ब्लैक लिस्टेड कर दिया है और सोसायटी पर 1 लाख का जुर्माना भी लगाया है, इसकी वसूली निदेशालय स्तर से ऑनलाइन जरनेट बकाया बिलों से व जिला कलक्टर की ओर से एक्ट के तहत वसूली की जाएगी। वहीं संवेदक के बकाया बिलों के भुगतान पर रोक लगाने के साथ अमानत राशि 50 हजार रुपए जब्त किए जाएंगे।

इस सोसाइटी के नाम पर मांडलगढ़, भीलवाड़ा व गंगापुर में इंदिरा रसोई संचालित है, स्वायत्त शासन विभाग की टीम द्वारा 1 जून से 31 अगस्त 2022 तक लंच-डिनर में फ़ोटो से फोटो खींचे जाकर फर्जी

- **स्वायत्त शासन विभाग ने फर्म को ब्लैक लिस्ट कर एक लाख का जुर्माना ठोका**

कूपन काटे गए। रेण्डमली सर्वे में मांडलगढ़ की इंदिरा रसोई में कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा 1 जुलाई से 30 सितंबर 2022 तक की गई जांच में भोजन करने वालों के फोटो व मोबाइल नम्बर कूटरचित मिले है।

इस दौरान नगर पालिका को वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए है। इस मामले में नगर पालिका मांडलगढ़ अधिशाषी अधिकारी ललित सिंह राठौड़ ने बताया कि इंदिरा रसोई के संवेदक की फर्म को विभाग द्वारा ब्लैक लिस्ट कर दिया गया है और रसोई का संचालन नगर पालिका द्वारा नवींन संस्था का चयन कर संचालित करने के आदेश मिले हैं।

# ज्वाइंट कमिश्नर के भाई व उसके साथी की सड़क हादसे में मौत

## लोक परिवहन बस ने मारी टक्कर, बस भी पलटी, एक दर्जन यात्री घायल

**झुंझुनूं, (निसं)।** शहर के बीड़ में लोक परिवहन की बस ने एक कार को जबरदस्त टक्कर मारी। जिससे कार सवार दो लोगों की मौत हो गई। वहीं बस भी पलट गई। जिसके चलते बस में सवार करीब एक दर्जन सवारियों को चोटें आई है। जिन्हें निजी और सरकारी अस्पताल ले जाया गया।

जानकारी के मुताबिक झुंझुनूं में कार्यरत स्टेट जीएसटी में ज्वाइंट कमिश्नर सुनिल मील का भाई शाहपुर हाल चिड़ावा चौधरी कॉलोनी निवासी राजकुमार मील अपने एक साथी मानोता जाटान हाल पिलानी रोड चिड़ावा निवासी प्रवीण ढाका के साथ बगड़ से झुंझुनूं की ओर आ रहा था। बीड़ में सामने से आ रही लोक परिवहन बस के चालक ने तेज रफ्तार में बस चलाते हुए कार को जबरदस्त टक्कर मारी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ना केवल कार के परखच्चे उड गए बल्कि बस भी क्षतिग्रस्त हो गई और वन विभाग की तारबंदी तथा एक पेड़ को तोडते हुए पलट गई।

घटना पर मौजूद लोग घायलों को अस्पताल पहुंचाने की बजाय वीडियो बनाते रहे। करीब आधे घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो कार सवार एक

- **घटना पर मौजूद लोग घायलों को अस्पताल पहुंचाने की बजाय वीडियो बनाते रहे**

घायल को एंबुलेंस के द्वारा बीडीके अस्पताल रवाना किया। जिसकी रास्ते में मौत हो गई। इसके बाद कार से दूसरे मृतक प्रवीण का शव निकालने के लिए दो क्रेनों की मदद ली गई। इन क्रेनों से ही कार में फंसा हुआ शव निकाला गया। वहीं मौके पर एएसपी डॉ. तेजपालसिंह पहुंचे। बस में सवार घायल यात्रियों को अलग-अलग अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

घटना के बाद से बस चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है। हादसे के बाद यातायात भी प्रभावित रहा। जिसे यातायात पुलिस ने आकर सामान्य करवाया। वहीं मौके पर बगड़, सदर और कोतवाली, तीन थानों की पुलिस भी पहुंच गई है। हादसे में भाई की सूचना के बाद ज्वाइंट कमिश्नर सुनिल मील भी बीडीके अस्पताल पहुंचे। जिन्हें साथ आए उनके अधिकारियों और कर्मचारियों ने ढांढस बंधवाया।

### सड़क हादसे में दो की मौत

**नवलगढ़, (निसं)।** कस्बे की गोठड़ा रोड पर आज एक दर्दनाक हादसे में दो जनों की जान चली गई। जानकारी के मुताबिक रघुनाथपुरा निवासी नेकीराम जाट अपनी पत्नी की दवा लेकर नवलगढ़ से वापिस गांव लौट रहा था कि गोठडा रोड पर टोंक छिलरी निवासी इंद्रादेवी मूंड ने नेकीराम से लिफ्ट ली।

दोनों बाइक से निकले ही थे कि पीछे से एक डंपर ने बाइक को टक्कर मारी। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को नवलगढ़ जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। जहां पर कल सुबह शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा जाएगा। नेकीराम, इंदिरा को लेकर रवाना ही हुआ था कि पीछे से डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस सड़क पर आए दिन छोटे मोटे हादसे होते रहते है। वहीं तेज रफ्तार में दौडती गाडियों से हादसों का डर ग्रामीणों में बना रहता है।

# ज्वैलर्स की दुकान से चार लाख के गहने पार

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर शहर के निहालगंज थाना से महज करीब 3 सौ मीटर की दूरी पर चोरों ने मंगलवार बुधवार की रात्रि को चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने एक ज्वैलर्स की दुकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए के सोने चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया।

- **निहालगंज थाना से महज तीन सौ मीटर की दूरी पर हुई चोरी की वारदात**
- **छत के रास्ते से दुकान में प्रवेश कर की वारदात**


निहालगंज थान पुलिस ने घटना का मौका मुआयना किया।

पीड़ित दुकानदार सुभाष गर्ग ने बताया कि पुरानी सब्जी मंडी के पास सुनार मार्केट में उसकी जूलरी की दुकान है। जिसको वह शाम 8 बजे रोजाना की तरह बंद करके घर चला गया था। जब वह सुबह आया तो उसने देखा कि उसकी दुकान में सामान बिखरा हुआ पड़ा था। जिस पर उसने छत पर जाकर देखा तो छत के गेट का ताला टूटा हुआ मिला। चोरों ने छत के रास्ते से दुकान में प्रवेश कर की चोरी की वारदात।

पीड़ित ने बताया कि उसकी दुकान से चोरों ने करीब 4 से 5 लाख के सोने चांदी के आभूषणों सहित 5 हजार की नगदी पर हाथ साफ कर दिया है। जिसकी उसने सूचना निहालगंज थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया और चोरों की तलाश शुरू की।

# साक्षात्कार का परिणाम जारी

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा बुधवार को सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2020 के तहत संस्कृत तथा होम साइंस (फूड न्यूट्रिशन) विषयों के साक्षात्कार का परिणाम जारी किया गया।

आयोग सचिव एचएल अटल ने बताया कि सहायक आचार्य-संस्कृत लिखित परीक्षा के परिणाम में अस्थाई रूप से सफल घोषित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार का आयोजन 6 अक्टूबर से 11 अक्टूबर 2022 तक किया गया था। साक्षात्कार के बाद संबंधित सेवा नियमानुसार मुख्य सूची में 39 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है। इसी तरह सहायक आचार्य-होम साइंस (फूड न्यूट्रिशन) लिखित परीक्षा के परिणाम में अस्थाई रूप से सफल घोषित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार 11 अक्टूबर को आयोजित किए गए थे। इसमें साक्षात्कार के बाद संबंधित सेवा नियमानुसार मुख्य सूची में 5 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है।

# दिनदहाड़े चिकित्सक का बैग पार, सीसीटीवी में कैद हुआ चोर

## उक्त चोर ने पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली के मोबाइल को पार करने की वारदात की थी

**भुसावर, (निसं)।** चिकित्सालय में सीसीटीवी कैमरा लगे होने के बाद भी चोर बेफिक्र होकर आते हैं और चोरी की बारदात को अंजाम देकर पुन: निकल जाते हैं। जो कई बार सीसीटीवी कैमरों में कैद होने के बाद भी पुलिस की पहुंच से दूर बने हुए हैं।

ऐसा ही नजारा देखने को मिला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर जहां दिनदहाडे चोर ने आकर चिकित्सा प्रभारी के कमरे में घुसकर चिकित्सक के बैग को पार कर लिया जिसमें टैब सहित विभिन्न जरूरी कागजात रखे हुए थे। घटना का पता चलने के बाद चिकित्सक ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो चोरी की बारदात सामने आयी और चोर सीसीटीवी में कैद हो गया। जिसके बाद चिकित्सक ने पुलिस को सूचना देकर चोर के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। उक्त चोर द्वारा पहले भी पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली के मोबाइल को पार करने की वारदात को अंजाम देने की बात सामने आयी है।

कस्बा भुसावर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर कार्यरत चिकित्सक विनोद मीना ने थाना पर दी रिपोर्ट में बताया कि मेरा बैग हॉस्पीटल के कमरा नं. 15 में रखा हुआ था। जिसमें मोबाइल टैब, सिम, पेन ड्राइव सहित विभिन्न महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुए थे। मरीज को देखने जाने के बाद चोर ने कमरे में प्रवेश करते हुए कमरे में रखे बैग को पार कर लिया और मौके से फरार हो गया। घटना का पता चलते ही सीसीटीवी फुटेज खंगाले गये जिसमें एक युवक कमरे में प्रवेश करते हुए बैग को ले जाता नजर आया।



सीसीटीवी में कैद हुआ बैग पार करने वाला आरोपी।

# करवाचौथ पर खरीददारी के लिए उमड़ी महिलाएं

**पावटा, (निसं)।** सुहागिनों के महापर्व करवाचौथ व्रत पर सुहागिन महिलाएं पूरा दिन बिना कुछ खाए-पीए रहती हैं और मां गौरी की उपासना करती हैं। इस पर्व पर 16 शिंगार का विशेष महत्व है और इन्हीं 16 शिंगारों से पावटा कस्बे के सुभाष चौक के आस -पास सजे बाजारों में खरीददारी हेतु महिलाओं का सैलाब उमड़ा।

महिलायें सोलह श्रृंगार की सामग्री के अलावा घी और पूजा की सामग्री भी खरीद रही है। इन दिनों सबसे अधिक भीड कपडे, जूलरी , मिठाई पूजा सामग्री की दुकानों पर दिखाई दे रही है। पावटा के मुख्य बाजारों सहित बस स्टैंड तक हर जगह महिलाओं की भारी भीड़ दिखाई दी। इस पर्व पर हाथों में मेहंदी लगवाने का विशेष महत्व माना जाता है। मेहंदी लगाने वाली महिलाओ व कुवारी लडकियों की ब्यूटी पार्लरो पर भीड़ रही।



कपड़े की दुकान पर खरीददारी करती महिलाएं।

सुहाग की दुकानों और माल व मार्ट में मनपसंद का सामान खरीदने को महिलाएं उमडी। करवा चौथ पर महिलाएं विशेष रूप से सजने संवरने को ब्यूटी पार्लरों का रुख करती हैं। वस्त्र व्यापारी जगदीप धनकड, एमएम ग्रुप निदेशक मनोज मित्तल, दिलीप गोयल, रतन जिंदल, गुडिया साडी सेंटर अमित जिंदल, संतोष क्लॉथ हाउस संतोष गुप्ता ने बताया कि कोरोना काल के तकरीबन 2 साल के बाद इस बार अच्छा कारोबार होने की उम्मीद है।

कपिल ज्योतिष परिषद खेलना से पं. महेश मिश्रा ने बताया कि इस बार करवा चौथ पर ग्रहों की विशेष स्थिति बन रही है। इस समय देवगुरु बृहस्पति बुद्ध और शनि स्वगृही यानी अपनी अपनी राशि में विराजमान है जिससे सुख और सौभाग्य पाने में सरलता होगी।

# 'सूचना का अधिकार' दिवस की 17वीं वर्षगांठ मनाई

**ब्यावर, (निसं)।** चांग गेट पर आरटीआई प्रणेता अरूणा राय के नेतृत्व में चले 40 दिन के धरने के बाद केन्द्र सरकार को झुकना पडा और सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 को पास करना पडा था। उन दिनों की यादों को ताजा करने के लिए शहर के आर.टी.आई कार्यकर्ता आज चांग गेट स्थित आरटीआई स्मारक पर इक्ट्ठे हुये।

इस दौरान उस समय के संघर्ष के साथी कार्यकर्ता भी उपस्थित हुये उन्होंने पुराने संस्मरण सुनाकर कर पुरानी यादों को ताजा किया और "हमारा पैसा-हमारा हिसाब, नहीं किसी से भींख मांगते-हम अपना अधिकार मांगते" इत्यादि नारों का उद्घोष किया व इस कानून की जानकारी वाले पैम्पलेट बांटे।इस मौके पर पार्षद विजेन्द्र प्रजापति, रामप्रसाद कुमावत एवं नीलेश बुरड़ ने इस कानून के बारे में उद्बोधन देते हुए जानकारी दी और बताया कि कैसे इस कानून को उपयोग में लेकर अपने क्षेत्र में होने वाले कामों का ब्यौरा हम मांग सकते हैं व अपने रूके हुए कामों की जानकारी भी आरटीआई में प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर आरटीआई कार्यकर्ता रामप्रसाद कुमावत, विजेन्द्र प्रजापति, एडवोकेट नीलेश बुरड़, राधावल्लभ माहेश्वरी, कन्हैयालाल खत्री, मदनलाल सैन, मूलचंद अग्रवाल, रियाज जाफरी, श्याम सुन्दर शर्मा, मनोज बारूपाल, बाबू चीता इत्यादि कई आरटीआई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आज आरटीआई प्रणेता अरूणा राय दोपहर 4 बजे सुभाष सर्किल अजमेरी गेट पर जनसभा को सम्बोधित करेगी। आरटीआई प्रणेता आईएएस अरूणा राय, सामाजिक कार्यकर्ता निखिल डे, शंकर जी एवं मजदूर किसान शक्ति संगठन के कार्यकर्ता इक्ट्ठे होकर रैली के रूप में अजमेरी गेट से महादेवजी की छत्री, पांच बत्ती, लौहरान चैपड होते हुए चांग गेट पहुंचेगे जहां एक जन सभा आयोजित की जायेगी।

# पं. भंवरलाल शर्मा को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने श्रद्धासुमन अर्पित किये


दिवंगत विधायक पं. शर्मा के निवास स्थान पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पूनिया व कई नेताओं ने श्रंदाजली दी।

**सरदारशहर, (निसं)।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारियों ने दिवंगत विधायक पं. भंवरलाल शर्मा को श्रद्धांसुमन अर्पित किये। इस अवसर पर पूनिया ने अनिल व केशरी शर्मा एवं परिवारजन को सांत्वना देते हुए कहा कि श्रद्धेय भंवरलाल शर्मा का मेरे प्रति स्नेह पितृवत था। बरसों बरस लगभग 1990 से संपर्क में था सहयोग से 2018 में विधायक के नाते सदन में सदस्यता की शपथ स्पीकर के नाते पंडितजी ने ही दिलवाई थी । वे सदन में हमेशा बाकी लोगों को कहते थे यह मेरे चुरू जिले का है हमेशा उनका आशीर्वाद मिलता था।

उनकी मिलनसारिता हमेशा स्मृतियों में रहेगी यही मेरी विनम्र श्रद्धांजलि है। उनके साथ पूर्व उपराष्टपति भैरोसिंह के दोहिते अभिमन्यु सिंह राजवी, रतनगढ़ विधायक अभिनेष महर्षि, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मवीर पुजारी, पूर्वजिलाध्यक्ष ओम सारस्वत, उदयपुरवाटी पूर्व विधायक प्रेमसिंह बाजौर, सीकर पूर्व विधायक रतन जलधारी, भाजपा प्रदेश महामंत्री कैलाश मेघवाल, प्रदेश संयोजक आईटी सैल अभिमन्यु, पूर्व विधायक अशोक, मुरलीधर, सुरेश सहित अनेक भाजपा पदाधिकारियों ने दिवंगत पं.भंवरलाल शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# क्षेत्र के लोगों के लिए हमेशा समर्पित रहते थे पं भंवरलाल शर्मा: सचिन पायलट

## कांग्रेस के पूर्व सीएम पायलट विधायक पुत्र राज्य मंत्री अनिल शर्मा व केशरीचंद शर्मा से भी मिले

**सरदारशहर, (निसं)।** दिवंगत लोकप्रिय विधायक भंवरलाल शर्मा को श्रद्धांजलि देने बुधवार सुबह कांग्रेस के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट पहुंचे और यहां पर उन्होंने विधायक आवास पर दिवंगत शर्मा को श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान विधायक पुत्र अनिल शर्मा व केशरी शर्मा से सचिन पायलट ने कहा कि प्रदेश के लोकप्रिय विधायक भंवरलाल शर्मा स्पष्ट वादी नेता थे। परिस्थिति चाहे कैसी भी हो अपने क्षेत्र के लोगों के लिए हमेशा समर्पित रहते थे और यही कारण था कि लोगों ने उन्हें 7 बार जीता कर विधानसभा में भेजा । उन्होंने अपने जीवन में बहुत उतार-चढाव देखे और राजनीति में एक लंबा सफर तय किया। उनके अनुभवों से हमें भी बहुत कुछ सीखने को मिलेगा ।

राजनीति में उनके बेबाक अंदाज का हर कोई कायल था। उनके साथ बिताए पलों को याद करते हुए पायलट ने कहा कि वो आज हमारे बीच नहीं रहे पर उनकी यादें हमेशा हमारे साथ रहेंगी। उन्होंने दोनों भाईयों सांत्वना देते हुऐ कहा कि पिता के आदर्शो को अपना कर उनके अधूरे कार्यो को पूरा करते हुए राजनीति में क्षेत्र के लोगों की सेवा करें। इस दौरान पायलट करीब 25मिनट तक विधायक आवास पर रुके और विधायक शर्मा के कार्यकर्ताओं एवं परिवार के सदस्यों को सांत्वना दी।


पूर्व डिप्टी सीएम पायलट ( बीच में ) ने सरदारशहर पहुंचकर दिवंगत विधायक पं. शर्मा को श्रंद्धाजली दी।

इस अवसर पर मसूदा विधायक राकेश पारीक, विप्र कल्याण बोर्ड के महेश शर्मा, कांग्रेस नेता श्रीलाल जोशी, चूरू के पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया, पूर्व आटीसेल कांग्रेस रफिक खान, पूर्व एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया, कुलदीप बिश्नोई, पूर्व राज्यसभा सांसद अश्क अली टांक, राजगढ़ अलवर विधायक ज्ञानदेव आहूजा, आईटी सेल के सोनू जांगिड आदि पायलट के साथ रहे। वहीं स्थानीय लोगों में पालिकाध्यक्ष राजकरण चौधरी, उपाध्यक्ष अब्दुल रशीद चायल, कांग्रेस नगर अध्यक्ष महावीर माली, गिरधारीलाल जोशी, जयचंद शर्मा, नेमचंद पंवार, पार्षद मुंशीशाह भाटी और शेर मोहम्मद बिसायती सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# निवाई में बाजरे से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, हादसा टला

**निवाई, (निसं)।** उपखंड कार्यालय एवं तहसील कार्यालय से मात्र 300 मीटर दूरी पर झिलाय रोड पर स्थित बाईपास पुलिया के नीचे सडक मार्ग पर बरसात का पानी भरा रहता है। जिसमें गहरे गढ ढे हो रखे है। गहरे गढ ढों में आए दिन वाहन चालकों सहित कई छात्र-छात्राएं गिरकर घायल हो रहे है।

बुधवार की दोपहर हरकेश मीणा पुत्र मूलचंद मीणा निवासी खेडा ग्राम पंचायत लखनपुर तहसील बोली अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली में 150 बाजरे के भरे हुए कट्टे हुए एवं करीब 20 खुले हुए बाजरे के कट्टों को निवाई कृषि उपज मंडी में बेचने के लिए आ रहा था। ज्योही उसने ट्रक्टर-टॉली को सडक पर भरे पानी में धीरे-धीरे सावधानी पूर्वक उतारा तो अचानक भरे हुए पानी में ट्रॉली पलट गई। जिससे बडा हादसा टल गया। बाजरे के कट्टे पानी में खराब हो गए। मेहनत से बोई गई बाजरे की फसल नष्ट होने से किसान मायूस हो गया। कॉलोनिवासी विक्रमसिंह गुर्जर सहित कई लोगों ने बताया कि पिछले कई वर्षो से स्थानीय प्रशासन सहित सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया, विधायक प्रशांत बैरवा को ज्ञापन सौंपकर पानी की निकासी करवाने एवं सडक की मरम्मत करवाने के लिए अवगत करवाने के बावजूद भी आज तक पानी की निकासी का कोई समाधान नहीं हुआ। पुलिया के पास कॉलोनी में भी पानी भरा हुआ है।



ट्रॉली पलटने से बाजरे के कट्टे पानी में खराब हो गए तथा फसल नष्ट होने से किसान मायूस हो गया।

■ पानी की निकासी एवं सड़क की मरम्मत कराने के लिए कई बार दे चुके ज्ञापन, नहीं हुई कार्रवाई

स्थानीय लोगों ने कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया गया लेकिन उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण व रेलवे विभाग पर टाल देते हैं। जिसकी वजह से आम जन में भारी आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने बताया भरे हुए पानी में खड्डे नहीं दिखने के कारण आए दिन यहां पर दुर्घटनाएं हो रही हैं। शहर का सबसे व्यस्तम रोड है जिससे करीब 200 सरकारी महिला पुरुष कर्मचारी डेली अप डाउन करते हैं। जो गिरकर घायल हो जाते हैं। भरे हुए पानी में कई जहरिलें किडे सहित सांप पनप रहे है। जो कई बार घरों के अन्दर घुस जाते है।

## संक्षिप्त

### आज 5 घंटे रहेगी विद्युत कटौती

**मालपुरा, (निसं)।** दीपावली पूर्व विधुत लाईनों के आवश्यक रखरखाव कार्यो के चलते गुरूवार को मालपुरा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 5 घंटे विधुत कटोती रहेगी। विधुत निगम के सहायक अभियंता कदम वशिष्ट ने बताया कि 13 अक्टूंबर को आदर्श नगर, रामनगर, केशव नगर, शास्त्री नगर, अम्बेडकर कॉलोनी, फलोदी बालाजी व आसपास के क्षेत्रों में विधुत लाईनों के रखरखाव के चलते प्रातः 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक विधुत कटोती रहेगी।

### आशा नामा ने संभाला कार्यभार

**मालपुरा, (निसं)।** स्वायत शासन विभाग निदेशक ह्रदेश कुमार के आदेशों पर कांग्रेस पार्षद आशा नामा ने बुधवार को 60 दिन के लिए मालपुरा नगरपालिका अध्यक्ष का दूसरी बार कार्यभार संभाला। बीते दिनो 7 अक्टूंबर को डीएलपी निदेशक द्वारा भाजपा की सोनिया सोनी को निलम्बित किये जाने के बाद रिक्त हुए पालिका अध्यक्ष पद पर कांग्रेस की आशा नामा को पदभार संभाले जाने के आदेश मंगलवार को जारी किये जाने पर बुधवार को कार्यवाहक ईओ देशराज मीणा सहित डीआर छोगालाल गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष रामदेव बैरवा सहित टोडारायसिंह पालिका अध्यक्ष सत्यनारायण सैनी की उपस्थिति में कार्यभार संभाला।

### कल पानी की सप्लाई बाधित

**किशनगढ बास, (निसं)।** पंजाब नेशनल बैंक के पास पानी सप्लाई की राइजिंग पाइपलाइन क्षतग्रिस्त होने के कारण शुक्रवार को शहर की पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी। जलदाय विभाग के सहायक अभियंता प्रदीप शर्मा ने बताया कि तिजारा रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक के पास राइजिंग पेयजल सप्लाई की लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण शुक्रवार को शहर की पेयजल सप्लाई नहीं होगी।

### कमरा नंबर 4 को लेकर चर्चाएं

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय पर लालसोट चिकित्सा एवं स्वास्थ्य महकमे से जुडे कमरा नंबर 4 को लेकर क्षेत्र में विशेष चर्चाओं ने जमकर जोर पकड रखा है। मौजूदा समय में लालसोट चिकित्सा विभाग के किसी कार्यालय के कमरा नंबर 4 में हुई अवांछित गतिविधियों का वीडियो बनना जनमानस के मुंह पर चर्चा का विषय बना हुआ है। कमरा नंबर 4 में किस तरह की संदिग्ध गतिविधि हुई एवं किस तरह की संदिग्ध गतिविधियों का वीडियो किसके द्वारा बना लिया गया यह बडी चर्चा का विषय मौजूदा समय में क्षेत्र में बना हुआ है।

### 8 घंटे बिजली बंद रहेगी

**निवाई, (निसं)।** मरम्मत कार्य के चलते गुरुवार को ग्रामीण क्षेत्र में 8 घंटे बिजली बंद रहेगी। कनिष्ठ अभियंता राघव अग्रवाल ने बताया कि प्रातः 9 से शाम 5 बजे तक गांव झिलाय, गोपालपुरा, केरोद, लक्ष्मीपुरा, देवपुरा, गंगापुरा, बस्सी, खेडा, खेडीमानपुर, मेहताबपुरा, नाका चौकी, नला, सकतपुरा के आस-पास के क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

### आशाराम गुर्जर चयनकर्ता नियुक्त

**निवाई, (निसं)।** 32वीं सब जूनियर राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता अजमेर के लिए रा उ मा वि सैदरिया खुर्द के शारीरिक शिक्षक आशाराम गुर्जर को टोंक टीम के लिए मुख्य चयनकर्ता एवं राज्य स्तरीय प्रशिक्षण के लिए नियुक्त किया गया है।

### जुआ खेलते पांच गिरफ्तार

**निवाई, (निसं)।** बरौनी पुलिस ने बुधवार को जुआ खेलते 5 जनों को गिरफ्तार किया है। जिनसे 518० रूपए की जुआ राशि जप्त की है। बरौनी थाना प्रभारी हरीराम ने बताया कि बरौनी में स्थित मंगल फैक्ट्री के सामने चाय की थडी के पास पप्पूलाल बंजारा निवासी शाहपुरा नाहरगढ बांरा, रामराज गुर्जर निवासी दोताना, गंगदेव गुर्जर निवासी दादीया, राजू जाट निवासी दोताना एवं उमेद जाट निवासी दोताना को ताश-पतियों पर जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान जारी किया है।

### मंत्री रामलाल जाट कल टोंक में

**टोंक, (निसं)।** प्रदेश के राजस्व मंत्री रामलाल जाट शुक्रवार 14 अक्टूबर को एक दिवसीय दौरे पर टोंक आयेंगे। निजी सहायक निर्भय कुमार गिरी से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्व मंत्री रामलाल जाट शुक्रवार को प्रातः 9 बजे टोंक सर्किट हाउस पहुंचेंगे। इसके पश्चात प्रातः 10 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व विभागों के कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की समीक्षा बैठक लेंगे।

# कलेक्टर ने फसल खराबे के सर्वे कार्य का निरीक्षण किया

■ बीमा कम्पनी और कृषि विभाग के अधिकारियों को दो दिवस के भीतर सर्वे पूरा करा क्लेम देने के निर्देश दिये

**अलवर, (निसं)।** जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बुधवार को मालाखेडा क्षेत्र का दौरा कर खेतों में जाकर फसल खराबे के सर्वे कार्य का निरीक्षण कर धरातल पर फीडबैक लिया एवं ग्राम जमालपुर में ग्राम सेवा सहकारी समिति व उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने ने खेतों में जाकर फसल खराबे के सर्वे कार्य का मुआयना कृषि, राजस्व एवं फसल बीमा कम्पनी के प्रतिनिधियों के साथ किया। उन्होंने किसानों से बातचीत कर फीडबैक लिया। उन्होंने बीमा कम्पनी और कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों के खेतों में जो नुकसान हुआ है उसका सही उचित तरीके से दो दिवस के भीतर सर्वे पूरा करावे तथा उसका क्लेम किसान को दिलाया जाए। उन्होंने इंश्योरेंस कंपनी के सर्वेयर को निर्देश दिये कि सर्वे आवेदन पत्र तैयार करके बीमा कंपनी को यथाशीघ्र भिजवाए।

उन्होंने राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी किसान सर्वे कार्य से अछूता नही रहे। इसकी संपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करे। इसके उपरान्त जिला कलक्टर ने उप स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को निःशुल्क दवा सहित उपलब्ध सभी सुविधाओं का लाभ दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि मौसमी बीमारी के संबंध में आमजन को जागरूक करे व दवा सहित सभी आवश्यक तैयारी पूरी रखे। उन्होंने निर्देश दिये कि यहां आने वाले लोगों को चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना से जुडने हेतु जागरूक किया जाए। उन्होंने एएनएम को निर्देशित किया कि केंद्र पर गर्भवती महिलाओं को आयरन, आयरन टेबलेट तथा महिलाओं एवं बालिकाओं उडान योजना के तहत नैपकिन वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करे।

# 21 सूत्रीय मांगों को लेकर रोडवेज कर्मियों ने किया प्रदर्शन

■ शीघ्र कार्यवाही नहीं होने पर 24 नवंबर को 24 घंटे की चक्का जाम हड़ताल की चेतावनी

**कोटपूतली, (निसं)।** राजस्थान स्टेट रोडवेज एम्पलाईज यूनियन व राजस्थान रोडवेज के श्रमिक संगठनों के संयुक्त मोर्चे के बैनर तले कोटपूतली रोडवेज आगार के कर्मचारियों ने बुधवार दोपहर 1 से 2 बजे तक आगार कार्यशाला के गेट पर धरना प्रदर्शन किया।

उल्लेखनीय है कि कर्मचारियों ने रोडवेज बचाओ-रोजगार बचाओ आन्दोलन के तहत 21 सूत्रीय माँगों के लिए निरन्तर चलाये जा रहे चरणबद्ध आन्दोलन में तीसरे चरण में बुधवार को धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान वक्ताओं ने रोडवेज कर्मियों को प्रत्येक माह की 1 तारिख को वेतन व पेंशन के स्थाई भुगतान, रिटायर्ड कर्मचारियों का प्रत्येक माह बकाया भुगतान, नई बसें खरीदने व रिक्त पदों पर भर्ती करने समेत दो माह के बकाया वेतन व पेंशन सहित अन्य 21 सूत्रीय माँगों को लेकर नारेबाजी कर विरोध प्रकट किया।

कर्मचारियों ने कहा कि उनकी माँगों पर शीघ्र ही कार्यवाही नहीं हुई तो आगामी 24 नवम्बर 2022 को 24 घण्टे की चक्का जाम हडताल होगी। मुख्य वक्ता डीपी यादव, हनुमान प्रसाद, भागीरथ प्रसाद जांगिड़ व रमेश चंद भागवत ने कहा कि राज्य सरकार व रोडवेज प्रबंधन कर्मचारियों के धैर्य की परीक्षा लेने के बजाय समय रहते 21 सुत्रीय माँगों को स्वीकार कर जन सेवा भावी रोडवेज संस्थान में बढ़ ती हुई अशांति व अव्यवस्था को आगे बढ ने से रोके। इस दौरान राजकुमार मीणा, ताराचंद टेलर, गिरिराज प्रसाद सैनी, दयानंद यादव, सुनील टांक, कृष्णकांत गौत्तम, राजेश, हवासिंह, रामगोपाल सिंह, रामचरण सिंह, राजेन्द्र चौधरी, रामकिशन यादव, सतीश सैनी, हनुमान सहाय जाट, चित्तेश पाल, मनोज कुमार, रामनिवास यादव, सम्पत यादव व महिला कर्मचारियों सहित अन्य ने आगार के मुख्य द्वार पर जमकर नारेबाजी की।

# केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह का स्वागत

**कोटपूतली, (निसं)।** केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत के मंगलवार देर रात्रि झुन्झुनू से दिल्ली जाते समय कोटपूतली में वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश गोयल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके पर शेखावत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष प्रवीण बंसल, सीताराम बंसल, भाजयुमो नगर उपाध्यक्ष रजत जिंदल, अभय बंसल, प्रेम सिंह बनवासा, श्री कुमार लखोतिया, परमेश्वर सैनी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**उनियारा, (निसं)।** न्यायालय वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रैट, उनियारा के न्यायालय में परिवादी दिनेश पुत्र छीतरलाल 40 वर्ष जाति धाकड निवासी चोरू थाना अलीगढ जिला टोंक ने आरोपी रामसहाय पुत्र मोती 50 वर्ष जाति धोबी निवासी चोरू थाना अलीगढ जिला टोंक के विरुद्ध परिवाद अन्तर्गत न्यायालय ने अलीगढ पुलिस को मामला दर्ज कर जांच के आदेश दिए हैं।

परिवादी के अधिवक्ता सच्चिदानंद शर्मा ने बताया कि न्यायालय में पेश इस्तगासे में अवगत करवाया की परिवादी ग्राम चोरू थाना अलीगढ जिला टोंक का निवासी है तथा ग्राम पंचायत चोरू के निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता है।

मुलजिम रामसहाय मेरोठा ग्राम पंचायत चोरू का वर्तमान सरपंच है तथा वह ग्राम पंचायत चुनाव 2020 में सरपंच पद पर निर्वाचित हुआ है। मुलजिम रामसहाय द्वारा पंचायत चुनाव 2020 में नाम निर्देशन पत्र मं अपनी संतानों बाबत झूठे कथन करके चुनाव मे अयोग्य होते हुए भी तथ्य छुपाकर चुनाव लडा तथा सरपंच पद पर निर्वाचित हुआ। मुलजिम ने योजना पूर्वक पंचायत चुनाव में अयोग्य होते हुए भी अपनी संतानों के जन्म की वास्तविक तिथि छिपाकर कूटरचित अंकन कर फर्जी तथ्यों के आधार पर नाम निर्देशन पत्र भरा तथा सरपंच पद पर निर्वाचित हुआ तथा राज्य सरकार व निर्वाचन विभाग की प्रक्रिया का दुरूपयोग कर अपराध कारित किया है। मुलजिम द्वारा जानबूझकर सरपंच बनने हेतु वास्तविक तथ्यों को छिपाकर, झूठे तथ्यों के आधार पर फर्जी शपथ पत्र प्रस्तुत कर चुनावी प्रक्रिया का दुरूपयोग कर लाभ प्राप्त किया है। परिवादी ने उक्त घटना की रिपोर्ट पुलिस थाना अलीगढ पेश की, परन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई, जिस पर परिवादी ने पुलिस अधीक्षक टोंक के प्रार्थना पत्र पेश कर अंविलम्ब परिवाद पेश है।

# 8 फीट लंबे अजगर का रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

**टोंक, (निसं)।** टोंक जिले के बीसलपुर कंजर्वेशन रिजर्व व चांदसेन का पहाडी क्षेत्र अजगरों की सुरक्षित प्राकृतिक आवास माने जाते रहे हैं पर इन दिनों धूप सेंकने व शिकार की तलाश में ये अजगर कई बार आसपास के गांवों व खेतों तक पहुंच जाते हैं।

बीती रात टोंक शहर के वार्ड 60 स्थित आवासीय बस्ती में बीती रात लगभग 8 फीट लंबे अजगर के बाडे में घुस जाने से हडकंप मच गया। अजगर के बाडे में घुसने का पता उस समय चला जब पशुओं को संभालने बाडे में गये युवक का पांव अजगर पर ही पड गया। टॉर्च की रोशनी में भारी भरकम अजगर को देख युवक फिसलकर वहीं गिर गया। गनीमत रही कि युवक के साथ मौजूद कुत्ते के भौंकने से अजगर बाडे में जा छिपा। लोगों द्वारा मामले की जानकारी सर्प संरक्षण से जुडे शंकर माली व वन विभाग को दी गयी। बाद में मौके पर पहुंचे शंकर माली ने वनकर्मियों व बस्तीवासियों की मदद से अजगर को पकड कट्टे में बंद कर दिया। वनकर्मियों द्वारा रात को ही इसे वन क्षेत्र में सुरक्षित छोड दिया गया। रेस्क्यू किया गया अजगर रॉक पायथन प्रजाति का था जिनकी लंबाई 15-16फीट तक हो जाती है।

# मासूम बच्चे से कुकर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**पावटा, (निसं)।** मानवता को शर्मसार कर देने वाली खबर सामने आई है। आठ वर्षीय मासूम बच्चे के साथ दुष्कर्म करने पर पीडित बच्चे के परिजनों ने संबंधित थाने में लिखित शिकायत देते हुए बताया कि मासूम बच्चा 9 अक्टूबर की शाम सात बजे कही काम से जा रहा था। इस पर पडोस में रहने वाले एक युवक ने दुष्कर्म किया। वारदात के बाद मासूम बच्चा रोता बिलखता हुआ अपने घर पहुंचा, जहां उसने रोते हुए ही पूरी घटना अपने परिजनों को बताई।

प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह यादव ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण मनीष अग्रवाल के निर्देशों की पालना में नाबालिक लडके से दुष्कर्म (अप्राकृतिक मैथुन) करने जैसी गंभीर प्रकृति की घटना को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली विद्याप्रकाश वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर सुरेंद्र सिंह कृष्णिया के सुपरविजन में प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह यादव के नेतृत्व में टीम का गठन किया जाकर गठित टीम द्वारा नाबालिग लडके से दुष्कर्म (अप्राकृतिक मैथुन) करने के आरोप में वांछित अभियुक्त रवि पुत्र मुकेश जाति वाल्मीकि 20 साल निवासी इंदिरा कॉलोनी पावटा को अपराधी के हुलिए तथा सूक्ष्म जानकारी एकत्रित कर उसके घर से गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की। गौरतलब है कि पीडित 8 वर्षीय मासूम बच्चे के दादा व पिता द्वारा प्रागपुरा थाने पर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी गई थी।



पावटा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

■ सर्व समाज द्वारा बैठक आयोजित कर आरोपी पर सख्त से सख्त कार्यवाही की मांग

पिता का आरोप था कि मौका देख पडोस के रहने वाले युवक ने 8 साल के लडके के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म किया है। जिसे लेकर मंगलवार को सर्व समाज द्वारा पावटा अंबेडकर पार्क मे रामजीलाल टेपण की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन कर पीडित परिवार को न्याय दिलाने के लिए एकजुट होकर आरोपी के खिलाफ कडी से कडी कार्यवाही की मांग की थी। वही जीवन बचाओ आंदोलन संयोजक नित्येंद्र मानव व पावटा प्रागपुरा चेयरमेन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी, वाइस चेयरमेन नरपत सिंह ने पीडित परिवार को न्याय दिलाने के लिए पुलिस प्रशासन से बात कर आरोपी को गिरफ्तार करने के बारे में पूछताछ कर कडी कार्यवाही की मांग करते हुए पहले भी आरोपी द्वारा सुअर, बकरी चोरी व मारपीट के मामले दर्ज होना बताया गया था। वही पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल ने प्रागपुरा थाने में पीडित के पक्ष मे मामला दर्ज करवा पीडित का मेडिकल करवाने व आरोपी को जल्द से जल्द पकडने की बात कही।

इस मौके पर वाइस चेयरमेन नरपत सिंह, बद्री प्रसाद चौहान, वार्ड पार्षद विजय गुप्ता, विवेक गोयल, वीरेंद्र राठी, जयराम सिंह, विनोद यादव, मुरादअली, अशोक सैनी, यासीन कुरेशी, अलमुद्दीन, सिराजुद्दीन कुरेशी, शकील मणियार, शकील कुरेशी, नरेश वर्मा, दीपक वर्मा, दीपक टेपण, पप्पू वाल्मीकि, लालाराम वाल्मीकि, महेश वाल्मीकि, गोपाल वाल्मीकि, विक्रम बाल्मीकि, मनोज बाल्मीकि, गिरिराज वाल्मीकि, मनोज कुमार पंच, घनश्याम वाल्मीकि, शंकर लाल वाल्मीकि सहित जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक व ग्रामीण मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### तुलसी विवाह के पोस्टर का विमोचन



**सांभरझील, (निसं)।** पंचमुखी बालाजी मंदिर में विपिन दास महात्यागी महाराज के पावन सानिध्य मे 5 नवंबर को आयोजित होने वाले सामूहिक तुलसी विवाह कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया गया। यहां गत 10 जुलाई से चातुर्मास आरंभ होने के साथ ही 121 दिवसीय श्री रामचरित मानस के अखण्ड पाठ का आयोजन किया जा रहा है, जिसका समापन देवउठनी एकादशी 4 नवंबर को होगा। 5 नवंबर को तुलसी सालिगराम विवाह व 6 नवंबर को रामायण पाठ की पूर्णाहुति, सामूहिक हवन, छप्पन भोग झांकी, भण्डारा (महाप्रसादी) सहित साधु महात्माओं की विदाई होगी। पोस्टर विमोचन के दौरान विपिन दास महात्यागी, महाराज, दीनदयाल महाराज, सुरेन्द्र गिरी महाराज, पीताम्बर दास महाराज, प्रेमदास महाराज, हरीओम महाराज, बालेश्वर महाराज, दामोदर, लोकेश, श्री मंदिर जीर्णोद्धार समिति के अध्यक्ष आशीष कुमार गर्ग, धर्मपत्नी शिल्पा गर्ग आदि मौजूद रहे।

### बच्चों को उपहार व स्टेशनरी वितरित




**जयपुर (कासं)।** 'राह एक मिशन' सामाजिक संस्था ने बुधवार को विराट नगर की धोलीकोठी स्कूल में बच्चों को अनुशासन और समय की पाबंदी का महत्व समझाया। मधुर कुलश्रेष्ठ की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों को स्टेशनरी, उपहार, छात्रवृति और स्कूल बैग और स्वेटर बांटे गए। संस्था की फ़ाउंडर व चेयरपर्सन शिप्रा कुलश्रेष्ठ ने सभी बच्चों को माता-पिता व गुरूजनों के आदर-सत्कार, नियमित पढ़ ाई व खेलकूद, जरूरतमंद की मदद करने जैसे पाठ पढ ाए। शिप्रा कुलश्रेष्ठ ने बताया कि उनकी सासू मां श्रीमती मधुर कुलश्रेष्ठ ने भी अपना पूरा जीवन निःस्वार्थ भाव से लोगों को शिक्षित करने में लगाया था, इसी मुहिम को 'राह एक मिशन' संस्था आगे बढ़ ाएगी। उन्होंने स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताओं और कक्षाओं में टॉप करने वाले बच्चों को 1100 रुपये के चैक बांटे। स्कूल प्रधानाचार्य, भूतपूर्व प्रधानाचार्य और सरपंच ने संस्था के पदाधिकारियों का आभार जताया।

### रमेश बैरवा ने उच्च शिक्षा मंत्री को पत्र लिखा

**जयपुर, (निसं)।** राजस्थान विशविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक शिक्षक संघ (रूक्टा डेमोक्रिटिक) के प्रदेश संयोजक डॉ. रमेश बैरवा ने उच्च शिक्षा मंत्री राजेंद्र सिंह यादव को ज्ञापन भेजा है। इसमें उन्होने नियमानुसार वरिष्ठतासूची तैयार करवाकर प्राचार्य पद की अविलंब डीपीसी कराने, प्रोसेस पदनाम देने, जनविरोधी-राज्य विरोधी नई शिक्षा नीति 2020 का क्रियान्वयन नहीं करने, द्वैषतावश चिन्हित कर किए जा रहे तबादलों पर रोक लगाने की मांग उठाई है। रमेश बैरवा ने पत्र में लिखा है कि विधि कॉलेजों में भी स्थायी प्राचार्य का पदस्थापन किया जाए। कॉलेज शिक्षकों को प्रोफेसर का पदनाम दिया जाए। समतामूलक एवं पारदर्शी ट्रांसफर पॉलिसी तैयार हो। जनविरोधी, राज्य विरोधी नई शिक्षा नीति 2022 को राजस्थान में लागू नहीं किया जाए। डीपीसी समय पर सीएएस के तहत शिक्षकों को तबादले नियमानुसार, बिना भेदभाव के किए जाएं। कला कॉलेज अलवर के सह आचार्य डॉ.अशोक कुमार खटीक सहित अन्य कॉलेज शिक्षकों को पिछले राज में वैचारिक दुर्भावनावश प्रताड़ित कर वेतन अटकाया है, ऐसे वेतन अटकाने के प्रकरणों का जल्द निस्तारण किया जाए। संविदा पर कार्यरत शिक्षकों को वेतन का भुगतान समय परकिया जाए।

### फसल नुकसान के मुआवजे की मांग

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** सिहोडी सरपंच सुंदर लाल भंवरिया ने ग्राम पंचायत सिहोडी क्षेत्र में हुई बेमौसम वर्षा से किसानों के ग्वार की फसल में हुए नुकसान की गिरदावरी करवाकर मुआवजा दिलाने की मांग की। सरपंच सुंदर लाल भंवरिया, उपसरपंच मुरलीधर नोद व ग्राम विकास अधिकारी राजेश कुमार सैनी ने ठाम पंचायत के दर्जनों खेतों का दौरा कर बेमौसम की बारिश से ग्वार की फसल में हुए नुकसान का अवलोकन कर किसानों को सांत्वना दी व उपखंड अधिकारी से मिलकर सरकार से ग्वार की फसल में हुए नुकसान की गिरदावरी करवाकर किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग की। इस अवसर पर कई किसान लोग मौजूद थे।

### सागर जलाशय की साफ-सफाई का निरीक्षण

**अलवर, (निसं)।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बुधवार को नगर परिषद द्वारा सागर जलाशय में किए जा रहे साफ-सफाई के कार्य का निरीक्षण किया। जिला कलक्टर ने निरीक्षण कर नगर परिषद आयुक्त को निर्देश दिये कि सागर जलाशय की सम्पूर्ण सफाई कार्य कर इसे सुन्दर स्वरूप दिया जाए। जलाशय में फव्वारे चालू कराए एवं लाइटिंग की व्यवस्था करावे। इसके लिए विद्युत कनेक्शन आदि का कार्य शीघ्र पूर्ण करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि वेस्ट वाटर जलाशय में नहीं आए इसकी व्यवस्था करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि जलाशय की सफाई का कार्य प्रशिक्षित पेशेवर व्यक्तियों से ही कराया जाए। नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट ने बताया कि नगर परिषद द्वारा सागर जलाशय के साफ-सफाई का कार्य विशेषज्ञ ठेकेदार एवं उनके कर्मचारियों के माध्यम से कराया जा रहा है। तीन दिवस में सागर की साफ-सफाई अनुभवी व पेशेवर तैराकों द्वारा कराई जाएगी। साफ-सफाई कार्य में जाल, छोटी नाव व ट्यूब आदि का उपयोग किया जा रहा है। जिला कलक्टर के निर्देशों की अनुपालना यथाशीघ्र कराई जाएगी।

### फरार आरोपी गिरफ्तार

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** सवाई माधोपुर जिला पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार विश्नोई एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रकाश चंद सब डिविजन गंगापुर सिटी के सुपरविजन में जिले में चल रहे फरार आरोपियों की धरपकड अभियान के तहत बौंली पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन के मामले में फरार चल रहे आरोपी धोलू राम गुर्जर 32 साल निवासी राठौद थाना बौंली को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार बौंली थाना पुलिस ने गश्त के दौरान 3 अक्टूबर 2022 को पिकअप में सरसों की फ़्लैश के के कट्टो केनीचे अवैध बजरी परिवहन करते पाए जाने पर बौंली पुलिस की टीम ने पिकअप को जप्त कर मामला दर्ज किया था। तब से ही आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने बुधवार 12 अक्टूबर 2022 को पुलिस टीम में शामिल सर्किल इंस्पेक्टर कुसुमलता मीणा, हेड कांस्टेबल बनवारीलाल, कांस्टेबल नरेंद्र सिंह,व पंकज कुमार की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### आज 3 घंटे बिजली बंद रहेगी

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड श्रीमाधोपुर के कनिष्ठ अभियंता संदीप द्विवेदी ने बताया की दीपावली पर किए जा रहे मरमत कार्य के कारण 13 अक्टूबर गुरुवार को सुबह 8 से 11 बजे तक तीजावाला जीएसएस से हास्पिटल फीडर मे एम जी कॉलेज, मीणों का मोहल्ला, इंदिरा विश्राम गृह, महावीर दल, बावडी आश्रम, बाईपास कृष्णा हॉटल, डेरारामसागर व मऊ जीएसएस से मऊसिटी व इनके आसपास की विद्युत आपूर्ति दीपावली मेंटेनेंस के चलते बंद रहेगी। यह जानकारी शहर फीडर इंचार्ज दिलीप कुमावत ने दी। विधुत कटौती से होने वाली असुविधा के लिए विद्युत विभाग ने खेद व्यक्त किया है।



जब आपके पास दुनिया की बेस्ट कार हो और आप उसे गैराज में छोड़ दें, तब फिर ऐसी कार होने का क्या मतलब? उमरान मलिक को टी20 वर्ल्ड कप के लिए शामिल होना चाहिए था। - ब्रेट ली

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज, उमरान मलिक के भारतीय टीम में शामिल नहीं होने पर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** ▶ **नासिर हुसैन**



इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन का मानना है कि भारत के पास खिलाड़ी तो अच्छे हैं। टीम लगभग हर द्विपक्षीय सीरीज भी जीतती आई है। मगर वर्ल्ड कप जैसे सभी आईसीसी टूर्नामेंट में भारतीय टीम डरपोक की तरह खेलती है और यही उसे सबसे ज्यादा नुकसान भी होता है। नासिर हुसैन ने कहा, टीम इंडिया के पास आक्रामक पारियां खेलने की क्षमता है। सूर्यकुमार यादव शानदार फॉर्म में हैं। रोहित शर्मा जिस दिन टिक जाए उस दिन अकेले अपने दम पर मैच पलट सकते हैं। विराट कोहली के बारे में भी हर कोई जानता है।

**क्या आप जानते हैं ?...** विश्व कप फुटबॉल की पहली ट्रॉफी जुलियस रिमेट का डिजाइन फ्रांसीसी वास्तुकार एबेल लेफलुर ने तैयार किया था।

# ऑस्ट्रेलिया में भारतीय टीम के साथ जुड़ेंगे शमी, सिराज, शार्दुल

## टी-20 विश्व कप के लिये गुरुवार को रवाना होंगे

मुंबई, 12 अगस्त। मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर की भारतीय तिकड़ी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) टी20 विश्व कप 2022 के लिये गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया रवाना होगी। ईएसपीएन क्रिकइन्फो ने बुधवार को यह जानकारी दी।







ईएसपीएन क्रिकइन्फो ने बताया कि विश्व कप में भारत के अतिरिक्त खिलाड़ी दीपक चाहर की पीठ में चोट के कारण टी20 विश्व कप में खेलने की उनकी संभावनाएं लगभग समाप्त हो गयी हैं। चाहर के अलावा दो अन्य अतिरिक्त खिलाड़ी, श्रेयस अय्यर और रवि बिश्नोई फिलहाल ऑस्ट्रेलिया नहीं जा रहे। भारत की मुख्य टीम छह अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हुई थी, जहां खिलाड़ियों ने पिछले एक सप्ताह में प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेने के साथ-साथ पश्चिम ऑस्ट्रेलिया एकादश के साथ एक अभ्यास मैच भी खेला। उनका अगला अभ्यास मैच गुरुवार (13 अक्टूबर) को होना है। शीर्ष गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के चोटग्रस्त होने के कारण भारत की विश्व कप स्क्वाड में फिलहाल 14 खिलाड़ी ही हैं। चाहर के चोटग्रस्त होने के बाद अतिरिक्त खिलाड़ी शमी के विश्व कप स्क्वाड में शामिल होने की संभावनाएं बढ़ गयी हैं। शमी ने पिछले साल नवंबर में समाप्त हुए 2021 टी20 विश्व कप के बाद से कोई टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। वह कोविड-19 से उबरने के बाद बेंगलुरु की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे हैं। वह कोरोनावायरस के कारण ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू शृंखलाओं में नहीं खेल सके थे। पर्थ में गुरुवार को अभ्यास मैच के बाद रोहित शर्मा की टीम को ब्रिस्बेन की यात्रा करनी है, जहां वह क्रमशः 17 और 19 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप के दो आधिकारिक अभ्यास मैच खेलेगी। भारतीय टीम इसके बाद 23 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ अपने टी20 विश्व कप अभियान की शुरुआत करने के लिये मेलबर्न का रुख करेगी। भारत सुपर 12 के ग्रुप दो में पाकिस्तान, बांग्लादेश, दक्षिण अफ्रीका और पहले दौर की दो क्वालीफायर टीमों के साथ है।

**भारत की टी20 विश्व कप टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उप-कप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, रविचंद्रन अश्विन, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, अर्शदीप सिंह।

# सूर्यकुमार मुझे डिविलियर्स की याद दिलाते हैं : डेल स्टेन

कोलकाता, 12 अक्टूबर। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज़ गेंदबाज़ डेल स्टेन ने टी-20 विश्व कप 2022 से पहले भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की तारीफ करते हुए कहा कि ऑस्ट्रेलिया की पिच सूर्यकुमार के लिये फायदेमंद साबित होंगी और वह उन्हें एबी डिविलियर्स की याद दिलाते हैं।



स्टेन ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम क्रिकेट लाइव पर कहा, वह उस तरह के खिलाड़ी हैं जो गेंद की गति का उपयोग करना पसंद करते हैं। वह विकेट के पीछे शॉट खेलना पसंद करते हैं। पर्थ, मेलबर्न जैसी जगहों पर इन सभी मैदानों पर थोड़ी अतिरिक्त गति है। आप गति का उपयोग करके फाइन लेग पर और विकेट के पीछे खेल सकते हैं।

स्टेन ने कहा, सूर्यकुमार बैक-फुट पर भी अच्छा खेलते हैं। उन्होंने कुछ शानदार बैक फुट कवर ड्राइव और फ्रंट फुट से भी कुछ खूबसूरत कवर ड्राइव खेले हैं। ऑस्ट्रेलिया में पिचें बल्लेबाज के अनुकूल हैं। वह '360 डिग्री' खिलाड़ी है, और जो मुझे एबी डिविलियर्स की याद दिलाते हैं। वह एबी डिविलियर्स का भारतीय संस्करण बन सकते हैं। वह इस समय जिस फॉर्म में हैं, विश्व कप में निश्चित रूप से गेंदबाजों के लिए खतरनाक साबित हो सकते हैं।

स्टेन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मैच में शतक जड़ने वाले श्रेयस अय्यर की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा, आप अपने खेल को बेहतर बनाने के लिए कुछ चीजें कर सकते हैं, लेकिन श्रेयस अय्यर इस समय जिस तरह की बल्लेबाजी कर रहे हैं, मुझे नहीं लगता कि उन्हें बहुत कुछ बदलना होगा। वह शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। वह गेंद को फुटबॉल की तरह देख रहे हैं और भारत में उनकी फॉर्म काफी समय से ऐसी रही है।

## रेसलर सुशील कुमार व 17 अन्य पर आरोप तय

दिल्ली, 12 अक्टूबर। दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार 12 अक्टूबर 2022 को दो बार के ओलंपिक पदक विजेता पहलवान सुशील कुमार और 17 अन्य के खिलाफ छत्रसाल स्टेडियम हत्या मामले में आरोप तय किए। इससे अब उनके मामले की सुनवाई शुरू हो जाएगी। अदालत ने फरार चल रहे दो आरोपियों पर भी आरोप तय किए हैं। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शिवाजी आनंद ने सुशील कुमार और अन्य आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत आरोप तय किए, जिसमें हत्या, हत्या की कोशिश, दंगा करने और आपराधिक साजिश संबंधित मामले शामिल हैं। विस्तृत आदेश का इंतजार है। सुशील कुमार और अन्य पर कथित 'प्रॉपर्टी विवाद' में 4 मई 2021 को शहर के छत्रसाल स्टेडियम के पार्किंग क्षेत्र में जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती के पूर्व चैंपियन सागर धनखड़ और उनके दोस्तों से कथित रूप से मारपीट का आरोप है।



## कुलदीप ने एकदिवसीय रैंकिंग में छलांग लगाई

दुबई, 12 अक्टूबर। भारत के बाएं हाथ के चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच में शानदार गेंदबाजी की बदौलत आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग में सात पायदान की छलांग लगाई है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से बुधवार को जारी रैंकिंग के अनुसार कुलदीप 563 रेटिंग पॉइंट के साथ 25वें पायदान पर आ गये हैं। कुलदीप ने दिल्ली में खेले गये आखिरी वनडे में 18 रन देकर चार विकेट लिये, जिसकी बदौलत भारत ने दक्षिण अफ्रीका पर सात विकेट से जीत दर्ज की और शृंखला 2-1 से अपने नाम की। इसी बीच, श्रेयस अय्यर (33), शुभमन गिल (37) और संजू सैमसन (93) ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय रैंकिंग हासिल की है। सैमसन ने जहां शृंखला के पहले मैच में 86 रन की नाबाद पारी खेली थी, वहीं अय्यर ने दूसरे मैच में शतक जड़ा था। गिल ने तीसरे मैच में 49 रन की पारी खेलकर भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।



## अंडर-17 महिला विश्व कप : पहले मैच में 0-8 से हारा भारत

भुवनेश्वर, 11 अक्टूबर। भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम ने फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 2022 में अपने अभियान की शुरुआत मंगलवार को अमेरिका के हाथों 0-8 की हार के साथ की। भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम पर खेले गए एकतरफा मुकाबले में अमेरिका के लिए सात अलग अलग खिलाड़ियों ने गोल किये। मेलिना रेबिंबास ने विजयी टीम के दो गोल जमाए। भारत के लिए गोल का सर्वश्रेष्ठ मौका मैच के पहले हाफ में बना जब नेहा ने लंबी रेंज से अपनी किस्मत आजमाई चाही, लेकिन उनका प्रयास नेट के पास से गुजर गया।

# आठ रन से जीती इंग्लैंड, श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बनाई

### ऑस्ट्रेलिया को दूसरे टी-20 में आठ रनों से हराया



कैनबरा, 12 अक्टूबर। इंग्लैंड ने डेविड मलान (82) के अर्द्धशतक और सैम करन (25/3) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया को दूसरे टी20 में बुधवार को आठ रनों से हराकर शृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 178 रन बनाये, जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया 170 रन तक ही पहुंच सकी।

मलान ने शुरुआती विकेट गिरने के बाद इंग्लैंड की पारी को संभालते हुए 49 गेंदों पर सात चौकों और चार छक्कों की बदौलत 82 रनों की पारी खेली। मोईन अली ने उनके साथ पांचवें विकेट के लिये 92 रनों की साझेदारी करते हुए 27 गेंदों पर चार चौकों और दो छक्कों के साथ 44 रन बनाये जिससे इंग्लैंड ने 20 ओवर में 178/8 का स्कोर खड़ा किया। ऑस्ट्रेलिया के मध्यक्रम ने 179 रन के लक्ष्य का पीछा पारी को संबल दिया। मिचेल मार्श (45) और टिम डेविड (40) ने ऑस्ट्रेलिया को मैच जिताकर शृंखला जीवित रखने का प्रयास किया लेकिन करन के तीन विकेटों की बदौलत इंग्लैंड ने कंगारुओं को लक्ष्य से नौ रन पीछे रोक दिया।

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर इंग्लैंड को पहले बल्लेबाजी के लिये बुलाया और पहले मैच में 132 रन की विस्फोटक साझेदारी करने वाली जॉस बटलर और एलेक्स हेल्स की सलामी जोड़ी 31 रन के अंदर ही पवेलियन लौट गये। कप्तान बटलर ने 13 गेंदों पर 17 रन बनाये जबकि हेल्स ने सात गेंदों पर मात्र चार रन जोड़े।

पहले मैच में सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आये मलान को कैनबरा में तीसरे नंबर पर भेजा गया और उन्होंने उसका भरपूर फायदा उठाया। इंग्लैंड के चार विकेट 54 रन पर गिरने के बाद मलान ने संयम के साथ पारी को आगे बढ़ाया। मोईन अली ने ग्लेन मैक्सवेल के हाथों जीवनदान मिलने के बाद मलान का साथ दिया और दोनों ने 92 रन की साझेदारी करके इंग्लैंड को मज़बूत स्थिति में पहुंचा दिया। पहले टी20 में बाहर रहे ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख गेंदबाजों ने यहां वापसी की, हालांकि उनके लिये मार्कस स्टॉयनिस दिन के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज साबित हुए।

ऑस्ट्रेलिया की पारी की शुरुआत करने कप्तान फिंच आये लेकिन वह आउट होने से पहले केवल 13 रन ही बना सके। डेविड वॉर्नर भी केवल चार रन बनाकर पवेलियन लौट गये। ऑस्ट्रेलिया के दो विकेट 22 रन पर गिरने के बाद खराब फॉर्म से गुजर रहे ग्लेन मैक्सवेल के पास अवसर था कि वह अपने रंग में लौटें, लेकिन वह 11 गेंदों पर केवल आठ रन ही जोड़ सके।

इसके बाद स्टॉयनिस, मार्श और टिम डेविड ने ऑस्ट्रेलिया को लक्ष्य तक पहुंचाने का प्रयास किया लेकिन कोई भी बल्लेबाज ज्यादा देर तक विकेट पर नहीं टिक सका। मार्श ने 29 गेंदो पर 45 रन बनाये, जबकि डेविड ने 23 गेंदों पर 40 रन की पारी खेली। स्टॉयनिस ने 22(13) रन का योगदान दिया।

दूसरी ओर, पहले मैच में तीन विकेट झटकने वाले मार्क वुड की अनुपस्थिति में करन ने इंग्लिश गेंदबाजी की अगुवाई की। उन्होंने मध्य ओवरों में मैक्सवेल और स्टॉयनिस का विकेट निकाला। जब ऑस्ट्रेलिया को 16 गेंदों पर 34 रन की आवश्यकता थी तब करन ने डेविड को आउट कर कंगारुओं की सभी उम्मीदों को समाप्त किया।

# राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा ने बढ़ाया प्रदेश का मान

चंडीगढ़, 12 अक्टूबर। गुजरात में चल रहे 36वें राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा के खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण पदक सहित दस पदक जीत कर राज्य का मान बढ़ाया। इन खेलों में हरियाणा ने 38 स्वर्ण पदक सहित कुल 116 पदक जीते कर पदक तालिका में तीसरे स्थान पर है। सबसे खास बात यह रही कि 38 स्वर्ण पदकों में से हरियाणा ने 37 स्वर्ण पदक ओलंपिक खेलों में जीते हैं, जो किसी भी अन्य राज्य से दोगुने से भी ज्यादा हैं। पिछले तीन संस्करणों में हरियाणा के पदकों की संख्या इस बार सबसे अधिक रही है। पिछले राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा ने 107 खेलों में जीत हासिल की थी।

हालांकि, पदक तालिका में सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड शीर्ष पर हैं। यह भी खुशी और गर्व की बात है कि कुल पदक विजेताओं में से 80 प्रतिशत से अधिक प्रतिनिधित्व हरियाणा से ही है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को उनकी जीत पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी और भविष्य में भी इसी प्रकार अपना उम्दा प्रदर्शन करने की कामना की। उन्होंने कहा कि विजेता खिलाड़ियों को राज्य सरकार की खेल नीति के अनुसार पुरस्कार व नौकरियां दी जाएंगी।

उन्होंने कहा कि राज्य के खिलाड़ियों की मेहनत के बल पर ही आज हरियाणा की खेलों के क्षेत्रों में ऐसी पहचान बनी है कि अन्य राज्य भी हरियाणा की खेल नीति का अनुसरण करने लगे हैं। राज्य के खिलाड़ी इसी प्रकार अपने बेहतरीन प्रदर्शन से हरियाणा और भारत का नाम राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करते रहेंगे।

उनके अनुसार ओलंपिक खेलों में भारत के पदक विजेत खिलाड़ियों में एक तिहाई से अधिक प्रतिनिधित्व करने वाला हरियाणा अधिक से अधिक ओलंपिक पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही, राज्य सरकार और खेल संस्थानों के सहयोग से उन खेलों पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है, जिनमें हरियाणा अभी भी पीछे है। हरियाणा खेलों को बढ़ावा देने और अपने एथलीटों के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रतिबद्ध है। खेल एवं युवा मामले राज्य मंत्री सरदार संदीप सिंह ने भी खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। राज्य सरकार निरंतर खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को हर प्रकार की सहायता मुहैया करवाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## गढ़वाल की आकर्षक जीत

नयी दिल्ली, 12 अक्टूबर। गढ़ वाल एफसी ने बुधवार को रेंजर्स एफसी को 5-2 से हराकर खेलो इंडिया दिल्ली महिला प्रीमियर लीग में एक और शानदार जीत के साथ पूरे अंक अर्जित किए। विजेता के लिए सांफिदा और मोनिशा ने दो-दो गोल जमाए, जबकि फ्रॉगरैंसी ने एक गोल किया। रेंजर्स के दोनों गोल विपांशी ने किए। गढ़ वाल पहले ही उपविजेता का सम्मान पा चुकी है।

# विजडन की ऑलटाइम प्लेइंग इलेवन में धोनी शामिल नहीं

दिल्ली, 12 अक्टूबर।। टी-20 विश्व कप 2022 की तैयारियां जारी हैं। टीमों ने ऑस्ट्रेलिया पहुंचना शुरू भी कर दिया है और लगातार अपडेट भी सामने रहे हैं। भारत ने भी विश्व कप से पहले अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच खेल लिया है। भारत के 14 खिलाड़ी इस वक्त ऑस्ट्रेलिया में हैं और जल्द ही बाकी खिलाड़ी भी रवाना होने की तैयारी में हैं।

इस बीच विजडन की ओर से भारत की टी20 इंटरनेशनल की ऑलटाइम प्लेइंग इलेवन बनाई गई है, ये सामने आ गई है। इस टीम में ज्यादातर खिलाड़ी वो हैं, जो इस वक्त टीम इंडिया के लिए खेल रहे हैं, वहीं ऐसे भी खिलाड़ी शामिल हैं, जो अब रिटायरमेंट ले चुके हैं। लेकिन ताज्जुब की बात ये है कि इस टीम में टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और साल 2007 में भारत को पहला टी20 विश्व कप जिताने वाले कप्तान एमएस धोनी शामिल नहीं किए गए हैं। भारत की जो ऑलटाइम प्लेइंग इलेवन में चुनी गई है, उसमें पहला नाम टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा का ही है। रोहित शर्मा अब तक भारत के लिए 142 टी20 मैच खेल चुके हैं और उनके नाम 3737 रन हैं।

## शुरुआती गलतियों से मैच हारे : डेनरबी

भुवनेश्वर, 12 अक्टूबर। भारतीय महिला अंडर-17 फुटबॉल टीम के मुख्य कोच थॉमस डेनरबी ने फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 2022 में अपने पहले मैच में अमेरिका (8-0) से हारने के बाद स्वीकार किया कि मैच की शुरुआती गलतियां उनकी हार का कारण बनीं। डेनरबी ने कहा, मेरा मानना है कि लड़कियां विरोधियों के सामने कुछ ज्यादा ही दबाव में थीं। यह उनका पहला विश्व कप मैच था। वे दबाव को नहीं संभाल सकीं। इस स्तर पर और ऐसे प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ भावनाओं को नियंत्रित करना बहुत कठिन है। खिताब के आकांक्षी अमेरिका ने मंगलवार रात यहां कलिंग स्टेडियम में भारत को 8-0 से हराया।

# डिस्कस थ्रोअर एथलीट कमलप्रीत पर डोपिंग के कारण 3 साल का प्रतिबंध



लुसाने, 12 अक्टूबर। भारतीय डिस्कस-थ्रो खिलाड़ी कमलप्रीत कौर पर डोपिंग के आरोप में तीन साल का प्रतिबंध लगाया गया है। एथलेटिक्स अखंडता इकाई ने बुधवार को यह जानकारी दी। एआईयू ने ट्वीट किया, एआईयू ने भारत की कमलप्रीत कौर को 29 मार्च 2022 से प्रतिबंधित पदार्थ (स्टेनोजोलोल) की उपस्थिति/उपयोग के लिए तीन साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है।

इस प्रतिबंध के कारण सात मार्च के बाद के कमलप्रीत के सभी परिणाम अमान्य हो गये हैं। अखंडता इकाई ने टोक्यो ओलंपिक में छठे स्थान पर रही कमलप्रीत की प्रतिबंध अवधि में एक वर्ष की कमी की क्योंकि उन्होंने इस प्रतिबंध को स्वीकार किया है। एआईयू ने कहा कि नियम 10.8.1 के अनुसार, डोपिंग रोधी नियम (एडीआर) में प्रावधान है कि संभावित रूप से चार साल की अपात्रता की अवधि के अधीन एक एथलीट प्रतिबंध की स्वीकृति के आधार पर अपात्रता की अवधि में एक साल की कमी से लाभान्वित हो सकता है।

# ग्रामीण ओलंपिक खेलों की राज्य स्तरीय विजेता टीमों को एटलेंचर स्पोर्ट्स सम्मानित करेगी

जयपुर, 12 अक्टूबर। राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों के राज्य स्तरीय विजेता व उपविजेता टीमों को एटलेंचर स्पोर्ट्स करेगी सम्मानित, कुल 720000 बतौर पुरस्कार राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद अध्यक्ष कृष्णा पूनियां द्वारा राजस्थान में आयोजित हो रहे राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों के अवसर पर 16 से 19 अक्टूबर को सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कार राशि के बतौर एटलेंचर स्पोर्ट्स द्वारा 720000 देकर सम्मानित किया जाएगा।




राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद अध्यक्ष कृष्णा पूनिया ने बताया कि जिस तरह ग्रामीण ओलंपिक खेलों को बढ़ावा देने व प्रतिस्पर्धा को और मजबूत करने के लिए एटलेंचर स्पोर्ट्स ने जो कदम उठाया है, वह बेहद काबिले तारीफ है। एटलेंचर स्पोर्ट्स द्वारा यह बहुत ही अनोखी पहल है जिसका हम स्वागत करते हैं। जिस तरह राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों की वजह से पूरे प्रदेश में सांप्रदायिक सौहार्द, भाईचारा व लोगों का खेलों के प्रति जो प्रेम बढ़ा है, हम चाहेंगे कि इसी क्रम में खिलाड़ियों को सम्मानित करने, उनको आर्थिक रूप से सपोर्ट करने और प्रोत्साहित करने के लिए इसी तरह राज्य बाकी व्यापारिक प्रतिष्ठान भी आगे आएं और खिलाड़ियों को सपोर्ट करें।

इसी अवसर पर एटलेंचर स्पोर्ट्स के फाउंडर व सीईओ शुभम चौधरी ने बताया की एटलेंचर स्पोर्ट्स प्रदेश में खेलों के प्रोफेशनल प्लेटफॉर्म खडे करके, प्रदेश के खिलाड़ियों के लिए करिअर के विभिन्न अवसर प्रदान करने और खेलों के जमीनी स्तर पर डेवलपमेंट के लिए हमेशा तत्पर है, कटिबद्ध है। राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों के विजेता व उपविजेता टीमों को दी जाने वाली यह पुरस्कार राशि प्रदेश के तमाम खेल प्रेमियों व अन्य खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धा लाने का काम करेगी। खेलों के इस महाकुंभ की वजह से संपूर्ण प्रदेश में आज जो बच्चों, युवाओं व बड़े बुजुर्गों में खेलों के प्रति जो आकर्षण बढ़ा है, वो अतुलनीय, अविश्वसनीय है।

एटलेंचर स्पोर्ट्स के को-फाउंडर लविश चौधरी ने कहा कि जिस तरह से राज्य सरकार व राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद ने मिलकर देश का सबसे बड़ा और ऐतिहासिक खेल महाकुंभ आयोजित किया है। उसी तरह प्रदेश के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने, छात्रवृत्ति प्रदान करने, खेल संबंधी उपकरण प्रदान करने व राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय मंच तक खेलने के अवसर प्रदान करने हेतु राज्य के सभी खेल संघों व क्रीड़ा परिषद के साथ मिलकर एटलेंचर स्पोर्टस हमेशा तत्पर है।

इस अवसर पर राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के मुख्य खेल अधिकारी श्री वीरेंद्र पूनिया जी, एटलेंचर स्पोर्ट्स को-फाउंडर नवीन चौधरी, वाइस प्रेसिडेंट जश्नप्रीत कौर, गुंजन सोलंकी, स्वाति बंसल, पूनम मिश्रा, योगेश महला व अन्य लोग मौजूद रहे।



*बोलीविया की विख्यात ''डैथ रोड'' अब वन्य जीवों के लिए स्वर्ग बन गई है। बेहद संकड़ी और खतरनाक यह सड़क एक समय ला पाज़ से उत्तर सैन्ट्रल बोलीविया के युगास क्षेत्र जाने का एक मात्र रास्ता था और इस पर हर साल 300 से ज्यादा जानें जाती थीं। तथापि, वाइल्डलाइफ कंज़र्वेशन सोसायटी (डब्ल्यु.सी.एस.) के शोध के अनुसार, 2007 में जब से नई और ज्यादा सुरक्षित सड़क बनी है तब से इस सड़क पर ट्रैफिक 90 प्रतिशत तक कम हो गया है जिसके परिणामस्वरूप वन्य जीवन यहाँ फल-फूल रहा है। वैज्ञानिकों ने 2016 में इस 12 किलोमीटर लम्बी सड़क पर तथा, समीपवर्ती कोटापाटा नैशनल पार्क और नैचुरल इंटीग्रेटेड मैनेजमैंट एरिया में कैमरा ट्रैप लगाए, जिनमें ड्वॉर्फ ब्रॉकैट डियर, माउन्टेन पाका, ऑनसिला कैट और एण्डिअन बिअर देखे गए। एण्डिअन बिअर व ड्वॉर्फ ब्रॉकैट डियर की फुटेज देखकर वैज्ञानिक हैरान थे, क्योंकि ये दोनों ही शर्मीले जानवर हैं और उन जगहों से दूर रहते हैं जहां इंसानी गतिविधि हो। डब्ल्यु. सी. एस. के साइन्टिफिक रिसर्च कोऑर्डिनेटर तथा शोध के मुख्य लेखक ग्वीडो आयला ने बताया कि, कैमरों के डेटा से पता चलता है कि वन्य जीव इस क्षेत्र में लौट आएं हैं, क्योंकि यहां ट्रैफिक बहुत कम हो गया है और इंसान भी ज्यादा नहीं दिखाई देते हैं। आयला ने कहा, जब ''डैथ रोड'' का बहुत ज्यादा इस्तेमाल होता था तब ध्वनि प्रदूषण, सड़क हादसे और पालतू जानवरों का व्यापार वन्य जीवों के लिए प्रमुख खतरे थे। शोध में शामिल मारिया विस्कारा ने कहा, जब इस सड़क का इस्तेमाल हो रहा था तब यहां का वन्यजीवन वाहनों से पैदा होने वाले ध्वनि प्रदूषण और धूल से बहुत ज्यादा प्रभावित था। आयला ने कहा, अब ये सब खतरे बहुत कम हो गए हैं तो वन्यजीवों की दशा भी सुधरी है, अब ना तो जानवरों के सड़क हादसे में मरने की खबरें ज्यादा आती हैं ना ही पालतू बनाने के लिए जानवर पकड़ने की। वर्तमान में सबसे बड़ा खतरा कोका की खेती के लिए आग लगाकर जंगल नष्ट करने से है। कोका की पत्तियों का दवाओं में इस्तेमाल होता है और इससे ही कोकीन बनाई जाती है। इसमें भारी मुनाफा है और इसकी खेती के लिए जंगल में आग लगाकर जमीन साफ की जा रही है।*

# खुद का बचाव करने दिल्ली पहुंचे धारीवाल, जोशी और राठौड़

## हालांकि पार्टी आलाकमान सहित प्रमुख नेता दिल्ली से बाहर हैं, ऐसे में अभी किसी बड़े नेता से मुलाकात नहीं हो पाई है

- **प्रभारी अजय माकन के खिलाफ यह नेता खुलकर बयानबाजी कर चुके हैं, अतः इन तीनों की माकन से मुलाकात संभव नहीं लगती।**

जयपुर, 12 अक्टूबर (का.प्र.)। राजस्थान के प्रभारी महासचिव अजय माकन और पर्यवेक्षक मलिकार्जुन खड़गे की ओर से मुख्यमंत्री आवास पर 25 सितंबर को बुलाई गई विधायक दल की बैठक के समानांतर संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल के घर बुलाई गई विधायक दल की बैठक जिसमें पार्टी आलाकमान के खिलाफ भाषण दिए जाने की वजह से मिले कारण बताओ नोटिस का जवाब देने मंत्री शांति धारीवाल, महेश जोशी और धर्मेंद्र राठौड़ दिल्ली पहुंच गए हैं। हालांकि बुधवार को ये नेता दिल्ली में रहे लेकिन आलाकमान के साथ इनकी कोई मुलाकात नहीं हो पाई।

इधर महेश जोशी के कारण बताओ नोटिस पर भेजे गए जवाब तथा उनकी ओर से खुद को पार्टी का अनुशासित सिपाही बताए जाने पर कांग्रेस विधायक दिव्या मदेरणा ने निशाना साधते हुए कहा है कि "लेकिन फिर स्वयं क्यों नहीं गए मुख्यमंत्री निवास विधायक दल की मीटिंग में ? खुद इस्तीफ़ा देने क्यों गए विधानसभा अध्यक्ष के निवास? वो स्वयं अगर मीटिंग में जाते तो अन्य विधायक भी प्रेरणा लेते उनसे आख़िरकार मुख्य सचेतक है पार्टी के?

तीनों नेताओं पर समानांतर विधायक दल की बैठक बुलाए जाने का आरोप हैं। शांति धारीवाल ने जहां विधायक दल की समानान्तर बैठक का इंतजाम अपने निवास पर किया, वहीं मुख्य सचेतक होने के नाते महेश जोशी ने विधायकों को फोन करके धारीवाल के निवास पर आने को कहा। वहीं बस बुलाने के साथ ही बैठक की कुछ व्यवस्थाएं आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ ने की और वे विधायक नहीं होने के बावजूद भी पूरी बैठक में मौजूद रहे। इतना ही नहीं धारीवाल ने इस बैठक में आलाकमान के खिलाफ भाषण भी दिया जिसका वीडियो वायरल हुआ।

इन तीनों को प्रभारी अजय माकन और पर्यवेक्षक मल्लिकार्जुन खड़गे की रिपोर्ट के आधार पर अनुशासन समिति के सदस्य तारिक अनवर की ओर से कारण बताओ नोटिस दिया गया है, जिसका जवाब 10 दिन में देना था।

यहां एक और मजेदार बात यह भी रही कि एक ओर तो समानांतर बैठक बुलाई गई और उसमें भाषण दिए गए। वहीं बैठक के बाद सभी विधायकों को एक बस में ले जाकर ले जाकर विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) डॉ. सी.पी. जोशी के पास इस्तीफे दिलवाए गए और बाद में प्रभारी अजय माकन के खिलाफ खुलकर बयान भी दिए गए।

धारीवाल और राठौड़ ने तो तय समय पर जवाब दे दिया था, लेकिन महेश जोशी का कहना था कि उन्हें नोटिस देरी से मिला है, इसलिए उन्होंने तय समय 6 अक्टूबर के 5 दिन बाद अपना जवाब दिया है।

जैसे ही तीनों नेताओं ने जवाब देने में अगले दिन ही धारीवाल, जोशी और राठौड़ दिल्ली चले गए। बताया जाता है कि कारण बताओ नोटिस का जवाब देने के बावजूद वे खुद अपने स्तर पर पार्टी आलाकमान और वरिष्ठ नेताओं से मिलकर अपना पक्ष रखना चाहते हैं।

अनुशासन समिति के सदस्य तारिक अनवर का कहना है कि पार्टी के राजस्थान प्रभारी और पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। इन सभी के जवाब का अध्ययन किया जाएगा और उसके बाद क्या कार्यवाही होती है, इस पर निर्णय होगा। बताया जाता है कि अभी सोनिया गांधी और प्रियंका शिमला में हैं।

पार्टी के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल राहुल गांधी के साथ भारत जोड़ो यात्रा पर हैं और राजस्थान में पर्यवेक्षक बनकर आए मल्लिकार्जुन खड़गे पार्टी अध्यक्ष पद के प्रत्याशी होने की वजह से वे चुनावी दौरे पर हैं और वे अलग-अलग राज्यों का दौरा कर रहे हैं।

इसलिए इन तीनों की मुलाकात इन नेताओं से होना फिलहाल संभव नजर नहीं आता, लेकिन यह तीनों नेता अनुशासन समिति के सदस्यों से मिलकर अपनी बात कह सकते हैं। वही प्रभारी महासचिव अजय माकन से मिलने की जहां तक बात है तो इन नेताओं ने अजय माकन के खिलाफ खुलकर सार्वजनिक बयानबाजी की थी तो माकन से इनकी मुलाकात संभव नहीं लगती। इन तीनों नेताओं पर पार्टी कार्यवाही करती है या इन्हें माफी मिलती है, यह 19 अक्टूबर के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा, क्योंकि तब तक पार्टी के तमाम नेता अध्यक्ष पद के चुनाव में व्यस्त रहने वाले हैं।

# सऊदी अरब का झुकाव रूस की ओर बढ़ता देख अमेरिका आशंकित हुआ

## अमेरिका ने ऐलान किया है कि, राष्ट्रपति जो बाइडन सऊदी अरब के साथ रिश्तों की समीक्षा करेंगे

- **सऊदी अरब सहित ओपेक संगठन में शामिल 13 देशों और रूस के नेतृत्व वाले उसके 10 सहयोगी देशों ने बीते सप्ताह एक ऐसा फैसला लिया था, जिससे वाइट हाउस का पारा बढ़ गया था।**
- **दरअसल, इन देशों ने फैसला लिया था कि, नवंबर से वे तेल के उत्पादन में प्रतिदिन 2 मिलियन बैरल की कटौती करेंगे।**

नई दिल्ली, 12 अक्टूबर। अमेरिका और सऊदी अरब के बीच बीते कुछ सालों में अच्छे रिश्ते रहे हैं, लेकिन अब दोनों के बीच दरार आती दिख रही है। अमेरिका ने ऐलान किया है कि, राष्ट्रपति जो बाइडन सऊदी अरब के साथ रिश्तों की समीक्षा करेंगे। तेल उत्पादक देशों के संगठन ओपेक के हिस्से सऊदी अरब ने रूस का समर्थन करते हुए उत्पादन में कमी का ऐलान किया था। इसके चलते अमेरिका उससे नाराज हो गया है। ओपेक में शामिल 13 देशों और रूस के नेतृत्व वाले उसके 10 सहयोगी देशों ने बीते सप्ताह अपने एक फैसले से वाइट हाउस का पारा बढ़ा दिया था। दरअसल इन देशों ने फैसला लिया था कि नवंबर से वे तेल के उत्पादन में प्रतिदिन 2 मिलियन बैरल की कमी करेंगे।

इससे दुनिया भर में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने की आशंका जताई जा रही है। अब अमेरिका के नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा है, मुझे लगता है कि राष्ट्रपति जो बाइडन इस बात को लेकर एकदम स्पष्ट हैं कि सऊदी अरब के साथ अपने रिश्तों की एक बार समीक्षा करनी होगी। किर्बी ने कहा कि निश्चित तौर पर ओपेक देशों के फैसले के चलते यह स्थिति पैदा हुई है। सऊदी अरब के रूस के साथ जाने से अमेरिका को करारा झटका लगा है, जो उसे अब तक अपने पाले में मानकर चल रहा था।

जो बाइडन ने इसी साल जुलाई में सऊदी अरब का दौरान किया था। इस दौरान वह क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से भी मिले थे। पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या के बाद दोनों देशों के बीच रिश्ते फिर से बेहतर होने के संकेत इस यात्रा से मिले थे।

अमेरिका की आंतरिक राजनीति के लिहाज से भी यह बाइडन के लिए झटके जैसा है। अमेरिका में नवंबर में मध्यावधि चुनाव होने वाले हैं, उससे पहले महंगाई और बेरोजगारी को लेकर पहले ही विपक्ष की ओर से मुद्दा बनाया जा रहा है। वहीं अमेरिका की नाराजगी के बीच सऊदी अरब ने सफाई भी दी है। ओपेक के फैसले को लेकर सऊदी अरब ने कहा कि हमने तेल मार्केट में स्थिरता बनाए रखने के लिए यह फैसला लिया है।

मंगलवार को सऊदी विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान ने अल-अरबिया चैनल से बातचीत में कहा था कि यह फैसला पूरी तरह से आर्थिक मामला है। लेकिन सऊदी अरब की यह सफाई भी अमेरिका के गले नहीं उतरी है। इसके बाद भी उसकी ओर से ऐलान किया गया है कि सऊदी अरब के साथ रिश्तों की समीक्षा की जाएगी। इस बीच अमेरिकी सीनेट की विदेश मामलों की समिति के मुखिया बॉब मेनेंडेज ने तो साफ तौर पर कहा कि अमेरिका को सऊदी अरब के साथ सभी सहयोग समाप्त कर देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सऊदी अरब के फैसले से पूरी दुनिया की इकॉनमी प्रभावित हो सकती है। उसने यह फैसला लेते हुए रूस की ओर से यूक्रेन पर खूंखार हमले की बात को नजरअंदाज किया है।

### धतूरे की ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

राजस्थान में पूर्व में मिलने वाली चारों प्रजातियों के फूल का आंतरिक गला सफेद या गंदला सफेद होता है, लेकिन नई प्रजाति के फूल का गले वाला भाग गुलाबी- जामुनी है। यह प्रजाति जालौर जिले में जाबिया, सुंधामाता, पूरन, राजपुरा, दांतलावास, कटोला की ढाणी, भीनमाल में देखी गई। इस प्रजाति को जैसलमेर शहर में भी उगते देखा गया है।

राजस्थान में इस प्रजाति का धतूरा लगभग 60 सेमी ऊँचाई में बढ़ता देखा गया है, जो कई जगह, खासकर जैसलमेर शहर में तो निरंतर एक सघन पैच अर्थात झुण्ड में दिखाई दिए हैं। इस प्रजाति में फूल 16 से 18 सेंटीमीटर लंबा होता है जो बाहर से सफेद होता है लेकिन अंदर गले में गुलाबी -बैंगनी धब्बा होता है।

यह पौधा मूल रूप से उत्तरी अमेरिका, मैक्सिको तथा करीबिअन द्वीप का निवासी है। मिस्र में इसकी दवा के लिए खेती की जाती है। प्रथम बार इसे 1833 में भारत में बर्नहार्डी नामक वैज्ञानिक ने देखा था। इस प्रजाति सहित अब राजस्थान में धतूरे की 5 प्रजातियां ज्ञात हो गई हैं। इस महत्वपूर्ण खोज को हाल ही में अनुसंधान जर्नल "इंडियन जर्नल ऑफ एनवायरमैंटल साइंस" ने अपने 26 वें अक में प्रकाशित किया है।

# रसोई गैस कंपनियों को 22 हजार करोड़ रू. का अनुदान दिया केन्द्र सरकार ने

- **सरकार का कहना है कि, बीते दो सालों में ग्लोबल मार्केट में गैस की कीमत में 300 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने से कंपनियों को काफी नुकसान हुआ है, इस अनुदान से उनके घाटे की भरपाई होगी**

नयी दिल्ली 12 अक्टूबर (वार्ता)। सरकार ने पिछले दो वर्षों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पिछले दो वर्षों में एलपीजी की कीमतों में 300 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने के कारण घरेलू स्तर पर रसोई गैस वितरण करने वाली कंपनियों को हुये नुकसान की भरपाई के लिए आज 22 हजार करोड़ रुपये के अनुदान को मंजूरी प्रदान कर दी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुयी मंत्रिमंडल की बैठक में पेट्रोलियम मंत्रालय के इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार रसोई गैस वितरण करने वाली सरकारी कंपनियों इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड और हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन के लिए यह राशि स्वीकृत की गयी है। इन कंपनियों को यह एक बार ही अनुदान दिया जा रहा है।

यह अनुदान जून 2020 से लेकर जून 2022 तक के लिए है।

बयान में कहा गया है कि इस मंजूरी से इन कंपनियों को आत्मनिर्भर भारत अभियान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखने में मदद मिलेगी। इससे घरेलू एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित होगी और मेक इन इंडिया उत्पादों की खरीद का समर्थन भी होगा।

घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों जैसे आईओसीएल, बीपीसीएल, एचपीसीएल द्वारा उपभोक्ताओं को विनियमित कीमतों पर की जाती है।

जून 2020 से जून 2022 तक एलपीजी की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में लगभग 300 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। हालांकि, उपभोक्ताओं को अंतरराष्ट्रीय एलपीजी कीमतों में उतार-चढ़ाव से बचाने के लिए, घरेलू एलपीजी के उपभोक्ताओं पर इस लागत वृद्धि को पूरी तरह से लागू नहीं किया गया था। ऐसे में इस अवधि के दौरान घरेलू एलपीजी की कीमतों में सिर्फ 72 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इससे इन कंपनियों को काफी नुकसान हुआ है। इन नुकसानों के बावजूद तीनों कंपनियों ने देश में इस आवश्यक खाना पकाने के ईंधन की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की है।

# बड़े थर्मल पावर प्लान्ट...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

2.8 रुपये प्रति यूनिट मिल रही है, जबकि आई.ओ.सी. तथा अन्य 107 याचिकाकर्ता से डिस्कॉम को 3.6 रुपये प्रति यूनिट का खर्चा करना पड़ता था। नियामक आयोग ने सभी 108 पार्टियों से 3.14 रुपये प्रति यूनिट बिजली खरीदने का प्रस्ताव दिया था क्योंकि यह उनकी पूल रेट के तहत वाजिब बताया जा रहा था लेकिन जिस पर सहमति नहीं होने से सभी पार्टियों ने स्वीकार करने से इंकार कर दिया गया था।

गौर फरमाने योग्य है कि याचिकाकर्ताओं का कहना है कि डिस्कॉम द्वारा दी गई दर पर आर्थिक दृष्टि से लाभ तो दूर, उल्टे यह प्रोजेक्ट बंद हो जायेगा।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि इस मामले में राज्य सरकार ने सुनवाई के दौरान कहा था कि वह आर.ई.सी. स्कीम के तहत पवन ऊर्जा में निवेश करने वाली कंपनियों को 2.44 रुपये प्रति यूनिट की दर पर बिजली बनाने के लिये मुआवजा देगी और सौर ऊर्जा बनाने वाली कंपनियों को 2.24 रुपये प्रति यूनिट की दर पर मुआवजा देगी।

आज सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता आर.एन. माथुर ने कहा कि इस रिट याचिका की सुनवाई के दौरान ही सरकार ने अपनी नीति को स्वयं ही बदल लिया है जो कि गलत है उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को इलेक्ट्रीसिटी एक्ट 2003 के तहत रिन्युएबल एनर्जी के तहत निवेश को प्रोत्साहन देना चाहिये ना कि खत्म करना चाहिये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार यह छुपा रही है कि वह "ब्राऊन एनर्जी" यानी प्रदूषण फैलाने वाली थर्मल पावर प्लांट इकाइयों से काफी महंगे दर पर बिजली खरीद रही है, जिसकी पिछले साल पूल रेट 5 रु. से कहीं ज्यादा थी। उन्होंने कहा कि अगर राज्य सरकार को ग्रीन एनर्जी सस्ते दामों पर मिल रही है वहीं यह भी सच है कि 75 प्रतिशत बिजली खर्च थर्मल पावर से बनी बिजली का होता है, उन्होंने कहा नियामक आयोग ने पूल रेट में थर्मल पावर से बनी बिजली की रेट को नहीं जोड़ा है, जो वर्तमान में आर.ई.सी. स्कीम वाले प्रोजेक्ट्स से कहीं ज्यादा है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आर.ई.सी. प्रोजेक्टों को बंद इसलिये करना चाहती है क्योंकि वह थर्मल पावर प्लांट्स को बंद नहीं करना चाहती और इन थर्मल पावर प्लांट्स से जुड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाना चाहती है।

### केरल में दो...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

भी शामिल थी। जून में पहली बलि के बाद, दंपति ने जब कोई वित्तीय सुधार नहीं देखा और शफी के पास गया और फिर शफी ने उनको दूसरी बलि लेने के लिए तैयार किया।

### 'नई बोतल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

नोबेल पुरस्कार में बताया गया है कि वे तथ्य सुविज्ञ हैं, लेकिन इन तीनों अर्थशास्त्रियों ने बैंकों के कामकाज के इन पहलुओं का औपचारिक परीक्षण किया है। इनमें से दो अर्थशास्त्रियों ने तो और आगे बढ़कर बैंकिंग के इन पहलुओं को गणित से सूत्रबद्ध भी किया है। उन्होंने खासतौर पर बैंक के निर्बाध संचालन के तथ्य बताए हैं।

बैंकों की उपयोगिता को समझने के लिए किसी को ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं है।

एक स्थिति पर विचार कीजिए जिसमें एक भी बैंक ना हो। ऐसी अद्भूत दुनिया में ना हो। ऐसी अद्भूत दुनिया में पैसे बचाकर रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अपनी बचत को जमा कराने की जगह ढूंढनी पड़ेगी।

इसी प्रकार, प्रत्येक प्रोजैक्ट का व्यापारिक प्रतिष्ठान को ऐसे व्यक्ति की पहचान करनी होगी जिसके पास पर्याप्त मात्रा में सरप्लस धन हो और उनके काम आ सके।

# बाढ़ राहत के पैसे व सहायता सामग्री आम लोगों तक नहीं पहुंची?

## अमेरिका ने पाकिस्तान सरकार के प्रति नाराजगी जताते हुए कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है

- **अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा कि, अमेरिका यह सुनिश्चित करने के लिए जांच करेगा कि, उसकी सहायता राशि प्रभावित लोगों तक पहुंची अथवा नहीं।**

इस्लामाबाद, 12 अक्टूबर। पाकिस्तान की एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारी बेइज्जती हुई है। इस बार यह बेइज्जती अमेरिका ने की है। अब इस बार पाकिस्तान अपनी बेइज्जती बाढ़ के लिए अमेरिका के तरफ से दिए गए रुपयों को लेकर करा रहा है। पाकिस्तान पर आरोप है कि वह बाढ़ राहत सामग्री और पैसे प्रभावित लोगों तक नहीं पहुंचा रहा है। अमेरिका द्वारा भेजी गई सहायता राशि पाकिस्तान में भ्रष्टाचार और लूट का निवाला बन रही हैं। अमेरिका ने इस पर नाराजगी जताते हुए कड़ी कार्रवाई की बात कही है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा कि अमेरिका यह सुनिश्चित करने के लिए जांच करेगा कि उसकी सहायता राशि प्रभावित लोगों तक पहुंची की नहीं।

पाकिस्तान के लिए जून में आफत बन कर आई बारिश की वजह से भीषण बाढ़ आ गयी। बाढ़ में 1700 से भी अधिक लोग मारे गए। वहीं बाढ़ की वजह से 3.30 करोड़ लोग अपना घर छोड़ने को मजबूर हो गए और देश का लगभग एक तिहाई हिस्सा बाढ़ के पानी से डूब गया। पाकिस्तान के लिए अमेरिका एक बार फिर से मसीहा बन कर खड़ा हुआ और पाकिस्तान को इस संकट से उबरने के लिए राहत सहायता भेजी।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अनुसार अमेरिका ने इस वर्ष पाकिस्तान को बाढ़ राहत और मानवीय सहायता के रूप में लगभग 5.65 करोड़ अमेरिकी डॉलर और खाद्य सुरक्षा सहायता के तौर अतिरिक्त एक करोड़ अमेरिकी डॉलर प्रदान किए हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, सितंबर में पाकिस्तान और संयुक्त राष्ट्र ने बाढ़ को लेकर एक पहल शुरू की थी, जिसके तहत 15 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाने का प्रयास किया गया। हालांकि इसमें से केवल 3.85 करोड़ डॉलर की सहायता ही हासिल हो पाई।

### रेलवे ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मैन, मंत्रालयिक कर्मचारी और ग्रुप "सी" का अन्य स्टाफ शामिल है। इससे रेलवे पर 1832.09 करोड़ रूपयों का अतिरिक्त भार पड़ेगा। कोविड-19 के बाद की चुनौतियों के कारण उपजी विपरीत वित्तीय स्थिति के बावजूद यह निर्णय लिया गया। प्रोडक्शन लिंक्ड बोनस (पी.एल.बी.) में काउंट किए गए दिन परिभाषित फार्मूले के आधार पर कार्य दिनों से अधिक हैं।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने पत्रकारों को कैबिनेट के निर्णयों की ब्रीफिंग के दौरान बताया कि पी.एल.बी. एक इन्सैन्टिव है जो कर्मचारियों को रेलवे के प्रदर्शन में सुधार के लिए प्रोत्साहित करता है।

# मोहन भागवत को राष्ट्रपिता बताने वाले इमाम को वाय प्लस सिक्योरिटी मिली

## मोहन भागवत से मुलाकात के बाद से इमाम डॉ. उमर अहमद इलियासी को लगातार धमकियां मिल रही थीं

- **हाल ही में डॉ. इलियासी ने कहा था कि, वो अपने दिए गये बयान पर कायम हैं। उन्होंने मोहन भागवत को राष्ट्र ऋर्षि और राष्ट्रपिता कहा था। डॉ. उमर अहमद इलियासी और मोहन भागवत की मुलाकात 22 सितंबर को दिल्ली में हुई थी।**

नई दिल्ली, 12 अक्टूबर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत को राष्ट्रपिता बताने वाले ऑल इंडिया इमाम संगठन के चीफ डॉ. उमर अहमद इलियासी को वाई प्लस कैटेगरी की सुरक्षा दी गई है। उन्होंने हाल ही में आर.एस.एस. के प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात की थी। इस दौरान इलियासी ने मोहन भागवत को राष्ट्रपिता बताया था। मोहन भागवत से मुलाकात के बाद से डॉ. उमर अहमद इलियासी को लगातार धमकियां मिल रही थीं। इसे देखते हुए केंद्र सरकार ने उन्हें वाई-प्लस सुरक्षा प्रदान की है।

हाल ही में डॉ. इलियासी ने कहा था कि वो अपने दिए बयान पर कायम हैं। उन्होंने मोहन भागवत को राष्ट्र ऋषि और राष्ट्रपिता कहा था। डॉ.उमर अहमद इलियासी और मोहन भागवत की मुलाकात 22 सितंबर को दिल्ली में हुई थी, तब भागवत उनसे मिलने के लिए कस्तूरबा गांधी मार्ग स्थित मस्जिद पहुंचे थे। इलियासी के बयान की कई मुस्लिम संगठनों ने आलोचना की थी और उन्हें समाज से बहिष्कृत करने की धमकी दी गई। इलियासी के संगठन में भी बयान के बाद से बवाल मचा।

गौरतलब है कि जब आर.एस.एस. प्रमुख मोहन भागवत, डॉ.उमर अहमद इलियासी से मुलाकात करने गए थे, तो उनके साथ संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी कृष्ण गोपाल, राम लाल और इंद्रेश कुमार थे। राम लाल पहले बीजेपी के संगठनात्मक सचिव थे, जबकि कुमार मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के संरक्षक हैं। बैठक की जानकारियां शेयर करते हुए अहमद इलियासी के भाई सुहैब इलियासी ने कहा था, "यह काफी अच्छी बात है कि भागवत हमारे पिता की पुण्यतिथि पर हमारे निमंत्रण पर आए। इससे देश में अच्छा संदेश भी गया है।"

आर.एस.एस. प्रमुख साम्प्रदायिक सौहार्द्र को मजबूत करने के लिए मुस्लिम बुद्धिजीवियों के साथ चर्चा की थी।

उन्होंने हाल में दिल्ली के पूर्व उपराज्यपाल नजीब जंग, पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस वाई कुरैशी, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल जमीरउद्दीन शाह, पूर्व सांसद शाहिद सिद्दीकी और कारोबारी सईद शेरवानी से मुलाकात की थी। इस मुलाकात में भागवत ने हिंदुओं के लिए काफिर शब्द के इस्तेमाल के मुद्दे को उठाया था और कहा था कि इससे अच्छा संदेश नहीं जाता है।

वहीं, मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने कुछ दक्षिणपंथी संगठनों की ओर से मुसलमानों को जिहादी और पाकिस्तानी बताए जाने पर आपत्ति जताई थी। मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने भागवत को यह भी बताया था कि काफिर शब्द के इस्तेमाल के पीछे मकसद कुछ और है, लेकिन कुछ वर्गों में अब इसे अपशब्द के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। आरएसएस प्रमुख ने बुद्धिजीवियों की चिंताओं को समझते हुए कहा था कि सभी हिंदुओं और मुसलमानों का डीएनए एक ही है।

### कश्मीर के...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

करने की कोशिश की है। इस मुहिम को विफल कर देना चाहिए क्योंकि चाहे कश्मीरी हों या डोगरा, हमारे अधिकारों और पहचान की रक्षा तभी होगी, जब हम एक होकर लड़ें।" यहां तक कि कांग्रेस के पूर्व नेता गुलाम नबी आज़ाद ने भी, जिन्होंने हाल ही अपनी नई पार्टी बनाई है, यह कहते हुए इस कदम की आलोचना की है कि जो लोग इस क्षेत्र के नहीं हैं, उन्हें जम्मू में अपने वोट नहीं देने चाहिए। आज़ाद ने कहा कि "प्रवासी मजदूर एक सिस्टम के अन्तर्गत अपने-अपने राज्यों से बंद लिफाफों में वोट दे सकते हैं।"

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908